सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
09.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 146



12 सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण बनेंगी लेडी सिंघम

## न्यूज डायरी

### गोला गोलीकांड में ममता दोषी करार

**हजारीबाग।** रामगढ़ के गोला थाना अंतर्गत 2016 में हुए बहुचर्चित गोलीकांड में रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित 13 अभियुक्तों को हजारीबाग कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर 12 दिसंबर को कोर्ट में सुनवाई होगी। इधर, हजारीबाग कोर्ट ने विधायक ममता देवी और उनके साथ अन्य दोषियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सरकार की तरफ से मुकदमे की पैरवी अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने की है। अगर कोर्ट तीन साल या उससे अधिक की सजा सुनाता है, तो उनकी विधायक की खतरे में पड़ जायेगी।

(विस्तृत खबर पेज 2)

### झारखंड की छात्रा को 83.38 लाख का पैकेज

**रांची।** रांची निवासी इंजीनियरिंग की छात्रा चार्मी आशीष मेहता को आस्ट्रेलिया की एटलासियन कंपनी ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में 83 .38 लाख रुपये का पैकेज दिया है। यह ट्रिपल आइटी के इतिहास में सबसे बड़ा पैकेज है। चार्मी की इस सफलता पर संस्थान के निदेशक प्रो विष्णु प्रिये बेहद प्रसन्न हैं।

### लातेहार में टीएसपीसी का एरिया कमांडर धराया

**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए टीएसपीसी संगठन के एरिया कमांडर राजू यादव उर्फ राजू (पिता स्व. शंकर यादव) को पकड़ने में कामयाब रही। लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी।

गढ़वा से खतियानी जोहार यात्रा का आगाज, बोले हेमंत

# गरीबों का उत्थान करना सरकार की प्राथमिकता

- सीएम ने कहा, लोक कल्याण को प्रतिबद्ध है गठबंधन सरकार
- केंद्र पर बोला हमला गलत नीतियों के कारण महंगाई बेलगाम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को खतियानी जोहार यात्रा का आगाज गढ़वा जिला से किया। श्री सोरेन जिला परिभ्रमण के दौरान आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। उन्होंने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा राज्य सरकार की ओर से हरसंभव उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक कल्याण के लिए गठबंधन सरकार प्रतिबद्ध है। गरीबों के उत्थान के लिए उनकी सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ने वाली है। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गलत नीतियों के कारण महंगाई बेलगाम हो गयी है। झारखंड के साथ केंद्र का सौतेलापन अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। केंद्र को झारखंड के बकाये का भुगतान करना ही होगा। इसके पहले आम जनता ने सीएम श्री सोरेन का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासंघ के सदस्यों और सहायिकाओं ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। वहीं, झारखंड खेल नीति के लिए गढ़वा के खिलाड़ियों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

जिला भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने टावर चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री ने टाउन हॉल परिसर में शहीद नीलांबर-पीतांबर की भव्य प्रतिमा के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, गढ़वा जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी, आयुक्त जटाशंकर चौधरी, डीआइजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# गुजरात में नमो नमो हिमाचल में कांग्रेस

## गुजरात में भाजपा की रिकॉर्ड जीत लगातार 7वीं बार लहराया भगवा

## हिमाचल प्रदेश में राज तो बदल गया, लेकिन रिवाज कायम

एजेंसी

**अहमदाबाद/शिमला।** गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिये गये। गुजरात विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लगातार सातवीं बार जीत हासिल की है। भाजपा ने 182 सीटों में से 156 सीट जीत कर राज्य विधानसभा चुनाव में अब तक सर्वाधिक सीटें जीतने का भी रिकॉर्ड बनाया है। 37 साल पहले 1985 में कांग्रेस ने माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में 149 सीटें जीती थीं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में राज्य में पहली बार आम आदमी पार्टी (आप) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है। आप ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, कांग्रेस को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। इस चुनाव में कांग्रेस 17 पर सिमट गयी है। स्वतंत्र उम्मीदवारों सहित अन्य को चार सीटें मिली हैं। गुजरात में भाजपा की पिछले 27 सालों से सत्ता में बनी हुई है।

दूसरी ओर, हिमाचल प्रदेश में वर्ष 1990 से चले आ रहे सत्ता परिवर्तन के रिवाज को कायम रखते हुए मतदाताओं ने भाजपा के हाथ से सत्ता की चाबी खींचकर कांग्रेस को सौंप दी है। कांग्रेस ने कुल 68 सीटों की विधानसभा में 40 सीटें जीत कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। राज्य में सरकार बनाने के लिए बहुमत का जादुई आंकड़ा 35 है। भाजपा 25 सीटों पर सिमट गयी है। हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली है। स्वतंत्र प्रत्याशियों सहित अन्य को तीन सीटें मिली हैं। इधर, गुजरात में भाजपा के भूपेंद्र पटेल मंत्रिमंडल के 20 में से 19 मंत्री चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। समाजवादी पार्टी ने एक सीट पर जीत दर्ज की है।

(शेष पेज 11 पर)
(संबंधित खबरें पेज 12 पर)



**गुजरात (182/182)**

| पार्टी | जीत | घटत/बढ़त |
|---|---|---|
| भाजपा | 156 | +57 |
| कांग्रेस | 17 | -60 |
| आप | 05 | +05 |
| अन्य | 04 | -02 |

**हिमाचल (68/68)**

| पार्टी | जीत | घटत/बढ़त |
|---|---|---|
| भाजपा | 25 | -19 |
| कांग्रेस | 40 | +19 |
| आप | 00 | 00 |
| अन्य | 03 | 00 |



धन्यवाद गुजरात। अभूतपूर्व चुनाव परिणामों को देखकर मैं बहुत अधिक भावनाओं से अभिभूत हूं। लोगों ने विकास की राजनीति का आशीर्वाद दिया और साथ ही इच्छा व्यक्त की कि वे चाहते हैं कि यह गति और तेज गति से चलती रहे। मैं गुजरात की जनशक्ति को नमन करता हूं। मैं हिमाचल प्रदेश की जनता को भाजपा को मिले स्नेह और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हम आने वाले समय में राज्य की आकांक्षाओं को पूरा करने और लोगों के मुद्दों को उठाने के लिए काम करते रहेंगे।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्वीट**



हिमाचल प्रदेश की जनता को इस निर्णायक जीत के लिए दिल से धन्यवाद। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को हार्दिक बधाई। आपका परिश्रम और समर्पण इस विजय की शुभकामनाओं का असली हकदार है।

**राहुल गांधी का ट्वीट**



राहत की खबर


# अब पूरे राज्य में सामान्य हो जायेगी बिजली की आपूर्ति : जेबीवीएनएल

### गुरुवार को रांची को मिली फुल लोड बिजली, उपभोक्ताओं ने ली राहत की सांस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेबीवीएनएल निदेशक केके वर्मा की पहल का असर गुरुवार को देखने को राजधानी समेत पूरे राज्य में देखने को मिला। गुरुवार को रांची के तीनों ग्रिडों को फुल लोड बिजली मिली। हटिया ग्रिड को 110 मेगावाट, नामकुम ग्रिड को 105 मेगावाट और कांके ग्रिड को 30 मेगावाट बिजली मिली। पीक ऑवर में शाम को अन्य दिनों की तुलना में लोड शेडिंग और बिजली कटौती काफी कम हुई। श्री वर्मा ने बताया कि हमलोग सारे उपाए कर रहे हैं। अब पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति सामान्य हो जाएगी। जेबीवीएनएल ने लोन की प्रकिया शुरू कर दी है। बहुत जल्द ही बकाया क्लीयर कर दिया जाएगा। इसके बाद जरूरत के हिसाब से बिजली मिलनी शुरू हो जाएगी। अभी राज्य में 250 से 300 मेगावाट बिजली की कमी है। इस कारण राज्य में थोड़ी लोड शेडिंग चल रही है। बहुत जल्द सारी स्थिति सामान्य हो जाएगी।

वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद राजधानी रांची में निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर बिजली अफसर हरकत में आ गए हैं। जेबीवीएनएल के निदेशक केके वर्मा ने गुरुवार को रांची एरिया बोर्ड के जीएम पीके श्रीवास्तव और रांची एसई डीके सिंह के साथ बैठक की। उन्होंने रांची में आ रही बिजली आपूर्ति कठनाईयों को लेकर अफसरों के साथ चर्चा की। उन्होंने रांची में स्मार्ट मीटर लगाने, राजस्व उगाही की स्थिति और बिजली संकट को लेकर चर्चा की। श्री वर्मा ने कहा कि राजस्व हर हाल में बढ़ाएं, क्योंकि राजस्व के बिना बिजली खरीदी में काफी दिक्कतें आ रही हैं। इसे लेकर पूरी तरह अलर्ट रहें।



## लैंगिक हिंसा के खिलाफ नयी चेतना अभियान पर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक

# लिंग आधारित भेदभाव खत्म करने के लिए सामुदायिक भागीदारी जरूरी: प्रशांत कुमार

### 23 दिसम्बर तक लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ चलाया जा रहा है नयी चेतना अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार के सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें और लैंगिक हिंसा के खिलाफ नई चेतना अभियान को सफल बनाने में अपना शत प्रतिशत योगदान दें। उन्होंने अभियान की नियमित मॉनिटरिंग और लैंगिंक भेदभाव के खिलाफ एक अंतर्विभागीय राज्य समिति के गठन का निर्देश भी दिया। वह गुरुवार को एफएफपी बिल्डिंग सभागार में लैंगिक हिंसा के खिलाफ नई चेतना अभियान पर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में बोल रहे थे। श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि लिंग आधारित भेदभाव को खत्म करने के लिए सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता है। इसके लिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी पहुंचे, ताकि महिलाएं को उसका लाभ मिले और अपनी समस्याओं को समाधान कर सकें।

बताते चलें कि राज्य भर में 25 नवंबर से 23 दिसम्बर तक लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ नई चेतना अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित इस अभियान में सखी मण्डल की महिलाओं द्वारा कई गतिविधियों के जरिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जेंडर जस्टिस सेंटर लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ महिलाओं काउंसिलिंग और तत्काल मदद के लिए जेंडर जस्टिस सेण्टर की शुरूआत की गयी है। इसका उद्घाटन 25 नवंबर को 5 जिलों गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में किया गया है। अभियान की मॉनिटरिंग के लिए एक राज्य समिति की गठन की बात हुई है। लैंगिक हिंसा के खिलाफ महिलाओं और लड़कियों को जागरूक करने के लिए एक माह का नई चेतना अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत महिलाओं को हिंसा के खिलाफ उपलब्ध कानूनी व अन्य उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर अभियान की शुरूआत की गयी।

बैठक में बिष्णु सी परिंदा, पूर्णिमा मुखर्जी, प्रभारी राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, जेएसपीएलस के राज्य कमी आदि मौजूद थे।

### आजीविका मिशन के जरिये लिंग समानता की दिशा में हो रहे महत्वपूर्ण कार्य : राजेश्वरी

मनरेगा आयुक्त सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेएसपीएलएस राजेश्वरी बी ने अभियान के उद्देश्य पर जागरूकता फैलाने के साथ-साथ, लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम पर जोर दिया और अन्य विभाग को आगे आकर अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने को समाज के सभी लोगों की भागीदारी जरुरी है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव एवं शोषण की पहचान होनी चाहिए। राजेश्वरी बी ने सभी विभागों की भूमिका को पारदर्शी बनाने की बात कही एवं विभिन्न गतिविधि और ट्रेनिंग पर चर्चा की। उन्होंने ट्रांसजेंडर के लिए भी काम करने की बात कही। ट्रांसजेंडर और बुजुर्गों के लिए आईईसी सामग्री विकसित करने पर बात हुई। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि आजीविका मिशन के जरिये लिंग समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों के कमजोर वर्ग को विकास की मुख्य-धारा से जोड़ने के लिए डे एनआरएलएम और महिलाएं प्रयासरत हैं।

## लोकतंत्र के लिए शुभ है हिमाचल में कांग्रेस की जीत

# पीएम नमो के करिश्माई नेतृत्व ने गुजरात में दिलायी रिकार्ड जीत

### गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव पर त्वरित टिप्पणी

**उदय चौहान**

**रांची।** मिशन 2024 के पहले भाजपा को गुजरात में कोरामिन का डोज मिल गया है। पीएम नमो के करिश्माई नेतृत्व ने गुजरात विस चुनाव में प्रचंड व रिकार्ड तोड़ जीत दिलायी है। वहीं, हिमाचल विस चुनाव का सिकंदर कांग्रेस बनी है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ माना जा रहा है। देश में मजबूत लोकतंत्र के लिए विपक्ष को मजबूत होना आवश्यक बताया गया है। वहीं उत्तरप्रदेश के मैनपुर लोस उपचुनाव में मुलायम सिंह यादव की पुत्रवधू डिम्पल यादव की ऐतिहासिक जीत ने भी कई राजनीतिक संदेशों को जन्म दिया है। वहीं, बिहार के कुढ़नी उपचुनाव में भाजपा की जीत ने भी नीतीश-तेजस्वी की राजनीतिक गलतफहमी को उजागर कर दिया है। कमोबेश, वर्ष 2024 के आम चुनाव से पहले देश की जनता ने उसे नकारने वाले तत्वों को सबक सिखाने की ठान ली है। हांलाकि, वर्ष 2023 में देश के तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव भी है। उस वक्त देखना दिलचस्प होगा कि उसके परिणाम कैसे रहते हैं। राजनीति की किस धारा के साथ जनता का वोट बहता नजर आता है।

इधर, चुनाव परिणाम आने के बाद पीएम नमो ने सभी वोटरों का अभिनंदन किया है। गुजरात के साथ हिमाचल, दिल्ली एमसीडी, यूपी के रामपुर और बिहार उपचुनाव की चर्चा भी की। पीएम ने कहा कि वह हिमाचल के हर मतदाता के बहुत-बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के चुनाव में एक प्रतिशत से भी कम हार-जीत का अंतर रहा है। केंद्र सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

उन्होंने कहा कि गुजरात के प्रचंड जीत से विकास के मंत्र पर मुहर लगी है। गौरतलब है भाजपा ने गुजरात की 182 में से 156 सीटें जीतकर इतिहास रचा है।

लब्बोलुआब यह कि गुजरात ने मजबूत, कड़े व बड़े फैसलों का स्वागत किया है। देश में मुफ्त की राजनीति को परवान चढ़ाने वाले अरबिंद केजरीवाल को चित कर दिया है। आम पूरी से गुजरात में धूल-धूसरित हो गयी। चुनाव के पहले जो मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था, वह पूरी तरह से फिजूल साबित हुआ है। चुनाव परिणामों ने यह राजनीतिक संदेश दिया है कि मुफ्त की राजनीति से और आमदनी अठन्नी, खर्चा रूपया के सिद्धांत को आम जनता बिल्कुल पसंद नहीं करती है। यह अलग बात है कि दिल्ली के नगर पालिका चुनाव में आप पार्टी की मुफ्त बिजली-पानी की घोषणा ने जीत का छौंक लगाने में सफलता हासिल की है।

अब देश के हर राजनीतिक दल को यह याद रखना होगा कि चुनावी हथकंडों से किसी का भला नहीं हो सकता। वोटरों को बरगलाने और अर्थव्यवस्था को चौपटनगर तक पहुंचाने वाले भाषणबाजी बिल्कुल बंद होना चाहिये।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

**e-Procurement Tender Notice (SBD)**

**Tender Reference No. DWSD/CLTR/SVS/CTR/37/2022-23 (6th Call) Date : 08.12.2022**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Detailed survey, designing and drawing, Construction of 2210 Nos. FHTC in Simariya Block of Chatra District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) & 05 Years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 2022-23 under (JJM) | | | | | |
| | Group No. | No. of Panchayat | No. of FHTC | Estimated Cost (In Lac) | E.M Required (In Lac) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
| | SMR/SVS/CLTR/02(B-1) | 1 | 2210 | 704.17 | 7.04 | 10,000/- | 09 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 12.12.2022 at 5:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | 19.12.2022 upto 5:00 PM | | | | | |
| 4 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 20.12.2022 upto 3:00 PM In the Office of - 1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and 2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. 3. Regional Chief Engineer, D.W&S. Department Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 21.12.2022 at 05:00 PM | | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

**Executive Engineer**
**D.W.&S. Division, CHATRA**

**PR 284602 Drinking Water and Sanitation(22-23).D**



**कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा**

**सूचना**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 5000 SFT से उपर वाले सभी प्रकार के सरकारी, गैर सरकारी एवं नीजी भवनों का **Jharkhand Unified Building Bye Laws 2016** के प्रावधानों के अनुसार जिला परिषद से नक्शा पारित कराना अनिवार्य है। बिना नक्शा पास कराये भवन निर्माण अवैध होंगे एवं उसमें प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई भी की जायेगी। जिला परिषद, कोडरमा से नक्शा पारित करने हेतु जिला परिषद, कोडरमा से निबंधित **Local Technical Person (LPT)** के माध्यम से Online आवेदन किया जा सकता है।

LPT के निबंधन हेतु कोई भी **Architect, Engineer, Town Planner** तथा **Supervisor/Draftsman** अपना निबंधन के Annexure-1 के अनुसार जिला परिषद में Online कर सकते है। Online आवेदन एवं विशेष जानकारी हेतु वेबसाइट http://103.13.97.2 पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, कोडरमा।

PR 284573 (Rural Development) 22-23 (D)



**कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सूचना सं0– **J.M.C/ 06/2022-23** **Date – 07-12-2022**

कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ARRANGEMENT OF PREMISES/UP-GRADATION OF INFRASTRACTURE AT SELECTED SIDE /BUILDING FOR OPERATION OF URBAN HWCs AT WARD NO. 14 ADDI BANGLAW UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 18,44,000.00 | 36,900.00 | 5000.00 | 120 दिन |
| 2. | ARRANGEMENT OF PREMISES/UP-GRADATION OF INFRASTRACTURE AT SELECTED SIDE /BUILDING FOR OPERATION OF URBAN HWCs AT WARD NO. 03 TELAIYA BASTI UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 14,85,000.00 | 29,700.00 | 5000.00 | 120 दिन |

3. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 17.12.2022 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
4. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 24.12.2022 अपराहन 5.00 बजे।
5. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि : 26.12.2022 अपराहन 4.00 बजे (स्थान कार्यालय नगर परिषद झुमरी तिलैया)
6. निविदा खोलने की तिथि : 26.12.2022 अपराहन 5.00 बजे।
7. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9798062988
8. नगर विकास एवं आवास विभाग में निवंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
9. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।

नोट :– केवल ई–निविदा ही मान्य होगा।

विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरीतिलैया, नगर परिषद

**PR 284603 Urban Development(22-23)#D**



**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग**

**–ःआवश्यक–सूचनाः–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की बैठक दिनांक **17-01-2023** को पूर्वाह्न/अपराह्न **11:00** बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के सभा–कक्ष में आहूत की गयी है। उक्त बैठक में सरकार द्वारा निर्धारित मार्गों पर वातानुकूलित बस सेवा, सामान्य बस सेवा आदि से संबंधित आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा। परमिट से संबंधित आवेदन **Online** spermit.jharkhand.gov.in पर ही स्वीकार किए जाएगें। आवेदन समर्पित करने एवं अन्य तिथि निम्न प्रकार से निर्धारित की जाती है।

| | |
|---|---|
| Online आवेदन करने की अंतिम तिथि | 20.12.2022 |
| समय–सारिणी का प्रकाशन spermit.jharkhand.gov.in पर | 21.12.2022 |
| Online आपत्ति समर्पित करने की अंतिम तिथि | 28.12.2022 |

1. **Online** आवेदन संबंधित वाहन के अद्यतन कागजातों यथा निबंधन पुस्तिका, अद्यतन कर प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुशण प्रमाण–पत्र (कम से कम दिनांक **17.01.2023** तक मान्य) एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ **Upload** होना चाहिए,
2. पूर्व से किसी मार्ग पर परमिट से आवृत वाहन पर परमिट प्रत्यार्पण का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् ही आवेदन विचारार्थ बैठक में रखा जाएगा तथा स्थायी परमिट से आवृत वाहनों का प्रत्यार्पण के पश्चात् केवल स्थायी परमिट के लिए ही प्राप्त आवेदन पर विचार किया जाएगा,
3. आवेदन पत्र के साथ एक स्व–घोषणा पत्र देना होगा जिसमें सभी कागजातों की सत्यता, वाहन के स्पेयर के संबंध में स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक होगा,
4. वातानुकूलित डीलक्स बस/डीलक्स बस से संबंधित आवेदन रहने पर इसका प्रमाण पत्र संबंधित मोटरयान निरीक्षक का समर्पित करना आवश्यक होगा,
5. प्रतिहस्ताक्षर हेतु दिए जाने वाले आवेदन–पत्रों के साथ परमिट की प्रति, निबंधन–पुस्तिका, अद्यतन कर–प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण–पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुशण प्रमाण–पत्र एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्व–हस्ताक्षरित प्रति **Upload** किया जाना अनिवार्य होगा,
6. आवेदक द्वारा आवेदन शुल्क रू0 500/– का भुगतान ऑनलाईन किया जाएगा,
7. नवीकरण से संबंधित आवेदनों पर बैंक से वित्त प्रदत्त रहने पर संबंधित बैंक से अनापत्ति प्रमाण–पत्र **Upload** करना अनिवार्य होगा,
8. प्रस्तावित समय–सारिणी पर की जाने वाली आपत्ति संबंधित परमिट समय–सारिणी की स्व–हस्ताक्षरित प्रति एवं मान्य शुल्क के साथ **Upload** किए जाने पर ही आपत्तियों को विचार हेतु प्राधिकार की बैठक में सम्मिलित किया जाएगा। आपत्ति आवेदन में स्पष्ट रूप से आपत्ति बिंदु का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा,
9. त्रुटिपुर्ण आवेदनों पर बैठक में विचार नहीं किया जाएगा,
10. परमिट की स्वीकृति के उपरांत परमिट निर्गमण के समय संबंधित वाहन का सभी मूल कागजात सत्यापन हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा एवं श्रम विभाग का निबंधन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के उपरांत ही परमिट निर्गत किया जाएगा।
11. वैसे वाहन स्वामी जिनके वाहन का श्रेणी का निर्धारण नहीं हुआ है परमिट की स्वीकृति के उपरांत वाहन का श्रेणी का निर्धारण के उपरांत नया निबंधन पुस्तिका प्रस्तुत करने ही पर परमिट निर्गत किया जाएगा।
12. किसी भी प्रकार के **Offline** आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।
13. आयुक्त सह अध्यक्ष महोदय के अनुमोदनोपरांत अन्य विशयों पर भी बैठक में विचार किया जा सकता है।

उपरोक्त दृष्टिकोण से त्रुटिपूर्ण आवेदन पर प्राधिकार की बैठक में विचारार्थ नहीं रखा जाएगा।

आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग

**PR 284569 Transport(22-23)#D**



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**
**सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा,**

**मत्स्य विपणन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2022–23 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश सं0 24, दिनांक– 11.11.2022 द्वारा मत्स्य विपणन योजना अंतर्गत सिमडेगा जिला को स्वच्छ अवस्था में मछलियों के बीज परिवहन हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को अनुदान पर चार पहिया भारवाहक वैन उपलब्ध कराये जाने हेतु एक (01) का लक्ष्य प्राप्त है। जो निम्न प्रकार हैं:–

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | भौतिक लक्ष्य (सं0 में) 796 (अनु0 ज0 जा0) | अनुमानित इकाई लागत (लाख रू0 में) | विभागीय अनुदान | लाभुक अंशदन | आवश्यकत शर्ते |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आवेदक/आवेदक समिति को मछली परिवहन हेतु अनुदान पर चार पहिया भार वाहक वैन | 01 | 6.00 | 60% अथवा अधिकतम 3.60 (दोनों में से जो कम हो) | 40% | आवेदक द्वारा कम से कम मो0 6.00 लाख रू0 का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया गया हो। आवेदक/आवेदक समिति मछली विपणन कार्य अथवा मछली बीज का परिवहन करती हो। आवेदक/आवदेक समिति अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो। आवेदक मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य हो। लाभुक का चयन राज्यादेश के अनुपालन में किया जाना है। |

उपर्युक्त निर्देशों के अधीन सुयोग्य आवेदकों से दिनांक 20.12.2022 तक जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में आवदेन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। आवेदन पत्र में निहित सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं सुस्पष्ट रूप से भरना अनिवार्य है। आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधूरा या अपूर्ण आवेदन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएँगें। अधिक जानकारी के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। आवेदन प्रपत्र जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर भी उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा

**PR 284530 Fish(22-23).D**


## गोला गोली कांड : 12 दिसम्बर को सुनायी जायेगी सजा

# रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित 13 आरोपी दोषी करार

### विधायकी खतरे में

### न्यायिक हिरासत में भेजे गये सभी दोषी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/हजारीबाग।** वर्ष 2016 में रामगढ़ के गोला थाना अंतर्गत हुए बहुचर्चित गोला गोलीकांड में रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित 13 अभियुक्तों पर न्यायालय ने आरोप तय कर दोषी करार दिया है। व्यवहार न्यायालय के अपर न्यायाधीश विशेष न्यायालय एमपी एमएलए की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजीव जायसवाल, विधायक ममता देवी, कुंवर महतो, दिलदार अंसारी,, भावेश्वर भगत, यदु महतो, मनोज, पूजा, कालेश्वर महतो, लाल बहादुर महतो, वासुदेव प्रसाद, आदिल इनामी अभिषेक कुमार सोनी और सुभाष महत्व को दोषी पाया। न्यायालय दोषियों पर 12 दिसंबर को सजा सुनाएगी।

## खबर एक नजर में

### गुजरात ने फिर रचा इतिहास : रघुवर दास

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल पर गुजरात की जनता ने मुहर लगाई है। यह लोगों को मान- सम्मान और आत्मविश्वास की जीत है। इस विराट विजय के लिए गुजरात की देवतुल्य जनता और कर्मठ कार्यकताओं को बधाई। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल को इस ऐतिहासिक विजय के लिए अभिनंदन किया।

### आइपीएस विनित आइबी में देंगे योगदान

**रांची।** आईपीएस अधिकारी विनित कुमार (2017 बैच) आईबी में योगदान देंगे। विनित कुमार अब केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आईबी में योगदान देंगे। राज्य सरकार ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में संचार एवं तकनीकी सेवाएं में एसपी के पद पर तैनात विनित कुमार पद का प्रभार त्याग करने की तिथि से विरमित किया जायेगा।

### रूपर्णा दत्ता को नहीं मिली जमानत

**रांची।** आय से 13.80 करोड़ रुपये से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में आरोपी रांची के पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त तापस कुमार दत्ता की पत्नी रूपर्णा दत्ता को जेल में रहना पड़ेगा। उसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर गुरुवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने आरोपी की अर्जी खारिज कर दी। आरोपी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में सरेंडर करते हुए जमानत अर्जी दाखिल की थी। अदालत ने उसी दिन रूपर्णा दत्ता को जेल भेज दिया था। सीबीआई ने 2018 में दर्ज केस में दो फरवरी 2022 को मामले में तापस दत्ता के साथ रूपर्णा दत्ता के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। प. बंगाल के साल्ट लेक सिटी निवासी आरोपी रूपर्णा दत्ता पर आय से ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति रखने के लिए अपने पति को उसकाने का आरोप है।

### विधायक के खिलाफ शिकायतवाद में गवाही दर्ज

**रांची।** विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ दायर शिकायतवाद पर गुरुवार को एमपी–एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इंक्वायरी गवाह मंतोष सिंह ने अदालत को बताया कि विधायक इरफान अंसारी ने एक निजी न्यूज चैनल में योग शिक्षिका राफिया नाज के पहनावे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। इससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा था। उनकी छवि धूमिल हुई। विधायक इरफान अंसारी के द्वारा की गई टिप्पणी के बाद राफिया नाज के घर पर हमला भी हुआ। मालूम हो कि इस मामले को लेकर राफिया नाज ने 4 अगस्त 2020 को न्यायालय के समक्ष शिकायतवाद दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता राफिया नाज का बयान दर्ज होने के बाद अब गवाहों के बयान दर्ज किया जा रहा है। मामले में अगली गवाही की तारीख 10 जनवरी 2023 निर्धारित की गई है।

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर का जवाब

अंतिम चरण में है 133 करोड़ की लागत वाले लाइट हाउस प्रोजेक्ट का कार्य



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय आवासन और शहरी विकास राज्यमंत्री कौशल किशोर ने लोकसभा में बताया कि रांची में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का कार्य अंतिम चरण में है। देशभर में 790 करोड की लागत से 6 लाइट हाउस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मंत्री ने उक्त बातें सांसद संजय सेठ के सवाल के जवाब में कही। दरअसल, केंद्रीय राज्य मंत्री से सांसद ने जानना चाहा था कि रांची में इस प्रोजेक्ट की क्या स्थिति है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि रांची में बुनियादी सुविधाओं से युक्त 1008 आवास वाले लाइट हाउस प्रोजेक्ट का कार्य अंतिम चरण में है। 133 करोड रुपए की लागत वाले इस प्रोजेक्ट में आवास आवंटित करने का अंतिम निर्णय राज्य सरकार के द्वारा लिया जाना है। इसमें राज्य सरकार की साझेदारी है और राज्य सरकार को ही इसके लाभार्थियों का चयन किया करना है। इस पर श्री सेठ ने एक बयान में कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार पूरी जिम्मेवारी के साथ इस परियोजना को पूर्ण करने में गंभीरता दिखा रही है तो दूसरी तरफ राज्य सरकार की लापरवाही से लाभुकों के द्वारा आवास लेने से इंकार की खबरें भी आ रही हैं।

## फोन टैपिंग ऑफिस केस की जांच करे इडी : सरयू राय



**रांची।** विधायक सरयू राय ने एक बार फिर रघुवर सरकार में अवैध फोन टैपिंग कार्यालय का मामला उठाया है। उन्होंने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय के डोरंडा थाना में सीआईडी द्वारा दर्ज कराये गये कांड संख्या 189/20 पर संज्ञान ले। उन्होंने कहा कि तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता ने फोन टैपिंग के लिए विशेष शाखा के समानांतर कार्यालय खोला था। उसे एक निजी व्यक्ति के हवाले कर दिया गया था। ईडी अगर इस मामले की जांच करे तो मनी लॉउंड्रिंग के एक बड़े मामले का खुलासा हो सकता है।

# स्कूली बच्चों की ओवरलोडिंग पर डीटीओ ने की बड़ी कार्रवाई, परमिट होगा रद्द

## डीटीओ ने स्कूल प्रबंधन को दिया निर्देश, बसों में बच्चों की ओवरलोडिंग न करें

अपने वाहन से विद्यालय आने वाले बच्चों का लाइसेंस और हेलमेट करें सुनिश्चित

ऑटो चालकों और स्कूल वैन चालकों का काटा गया फाइन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश ने गुरुवार को ऑटो और स्कूल वैन में स्कूली बच्चों की ओवरलोडिंग की जांच की। जांच के क्रम में पाया गया कि ऑटो चालक एवं स्कूल वैन चालकों द्वारा वाहन में स्कूली बच्चों की ओवरलोडिंग की जा रही है। क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने वाले ऑटो और स्कूल वैन का फाइन काटा गया। ऐसे वाहनों के परमिट रद्द करने के लिए अग्रेतर कार्रवाई की गई है।



**बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करने पर कड़ी कार्रवाई**

जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बैठाने पर पकड़े जाने पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत वाहन जब्त करते हुए जुमार्ना वसूला जाएगा। साथ ही, वाहन परमिट निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को वाहन में बैठाने पर वाहन मालिकों का परमिट रद्द करने और आवश्यक कार्रवाई के लिए रांची क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव को भेजा जा रहा है। डीटीओ ने ऑटो चालकों, वाहन स्वामियों को हिदायत देते हुए कहा कि वे अपने वाहनों में क्षमता से अधिक व्यक्तियों को नहीं बैठाएं।

**स्कूल बसों में बच्चों की ओवरलोडिंग नहीं हो**

जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि जांच के क्रम में पाया गया है कि स्कूली बच्चे स्कूल यूनिफार्म में बिना लाइसेंस, हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग करते हुए पाये गये हैं। जिला अन्तर्गत संचालित सभी स्कूल प्रबंधन को डीटीओ द्वारा निर्देश दिया गया है कि वे अपने स्कूली बसों में बच्चों की ओवरलोडिंग नहीं करें। जो भी स्कूली बच्चे अपने वाहन से विद्यालय आते हैं, उनके पास हेलमेट एवं चालक लाईसेंस अनिवार्य रूप से हो, यह सुनिश्चित करें। साथ ही सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों को ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों से विद्यालय न भेजें, ताकि बच्चों के जान-माल की सुरक्षा की जा सके।

# 18 को सिल्ली में गूंज महोत्सव का राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सिल्ली में 18 दिसंबर को हानेवाले सामाजिक-सांस्कृतिक अवधारणा का जीवंत प्रतीक गूंज महोत्सव-2022 का उद्घाटन राज्यपाल रमेश बैस करेंगे। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए राज्यपाल रमेश बैस ने सहमति दे दी है। इसे लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने गुरुवार को राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की। उन्हें गूंज महोत्सव का आमंत्रण दिया, जिसे राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकार किया।

**महोत्सव में कई योजना और सेवा की शुरूआत:** आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत के मुताबिक परंपरा को संजोने, लोक कलाकारों को मंच देने, युवा प्रतिभा निखारने, महिला सशक्तिकरण, कृषि विकास, हेल्थ कैंप, कौशल विकास जैसे विविध आयाम से जुड़े गूंज महोत्सव का आयोजन सिल्ली स्टेडियम परिसर में होना है। इसके लिए 18, 19 एवं 20 दिसंबर की तारीख तय है। महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गूंज महोत्सव-2022 के संबंध में सुदेश कुमार महतो ने कहा कि तीन दिनों के महोत्सव में कई योजना और सेवा की शुरूआत की जा रही है। हम सभी को मिल कर सृजन के प्रयासों को मूर्त रूप देना है, ताकि वर्तमान के साथ भविष्य की पीढ़ियां अवसरों को अपने पक्ष में कर सकें।

## जल्द ही राजधानी के मरीजों को वार्ड क्षेत्र में ही मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**वार्डों में बैठेंगे डॉक्टर तो लोगों को इलाज के लिए नहीं लगानी होगी रिम्स-सदर की दौड़**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी में लोगों को अपने घरों के आसपास ही बेहतर मेडिकल सुविधा देने की तैयारी है। स्वास्थ्य विभाग, रांची नगर निगम के साथ मिल कर इस काम को रफ्तार देने में जुटा है। ऐसा होने पर घर से निकलते ही लोगों को डॉक्टर मिल जायेंगे। इससे काफी हद तक बीमारियों का इलाज लोगों का अपने वार्ड क्षेत्र में ही हो जायेगा। ऐसी स्थिति में उन्हें रिम्स या फिर सदर हॉस्पिटल की दौड़ नहीं लगानी होगी। इतना ही नहीं उन्हें जरूरी दवाएं वार्ड के हेल्थ सेंटर पर मिल जायेगी। बताते चलें कि इन सेंटरों के चालू हो जाने से रिम्स और सदर हॉस्पिटल पर लोड काफी कम होगा. वहीं गंभीर समस्या होने पर ही लोगों को बड़े हॉस्पिटल रेफर किया जायेगा।

**एक सेंटर के लिए 25 लाख रुपये**

वार्ड-29 पहाड़ी मंदिर के पास प्रज्ञा केंद्र में हेल्थ सेंटर खोला जायेगा। इसके अलावा 5, 12, 24 और 49 में पहले चरण में हेल्थ सेंटर खोले जायेंगे। इन सेंटरों को स्थापित करने और विकसित करने में 1.25 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। यानि एक सेंटर के लिए 25 लाख रुपये दिये गये हैं। इन हेल्थ सेंटरों पर हर दिन डॉक्टर ड्यूटी में तैनात रहेंगे। वहीं हफ्ते में दो दिन पेडियाट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट भी बैठेगी। साथ ही मरीजों को दवाएं भी मुफ्त में उपलब्ध करायी जायेगी।

## हिमाचल की जीत पर कांग्रेस मुख्यालय में मना जश्न, खूब फूटे पटाखे, बंटीं मिठाइयां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की शानदार जीत पर कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं व कार्यकताओं ने जश्न मनाया। पटाखे फोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलायी। साथ ही मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी व अविनाश पांडे जिंदाबाद के नारे लगाये। मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जीत इस देश की राजनीति को एक नया आयाम देगी। आज देश की जनता केंद्र की गलत नीतियों के कारण जिन सवालों से दो-चार हो रही है उसी का जवाब है हिमाचल का चुनावी परिणाम. बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, नफरत की राजनीति, किसानों की समस्या ये आज असल मुद्दे हैं। यही कारण है कि आज गुजरात को छोड़ अन्य कई राज्यों में भाजपा को करारी शिकस्त मिली है।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि यह जीत इस बात का संदेश है कि देश का जनमानस परेशान है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, लोगों को बांटने वाली नफरत भरी राजनीति से यह जीत इस बात का संदेश है कि कैसे केन्द्रीय एजेंसियों एवं संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो रहा है, उन्होंने कहा कि देश का राजनीतिक मिजाज बदल रहा है। प्रवक्ता डॉ एम तौसिफ ने कहा कि देश के मूल मुद्दों पर सरकार को जवाब देना ही होगा। विभाजनकारी नीतियों, नफरत की राजनीति की उम्र ज्यादा नहीं हो सकती है। अब जनता भाजपा के भुलावे में नहीं आने वाली है। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्तागण राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसिफ, निरंजन पासवान, सुधीर सिंह, रांची ग्रामीण जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण, जगदीश साहू, पप्पू अजहर, नेली नाथन, सलीम खान, सुरेन राम, अजय सिंह, छोटू सिंह, गौरव सिंह, गुलाम रब्बानी, जितेन्द्र त्रिवेदी, इंदिरा देवी तुरी, अंजु कुजूर, रीता चौधरी, महादेव, अजय कुमार महतो, प्रो प्रेमनाथ मुंडा, रामानंद केसरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## जोहार नहीं, माफी यात्रा निकालें मुख्यमंत्री जी : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने ठगबंधन के नेताओं को मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में खतियानी जोहार नहीं बल्कि माफी यात्रा निकालने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि आखिर राज्य की जनता इनका अभिनंदन और जोहार क्यों करेगी। गठबंधन सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। विकास कार्य ठप हैं, जनता समस्याओ के मकड़जाल में फंसी है। उन्होंने कहा कि सत्ता के संरक्षण में सिर से पैर तक फैले भ्रष्टाचार से जनता त्राहिमाम कर रही है। युवाओं को प्रतिवर्ष पांच लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता देने का वादा हवाई-हवाई हो गया। किसानों को धान खरीदी नही करने, पुरानी लाभकारी योजनाओं को बंद करने केलिये अब जनता सीएम की जोहार यात्रा को कोस रही है। महिलाओं-बहनों के साथ दुष्कर्म का रिकॉर्ड बनाने, घरों में जलाकर मार दिए जाने केलिए तो गठबंधन सरकार का अभिनंदन नहीं किया जा सकता है। आयुष्मान योजना की विफलता, चौपट बिजली आपूर्ति, ध्वस्त कानून-व्यवस्था के लिये तो गठबंधन सरकार का अभिनंदन व जोहार नहीं किया जा सकता है। भाजपा के आंदोलन से डरी सरकार अब जिलों में भ्रमजाल फैलाने में जुटी है। सत्ताधारी गठबंधन को जनता के आक्रोश का भूत डराने लग गया है। इसलिए ये नए नए छलावा लेकर जनता को दिग्भ्रमित करने में जुट गए हैं।

उन्होंने कहा कि जिस उपलब्धि को लेकर ये ढिंढोरा पीटने जा रहे हैं। उसे खुद राज्य सरकार ने कानूनी पेचीदगियों में फंसा दिया है। जनता को कोई लाभ देने की मंशा गठबंधन सरकार की नही है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्षों की सूची के संशोधन में इमरान प्रतापगढ़ी की अहम भूमिका : सगीर

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्षों की जारी सूची में संशोधन कराते हुए इस सूची में दो मुस्लिम नामों को शामिल कराने में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने अहम भूमिका निभाई है। उक्त बातें झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष सगीर अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि झारखण्ड कांग्रेस के 25 जिला अध्यक्षों की सूची में एक भी मुस्लिम समुदाय का नाम नहीं होने की सूचना जैसे ही अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी को मिली इस पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर जारी सूची पर पुनर्विचार करने करने की अपील की। इमरान प्रतापगढ़ी के हस्तेक्षप के बाद बाद पार्टी ने सूची पर पुनर्विचार करते हुए झारखण्ड के दो जिलों में मुस्लिम कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष बनाया। सगीर अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी की इस पहल से कार्यकर्ता उत्साहित हैं।

## डीजीआरओ को सम्मानित किया जायेगा : हिमांशु शेखर

**झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि पीडीएस दुकानदारों की मनमानी पर रोक लगेगी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु शेखर ने कहा है कि गरीबों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मुफ्त और सस्ते दर पर अनाज मुहैया कराना प्राथमिकता है। लेकिन पीडीएस दुकानदारों की मनमानी, ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत से लाभुकों की हकमारी होती रहती है। दरअसल, लाभुकों को सुगमता से अनाज मिले इसकी मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी और जवाबदेही राज्य खाद्य आयोग की होती है। उन्होंने लाभुकों को जागरूक करने के लिए मुखिया से सीधा संवाद कार्यक्रम चलाया था। इसका नतीजा दिखने लगा है। अब बड़ी संख्या में लोग आयोग के पास व्हाट्सएप और अन्य माध्यम से शिकायत पहुंचा रहे हैं। जिसका तीव्र गति से निष्पादन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 9 दिसंबर को झारखंड राज्य खाद्य आयोग का स्थापना दिवस सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शिकायतों के निष्पादन में बेहतर कार्य करने वाले डीजीआरओ यानी जिला शिकायत निवारण पदाधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि चार कैटगरी में बेहतर सेवा देने वालों का चयन हुआ है। इसके अलावा ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर भी पदाधिकारियों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो बतौर मुख्य अतिशि शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद पदाधिकारियों को मोटिवेट करना है।

## रिश्वतखोरी में उत्पाद विभाग के दारोगा दोषी

**रांची।** रिश्वत लेने के मामले में उत्पाद विभाग के दारोगा विश्वनाथ राम को एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने दोषी ठहराया है। साथ ही, सजा पर सुनवाई के लिए शुक्रवार की तिथि निर्धारित की है। वहीं, सिपाही राम लखन राय को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। दारोगा को दोषी करार दिये जाने के बाद अदालत ने आरोपी को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा भेज दिया।

**क्या है मामला**

सूचक प्रवीण कुमार की शिकायत पर एसीबी की टीम ने 25 मार्च 2014 को कचहरी चौक स्थित चाय की दुकान में घूस की रकम 40 हजार रुपये के साथ दारोगा को गिरफ्तार किया था। 245 पेटी शराब की परमिट जारी करने के एवज में एक्साइज विभाग के एडिशनल कमिश्नर अरविंद कुजुर ने उनसे घूस की मांग की और आरोपियों से मिलने को कहा। जब शिकायतकर्ता आरोपियों से कचहरी चौक स्थित चाय की दुकान में मिला तो उनसे 90 हजार घूस देने की मांग की गयी। पहली किस्त देते हुए एसीबी ने पकड़ा था।

## गुजरात में रिकार्ड जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जश्न मनाया गया। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ कर और मिठाइयां बांट कर खुशियां मनाई। गुजरात में जीत पर प्रतिक्रिया देते हुये प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास की जीत है। नमो के विकास मॉडल पर जनता ने पूर्ण भरोसा व्यक्त किया है। इस जीत के लिए उन्होंने गुजरात की जनता के प्रति आभार प्रकट किया। नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने कहा कि गुजरात की जनता बधाई की पात्र है। जिसने मुफ्त की रेवड़ी बांटने, प्रलोभन और छल की राजनीति को ठुकराते हुए सातवीं बार भाजपा पर भरोसा जताया है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भी गुजरात की जनता को बधाई दी है।

# मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से खुद को बनायें सक्षम : हेमंत सोरेन

## मुख्यमंत्री गढ़वा के तिलदाग पंचायत में लोक संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/ गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना की लाभुक बच्चियों ने उनके प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि सरकार आप बच्चों के शिक्षा के लिए राज्य सरकार योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है। सभी बच्चों को पढ़ने एवं उनके उच्चत्तर शिक्षा के लिए राज्य सरकार आर्थिक मदद कर रही है। पैसे के अभाव में किसी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने गुरूवार को गढ़वा के तिलदाग पंचायत में आयोजित लोक संवाद कार्यक्रम में कही।

संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जेएसएलपीएस की दीदियों ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से लाभान्वित होकर अपने जीवनस्तर में आये सुधार से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री स्वरोजगार के लाभुक प्रिंस कुमार ने कहा कि योजना के तहत लोन लेकर स्कॉर्पियो खरीदा। वर्तमान में वे उक्त गाड़ी को किराये पर चला रहे है। जिससे उन्हें 39 हजार रुपये प्रतिमाह का लाभ मिल रहा है। इसी प्रकार कई अन्य लाभुकों ने भी मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना को सराहा तथा मुख्यमंत्री के समक्ष अपने अनुभव साझा किए।

मौके पर बेबी कुमारी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे सात बहनें हैं। सभी आगे पढ़ना चाहती हैं। मुख्यमंत्री ने इनकी फरियाद को गंभीरता से लेते हुए गढ़वा जिला उपायुक्त को इनका आवेदन लेकर शीघ्र इन्हें हरसंभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, बादल पत्रलेख, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त रमेश घोलप, पुलिस अधीक्षकअंजनी कुमार झा सहित तिलदाग पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

## एफजेसीसीआइ के अध्यक्ष ने जीतो की मुख्य महिला व युवा उद्यमियों को किया सम्मानित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एफजेसीसीआई के कार्यालय में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन- जीतो और झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें जीतो की मुख्य महिला एवम युवा विंग के उभरते उद्यमियों को एफजेसीसीआइ के अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया।

बैठक में जीतो के चार्टर चेयरमैन प्रदीप जैन, उप अध्यक्ष राज कुमार रामपुरिया जो की बैठक का नेतृत्व कर रहे थे, मुख्य सचिव श्री अनंत जैन, जीतो महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका पाटनी, जीतो यूथ विंग के अध्यक्ष श्री देवेश जैन, मुख्य सचिव श्री वैभव जैन और झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री किशोर मंत्री, उप अध्यक्ष श्री आदित्य मल्होत्रा, उप अध्यक्ष अमित शर्मा, संयुक्त सचिव रोहित पोद्दार एवम शैलेश अग्रवाल तथा प्रवक्ता ज्योति कुमारी उपस्थित थी।

बैठक में लोगोंने अपने अपने व्यापार के बारे में जानकारी दी। किशोर मंत्री ने जीतो को हर क्षेत्र में सहायता देने का आश्वासन दिया तथा जीतो महिला विंग के उद्यमी सदस्यों को हर संभव मदद करने की घोषणा कर प्रोत्साहित किया।

# झारखंड की छात्रा को ट्रिपल आइटी के इतिहास का सबसे बड़ा पैकेज

## आस्ट्रेलिया की एटलासियन कंपनी ने चार्मी को दिया 83.38 लाख रुपये का पैकेज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची की रहने वाली इंजीनियरिंग की छात्रा चार्मी आशीष मेहता को ट्रिपल आईटी के इतिहास का सबसे बड़ा पैकेज मिला है। आस्ट्रेलिया की एटलासियन कंपनी ने चार्मी को 83.38 लाख रुपये का पैकेज दिया है। चार्मी की इस सफलता पर संस्थान के निदेशक प्रो विष्णु प्रिये बेहद खुश हैं। चार्मी को एटलासियन कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में यह पैकेज मिला है। ट्रिपल आइटी की स्थापना के बाद का यह सबसे बड़ा पैकेज है। इससे पूर्व कई विद्यार्थियों को 50 लाख का पैकेज मिला था। इतना ही नहीं, चार्मी को दो और कंपनीयों के ऑफर मिले हैं। इनमें इंफोड्स कंपनी की ओर से 14.5 लाख और प्रोड्यूक्टिव कंपनी की ओर से 25 लाख पैकेज का ऑफर दिया गया है।



**निदेशक ने सफलता को सराहा**

चार्मी की इस सफलता पर निदेशक प्रो विष्णु प्रिये ने कहा कि महामारी के बाद वर्ष 2019-2023 बैच के विद्यार्थियों ने पूरे भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों से कई प्लेसमेंट ऑफर पाने में कामयाबी हासिल की है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में 83 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है। प्रो विष्णुप्रिये ने कहा है कि 107 विद्यार्थियों में से 83 को सिंगल प्लेसमेंट ऑफर मिला है। इनमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में कुल 61 विद्यार्थियों में 50 और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में कुल 46 विद्यार्थियों में 33 को सिंगल प्लेसमेंट ऑफर मिला है। इनका औसत पैकेज 16.73 लाख रुपये सालाना है। अब तक का कुल प्लेसमेंट और इंटरशिप ऑफर 92 है। संस्थान का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट के लिए कार्य कर रहा है। निदेशक ने कहा कि वर्ष 2016 में स्थापित यह संस्थान केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से पीपीपी मोड पर चल रहा है।

**तुषार जैन ने जीता यूनेस्को इंडिया-अफ्रीका हैकाथॉन**

ट्रिपल आइटी रांची के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के छात्र तुषार जैन ने यूनेस्को इंडिया-अफ्रीका हैकाथॉन में जीत हासिल की है। तुषार व इनकी टीम को पुरस्कार स्वरूप तीन लाख रुपये मिले हैं। देश के उपराष्ट्रपति, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल ने पुरस्कार प्रदान किया। ट्रिपल आइटी के निदेशक प्रो विष्णु प्रिये ने बताया कि तुषार ने स्वास्थ्य और स्वच्छता उप-विषय के तहत 36 घंटे के कार्यक्रम में मधुमेह मेलेट्स की जटिलताओं की प्रारंभिक पहचान के लिए स्व-देखभाल और नियमित जांच के लिए एक ऐप विकसित किया। 36 घंटे की इंटेंस कोडिंग के बाद खिताब हासिल किया। ट्रिपल आइटी रांची में आयोजित आंतरिक हैकाथॉन और स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2022 फिनाले जीतने के बाद तुषार जैन को यूनेस्को इंडिया-अफ्रीका इंटरनेशनल हैकाथॉन में आमंत्रित किया गया। इसमें जीवन विषय के तहत 20 समस्याएं शामिल की गयी, जिसमें 22 देशों के 600 से अधिक प्रतिभागी और 100 सलाहकार शामिल हुए।

# अमर शहीद शेख भिखारी समारोह समिति का किया गया पुनर्गठन

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समिति का मुख्य संरक्षक बनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अमर शहीद शेख भिखारी समारोह समिति की बैठक गुरुवार को धनीनाथ राम साहू के अध्यक्षता में आई एस एम चौक पुन्दाग में हुई। इसमें 08 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाले शेख भिखारी शहादत दिवस सह सम्मान समारोह को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समिति का मुख्य संरक्षक बनाया गया। वहीं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, बन्धु तिर्की पूर्व विधायक माण्डर, डॉ धनेश्वर महतो एवं खुर्शीद आलम को संरक्षक चुना गया।



बैठक में वर्किंग कमिटि का भी गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से बिन्दे मुन्डा को अध्यक्ष, नौशाद आलम अंसरी को प्रधान महासचिव, एनामुल हक को वरीय उपाध्यक्ष, रफीक अंसरी, प्रमोद साहू, मोबिन अंसारी, अफरोज अंसारी कृष्ण महतो को को उपाध्यक्ष, जुल्फान अंसारी को महासचिव एवं सुरज साहू, एनायत हुसैन को सचिव बनाया गया। वहीं मुस्तफा अंसारी, शमशाद उर्फ टुना, एतवा पहान महतो को सचिव बनाया गया। विजय कुमार और मजीद अंसारी को उपसचिव बनाया गया। इम्तियाज अंसारी को कोषाध्यक्ष, वसीम अकरम को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी तौफिक खान को सौंपी गयी। बैठक में निगरां कमिटि का भी गठन किया गया। जिसमें धनीराम साहु, निजामुद्दीन मस्तान, आजम अंसारी, एजाज अहमद, दीपक मुण्डा को रखा गया है। बैठक में मुख्य रूप से वार्ड 26 की पार्षद सबिता कुजूर, महेश ठाकुर आजाद अंसारी, बलराम महतो, नेजाम बाबा, गुलजार अहमद, अफरोज अंसारी, नेसार अंसारी आदि उपस्थित थे।

# चाणक्य का प्रबंधन कौशल आज भी प्रासंगिक : डॉ टीके शांडिल्य

## डीएसपीएमयू के एमबीए विभाग के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के एमबीए विभाग के द्वारा सत्र 2022-24 के एमबीए और एमएचए के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। अतिथियों और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए विभाग के निदेशक डॉ अशोक कुमार नाग ने इस कार्यक्रम की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने नए सत्र के विद्यार्थियों को प्राचीन काल से आज के आधुनिक युग में प्रबंधन की महत्ता और प्रासंगिकता पर विस्तार से समझाया। उन्होंने चाणक्य के प्रबंधन कौशल का उल्लेख करते हुए उसे आज के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।




आगे उन्होंने प्रबंधन पाठ्यक्रम की उपयोगिता की बात कही और इसे कार्य गुणवत्ता में वृद्धि का अनिवार्य तत्त्व बताया। उन्होंने नए सत्र के विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ अपने लक्ष्य की ओर केंद्रित होने की सलाह दी। वहीं, विशिष्ट अतिथि के तौर पर झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टीएन साहू और सिद्धो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ विमल कुमार सिंह ने भी नए सत्र के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। इसके उपरांत नए सत्र के विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखें। मौके पर निदेशक डॉ अशोक कुमार नाग, प्रो मदनजीत, श्रेया, प्रो विकाश और प्रियंका सहित विभागीय विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। यह जानकारी विवि के पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# सीआइटी में रोबोटिक्स इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग संपन्न बांटे गये प्रमाण पत्र




**रांची।** रोबोटिक्स के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं के मद्देनजर कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के ईसीई ब्रांच में अध्ययनरत फाइनल एवं प्री फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम के तहत एक सप्ताह का इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग दी गई। कोलकाता के आर्डेंट कंप्यूटर प्रा. लि. के रोबोटिक एक्सपर्ट सौभिक सरकार ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स डिजाइन एंड डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दी। ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों द्वारा विविध प्रकार के रोबोट का प्रोटोटाइप बनाकर इसका प्रदर्शन किया गया।

बता दें कि इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के तत्वाधान में किया गया था। टीएनपी के प्रो. इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान बच्चो द्वारा आर्डविनो आधारित लाइन फॉलोवर, ऑटोमैटिक फ्लोर क्लीनर, ऑटोमैटिक कार वाशिंग के अलावा चाय कॉफी परोसने की ऑटोमैटिक रोबोट का प्रोटोटाइप बनाकर इसका सफल प्रदर्शन किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम के समापन समारोह में प्रमाण पत्र वितरण के बाद प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने कहा कि आने वाले समय में रोबोटिक्स के क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को अपने कार्यक्षेत्र में इसका भरपूर लाभ होगा।

### विशेष मध्यस्थता अभियान में कुल 13 मामले आये

**रांची।** विशेष मध्यस्थता अभियान के चौथे दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 13 (तेरह) मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए, जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थों को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 07 (सात) मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है।

### दीक्षा प्लेटफार्म पर विद्यार्थियों के लिए आभासी प्रयोगशाला

**रांची।** केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईईटी) एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए 218 आभाषी प्रयोगशालाएं (वर्चुअल लैब्स) उपलब्ध कराई गई है। यह जानकारी सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने दी।

## खबर एक नजर में

### इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के कोर्स को-ऑर्डिनेटर बने डॉ राजकुमार

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की ओर से भौतिकी विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ राजकुमार सिंह को रांची विवि के इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट का कोर्स को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। वहीं, भौतिकी विभाग के ही असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुनील कुमार सिंह को पीजी डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी कोर्स रांची विश्वविद्यालय का कोर्स को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित आदेश रांची विश्वविद्यालय की ओर से जारी कर दिया गया है।

### सीबीएसई का वेबिनार 12 को

रांची। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा मैथिलीशरण गुप्त की पुण्यतिथि पर वेबिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस वेबिनार का शीर्षक मैथिलीशरण गुप्त के लेखन में भारतीय संस्कृति की महत्ता है एवं इसका आयोजन 12 दिसंबर को ऑनलाइन मोड में दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इस वेबिनार के मुख्य वक्ता महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा महाराष्ट्र के हिंदी और तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रो केके सिंह होंगे। अधिक जानकारी के लिए सीबीएसई की ऑफिसियल वेबसाइट देख सकते हैं। यह जानकारी सीबीएसई के सिटी को-ऑर्डिनेटर सह डीपीएस रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह ने दी।

### पूर्णिमा तिथि पर बालाजी मंदिर में विशेष अनुष्ठान

**रांची।** गुरुवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में पूर्णिमा तिथि पर भगवान श्रीश्रीनिवास का कर्पूर वासित जल से आचमन कराकर प्रथम आरती के साथ विश्वरूप दर्शन हुआ। षोड्षोपचार तिरु आराधना हुआ। फिर भगवान को तुलसीदल, चंदन और पुष्पांजलि भक्ति पूर्वक समर्पण के बाद मुकुट और आभूषण आदि समर्पित करके छत्र, चंवर, तिरुमालवप्तम भेंट करके नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से बारी-बारी महाआरती की गई। इसके बाद खीर महाप्रसाद का नैवेद्य भोग लगा। स्कन्दपुराण में वर्णन है कि मार्गशीर्ष मास में जो पूर्णिमा होती है। उसमें जो पुण्य किया जाता है। वह भगवान को अधिक प्रिय है। यह मार्गशीर्ष का पूर्णिमा अनंतफल देनेवाला है। इस महत्व को समझते हुए भक्तों की भीड़ हुई। दिन भर का भोग-मनोज, सुलक्षणा तिवारी ने किया। जबकि एक समय का भोग ममीना पंडा ने लगाया। अर्चक- सत्यनारायण गौतम और गोपेश आचार्य ने मिलकर अनुष्ठान को विधिवत संपन्न करवाया। राम अवतार नारसरिया, अनूप अग्रवाल, जगमोहन नारसरिया, प्रभाष मित्तल, छाया दुबे, प्रदीप नारसरिया, रंजन सिंह, यशोदा देवी के अतिरिक्त सैकड़ो भक्तों ने हिस्सा लिया ।

### चिन्मय मिशन गीता पाठ का परिणाम जारी



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी के दो शिक्षार्थियों क्रमशः प्रकृति कुमारी को द्वितीय एवं नन्दिनी भारद्वाज को सांत्वना पुरस्कार मिला। रांची चिन्मय मिशन में आयोजित इस गौरवशाली प्रतियोगिता में बच्चों के आशातीत परिणाम से हर्षित प्राचार्य किरण यादव ने बधाई दी तथा विद्यालय का नाम रोशन करते रहने की प्रेरणा भी दी।

### रामवि हातमा में इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज ने बांटा चश्मा



**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ क्षितिज की ओर से गुरुवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय हातमा में बच्चों को च्शमा दिया गया। जिन बच्चों कि नजर कमजोर थी, उन्हें उनके पॉवर के मुताबिक चश्मा दिया गया, ताकि उन बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। क्लब की ओर से आयोजित स्कूल में जांच में पाया गया कि कुछ बच्चों की नजर कमजोर थी। ये सारा कार्यक्रम क्लब की उपाध्यक्षा वीणा अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआा। मौके पर क्लब की सचिव पिंकी पॉल, रश्मि खेतान, सविता सिंह, ज्योति बुधिया, सुनीता पांडे और लवि राय आदि भी भी उपस्थिति थीं।

# हारीन गांव में चला डालसा डोर टू डोर जागरूकता कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा)रांची के मार्गदर्शन में सोनाहातू प्रखंड के हारीन पंचायत के हारीन गांव में डोर-टू-डोर जाकर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। सभी लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं झालसा एवं नालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में पीएलवी कपिलदेव प्रसाद केशरी, आरती कुमारी, रामेश्वर चौधरी, मुस्कान कुमारी, रूकमनी कुमारी उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलने वाली सुविधाओं तथा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, लेबर कार्ड एवं लोक अदालत के बारे में बताया। डालसा रांची के पीएलवी ने लोगों को बाल विवाह एवं बाल श्रम के बारे में जानकारी दी तथा बालिकाओं को व्यस्क होने पर ही विवाह कराने की सलाह दी। अंत में पीएलवी के द्वारा उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट एवं लिफलेट का वितरण भी किया गया।

# ठंड को देखते हुए प्रणामी ट्रस्ट ने 103 बुजुर्गों को दिया गर्म कपड़ा




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने ठंड को देखते हुए बृहस्पतिवार को 103 अभावग्रस्त बुजुर्ग महिला पुरुषों के बीच निःस्वार्थ भाव से कंबल, मफलर व उनी मोजा का वितरण कर निस्वार्थ भाव से सेवा कर अपने जीवन को सार्थक कर रहे हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एव बिष्णु सोनी हरिजन बस्ती एव नामकुम लोवाडीह के समाज सेवी सहजीवन राम, विनोद राम,सुमन देवी,शकुन्तला देवी एव मनोज कुमार ने सयुंक्त रूप से कांटा टोली के हरिजन बस्ती एव लोवाडीह मे विभिन्न बस्तियों से आये हुए लगभग 103 अभावग्रस्त गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। बताते चलें कि संस्था के सदस्यों ने 16 नवम्बर 2022 से 08 दिसम्बर तक कुल मिलाकर 901 अभावग्रस्त जरुरतमंद लोगों के बीच 901 कंबल, 901 मफलर व 901 मोजे का वितरण किया जा चुका है। जरुरतमंद व अभावग्रस्त लोगों की सेवा में आगे और भी गर्म वस्त्र वितरण किया जाएगा।

# डॉटर्स ऑफ सेंट एन की 13 नवशिष्याओं ने धर्मसंघी जीवन का प्रथम मन्नत किया धारण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत अन्ना की पुत्रियों (डॉटर्स ऑफ सेंट एन्स) के धर्मसंघ राँची के तेरह नवशिष्याओं ने गुरुवार को लोवाडीह स्थित धर्मसंघ के मुख्यालय धर्मसंघी जीवन में समर्पण का प्रथम मन्नत धारण किया। इस क्रम में उन्होंने धर्मसंघ के संविधान के अनुसार स्वयं को प्रभु की सेवा में समर्पित होने के लिए निर्धनता, शुद्धता व आज्ञाकारिता का जीवन जीने का संकल्प लिया। व्रतधारण का यह विधान पवित्र मिस्सा अनुष्ठान के साथ हुआ। जिसमें मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता खूंटी के धर्मप्रांत के बिशप बिनय कंडुलना डीडी रहे। उनके साथ बतौर सह अनुष्ठाता संत अलबर्ट कॉलेज के रेक्टर फादर अजय कुमार खलखो, फादर फूलदेव एसजे आदि शामिल थे। व्रतधारी नवशिष्याओं में मध्यप्रदेश प्रोविंश से 05, गुमला प्रोविंश से 02, जलपाईगुड़ी से 03 तथा रांची से 03 शामिल हैं, जिनके नाम सिस्टर विभा केरकेट्टा, सिस्टर मेरी प्रसन्ना एक्का, सिस्टर रीना कुजूर, सिस्टर अंशु एक्का, सिस्टर सुषमा चरगट, सिस्टर मनीषा मिंज, सिस्टर अर्चना मिंज, सिस्टर रीमा मिंज, सिस्टर ब्यूटी एबलिन केरकेप्ता, सिस्टर अर्पिता एम्मा खलखो, सिस्टर ब्रिजिटा बासूमतारी, सिस्टर ऊषा तिर्की एवं सिस्टर अंजना मिंज है।



**व्रतधारी नवशिष्याएं ईश्वर की चुनी हुई विशेष सेविकाएं : बिशप बिनय कंडुलना**

बिशप बिनय कंडुलना डीडी ने माता मरियम के निष्कलंक गर्भागमन और उनके बुलाहट का जिक्र करते हुए व्रतधारण करने वाली तेरह नवशिष्याओं को ईश्वर द्वारा चयनित विशेष लोगों में बताया। कहा कि ईश्वर व लोगों की सेवा के लिए शक्तिशाली, संपन्न एवं ज्ञानवान होने की जरुरत नहीं, ईश्वर सर्वसामान्य व्यक्तियों को भी बुलाते हैं। मौजूदा युग में धर्मसंघी जीवन के सेवकाई कार्यों को चुनौतियों से भरा बताया। कहा कि ईश्वर ने आप को उन चुनौतियों के बीच रहते हुए समर्पित सेवा के लिए ही चुना है।

**जन्म से पूर्व ही ईश्वर ने आप सभी को अपनी सेवा के लिए चुन लिया : मदर जनरल लिली ग्रेस**

मदर जनरल रेव्ह लिली ग्रेस तोपनो डीएसए ने कहा कि आपके प्यार भरे त्याग की वजह से ये धर्मबहनें समाज सेवा के लिए आगे बढ़ सकी हैं। उन्होंने बाईबल के ईसायस (49:16) का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें यह कहा है कि मैंने तुम्हें अपनी हथेलियों पर अंकित किया है।

सिस्टर गुलशना जेम्मा एक्का ने मिस्सा पूजा से पूर्व नवशिष्याओं ने प्रवेश नृत्य व बाईबल जुलूस के साथ नृत्य किया। सिस्टर मनीषा मिंज, सिस्टर ब्यूटी एबलिन केरकेट्टा ने बाईबल से पाठ पढ़ा। धार्मिक गीतों का संचालन सिस्टर रोज कोंगाड़ी एवं सिस्टर रंजीता आईंद की अगुवाई में हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन सिस्टर नीलिमा खलखो ने किया।

बताते चलें कि डॉटर्स ऑफ सेंट एन धर्म संघ की संस्थापिका माता बेर्नादित्त किस्पोट्टा ने वर्ष 1897 में छोटानागपुर की जमीं रांची में इसकी स्थापना की। वर्तमान में यह धर्मसंघ चार प्रोविंश राँची, गुमला, जलपाईगुड़ी एवं मध्यप्रदेश के द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की दिशा में अपनी समर्पित सेवाएं दे रही है।

# हर गुनाहों से तौबा कर हृदय व मन को प्रभु येसु के स्वागत के लिए करें तैयार : कुलदीप तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हर वर्ष की भांति इस साल का क्रिसमस भी यूहीं आ कर न चला जाय। हर साल का आगमन काल हमें यह संदेश देता है कि आत्ममूल्यांकन कर व्यक्तिगत जीवन की छोटी बड़ी सभी गलतियों व गुनाहों पर गौर करते हुए उनसे तौबा करें और प्रभु के स्वागत के लिए अपने हृदय, मन और शरीर को हर नजरिए से पवित्र और शुद्ध करें। झारखण्ड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इसे हम इस छोटी कहनी से समझने का प्रयास करें। एक स्कूल ने अपने युवा छात्रों के लिए एक मजेदार यात्रा का आयोजन किया। रास्ते में वे एक सुरंग से गुजरे, जिसके नीचे से पहले बस ड्राइवर गुजरता था। सुरंग के किनारे पर लिखा था पांच मीटर की ऊँचाइ। बस की ऊंचाई भी पांच मीटर थी इसलिए ड्राइवर नहीं रुका। लेकिन इस बार



बस सुरंग की छत से रगड़ कर बीच में फंस गई, इससे बच्चे भयभीत हो गए। बस ड्राइवर कहने लगा हर साल मैं बिना किसी समस्या के सुरंग से गुजरता हूं, लेकिन अब क्या हुआ? एक व्यक्ति ने जवाब दियाः सड़क पक्की हो गई है इसलिए सड़क का स्तर थोड़ा बढ़ा दिया गया है। वहाँ भीड़ लग गयी..एक आदमी ने बस को अपनी कार से बांधने की कोशिश की, लेकिन रस्सी हर बार टूट गई, कुछ ने बस खींचने के लिए एक मजबूत क्रेन लाने का सुझाव दिया तो कुछ ने खुदाई और तोड़ने का सुझाव दिया।इन विभिन्न सुझावों के बीच में एक बच्चा बस से उतरा और बोला टायरों से थोड़ी हवा निकाल देते हैं तो वह सुरंग की छत से नीचे आना शुरू कर देगी और हम सुरक्षित रूप से गुजर जाएंगे। बच्चे की शानदार सलाह से हर कोई चकित था और वास्तव में बस के टायर से हवा का दबाव कम कर दिया इस तरह बस सुरंग की छत के स्तर से गुजर गई और सभी सुरक्षित बाहर आ गए। घमंड, अहंकार, घृणा, स्वार्थ और लालच से हम लोगो के सामने फुले होते हैं। अगर हम अपने अंदर से इन बातों की हवा निकाल देते हैं तो दुनिया की इस सुरंग से हमारा गुजरना आसान हो जाएगा। पाप - पाप होता चाहे वो छोटा हो या बड़ा हर पापों का त्याग करते हुए हमें अपना मन दिल साफ साफ रखना चाहिए क्योंकि यहीं खुदरा (छोटा)पाप बाद में बड़े पाप का रूप लेता है ।हम सभी मसीही इस आगमन काल में अपने आपको पूर्ण रूप से तैयार करें ताकि जब बालक येसु के रूप में जब प्रभु आवें तो हमारे हृदय को तैयार पायें।

स्पीड न्यूज

## तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

**मांडर।** मांडर पुलिस ने गुरुवार को दो कांडों में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में मांडर थाना क्षेत्र के सकरा निवासी खुर्शीद अंसारी है जो पिछले वर्ष हथियार के बल पर लूटपाट की घटना में शामिल था। उनके ऊपर मांडर थाना में प्राथमिकी प्राथमिक दर्ज है। वहीं मुडमा निवासी नौशाद अंसारी और आशिक अंसारी कुछ दिन पूर्व गांव के एक व्यक्ति के घर से समरसेबल और तार चोरी के घटना में शामिल थे। जिनके ऊपर मांडर थाना में अप्राथमिकी दर्ज है।

## घर का ताला तोड़ कर दो गाय की चोरी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव में बुधवार की देर रात चोरों ने घर का ताला तोड़कर गांव के अयूब खान की दो गाय चोरी कर ली। भुक्तभोगी ने बताया कि प्रति दिन की तरह बुधवार की शाम दोनों गाय को बगल के घर में बांधा गया था। गुरुवार की सुबह देखने पर पाया कि दोनों गाय गायब हैं। रात में इसकी भनक तक नहीं लगी कि चोर घर का ताला तोड़कर गाय की चोरी कर ले भागे। भुक्तभोगी ने इस संबंध में सिकिदिरी थाने को सूचना दे दी है। बता दें कि गत शनिवार की रात भी थाना क्षेत्र के खख्सी टोली गांव में चोरों ने पांच खस्सी की चोरी की थी। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों सिकिदिरी थाना क्षेत्र में गायएबैल और खस्सी चोरी की घटना बढ़ गई है। चोर गिरोह क्षेत्र में काफी सक्रिय है। आए दिन किसी न किसी गांव में मवेशियों की चोरी हो रही है।

## बेड़ो : कादोजोरा गांव में पुआल में लगी आग, जल कर राख

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के कादोजोरा गांव में बुधवार की रात करीब 9ण्30 बजे चार किसानों में क्रमशः बिरसा उरांवए सुरेश उरांवए रोपना महतो व रतिया उरांव का पुआल का गांज आग लग जाने से जलकर राख हो गया। जिससे किसानों का मवेशियों का चारा जलकर राख हो गया। वहीं किसानों को इससे भारी आर्थिक क्षति हुई है। इधर घटना की सूचना मिलने पर उप मुखिया तंजीर हुसैन ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस घटना से चारों किसानों को भारी क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। साथ ही उन्होंने इस घटना को लेकर क्षतिपूर्ति के एवज में भुक्तभोगी किसानों को स्थानीय प्रशासन से मुआवजे की भुगतान करने की मांग की है।

## अत्यधिक शराब सेवन से युवक की मौत

**मैक्लुस्कीगंज।** 35 वर्षीय डहरा की हुई मौतण प्राप्त जानकारी के अनुसार मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्र के कोनका निवासी डहरा गंझू इसी क्षेत्र बिकासनगर में लगने वाली साप्ताहिक बाजार गया हुआ थाण डहरा सब्जी आदि की खरीदारी कर अपने साथियों संग शराब का भी सेवन किया। देर शाम सभी लोग बाजार से घर लौट गये। वहीं डहरा गंझू अत्यधिक शराब का सेवन करके पूरी रात बाजार परिसर में ही पड़ा रहा। गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक में निकले ग्रामीणों की नजर अचेतावस्था में पड़ा डहरा पर पड़ी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोनका में परिजनो को दियाण ग्रामीणों व परिजनो के सहयोग से गम्भीरवस्था में डहरा गंझू को भवानी नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। डहरा पेशे से ट्रैक्टर चालक था। अचानक हुई मौत के बाद पत्नी श्रुति देवी व दो बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## वेटनरी स्नातक पाठ्यक्रम में नामांकन पर रोक हटी

**पिठोरिया।** वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया वीसीआई नई दिल्ली ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित राज्य के एकमात्र रांची |दूमत कॉलेज के सत्र 2022-23 के स्नातक पाठ्यक्रम में लगी प्रतिबंध को हटा लिया है। वीसीआई ने राज्य सरकार के अनुरोध पर सशर्त एक वर्ष के लिए कॉलेज को मान्यता दे दी है। अब झारखंड निवासी प्लस टू जीव विज्ञान विषय से पास आउट छात्र इस मौके का लाभ ले सकते हैं।

# 150 एकड़ भूमि पर बनेगा अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल

## डीसी ने किया अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के लिए भूमि का निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इटकी।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला का दौरा कर अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के लिये चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। श्री सिन्हा आरोग्यशाला के इंटर वार्ड, डीबी वार्ड, महिला वार्ड के अलावा अन्य क्षेत्र का जायजा लिया। डीसी ने आरोग्यशाला के मैप के सहारे चयनित स्थल का मुआयना किया और अधिकारियों को आरोग्यशाला के बने भवन क्षेत्र को छोड़ कर खाली पड़े भूमि को अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी को देने का निर्देश जारी किया। इस दौरान वह कौशल विकास नर्सिंग कॉलेज का भी निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन को लीज के लिए चिन्हित भूमि में ही आरोग्यशाला का महिला वार्डएडीबी वार्ड व इंटर वार्ड अवस्थित है। उक्त वार्डों में करीब तीन सौ बेड हैं। सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर उक्त सभी भवन का हाल ही में उन्नयन कार्य कराया गया है। विदित हो कि 150 एकड़ भूमि पर अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल और नर्सरी से लेकर 12वीं तक की राज्य स्तरीय स्कूल बनाने का लक्ष्य है। इसको लेकर राज्य सरकार से एमओयू हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा भूमि हैंडओवर होते ही यूनिवर्सिटी भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इधर गुलाम टोली के ग्रामीणों ने इटकी से चनगनी तक जल्द सड़क निर्माण की मांग उपायुक्त से की। निरीक्षण में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, अधीक्षक डॉ पीके भगत, सीडीपीओ नायाब जेबा, मुखिया रमेश महली सहित अन्य मौजूद थे।

## अनगड़ा में विकास योजनाओं का निरीक्षण

**अनगड़ा।** उपायुक्त रांची ने अपने व्यस्तम कार्यक्रम के तहत अनगड़ा प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सर्वप्रथम कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया यहां चल रहे पठन पाठन कार्य छात्राओं के दैनिक भोजन एव अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति संतोष व्यक्त किया। यहां से वे गेतलसूद डैम के अन्दर महेशपुर के पास केज कल्चर से किए जा रहे मत्स्य पालन का उपायुक्त ने लाईफ जैकेट पहन कर और वोट पर सवार होकर डैम के बीचो बीच गए और मत्स्य पालन का निरीक्षण किया। उन्होंने गेतलसुद पंचायत मे प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों का गृह प्रवेश भी करवाया। इसके बाद नवागढ़ पंचायत के सोसो गाव में मनरेगा पार्क के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण नए आम बागवानी का उद्घाटन दीदी बाड़ी योजना का उद्घाटन तथा पंचायत के रंगामाटी में जैविक कृषि कार्य का निरीक्षण तथा पोटो हो खेल मैदान का निरीक्षण किया बीसा मे एकलव्य विद्यालय के लिए चिन्हित जमीन का भी उन्होंने निरीक्षण किया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर जेएनडी आंदोलित

## प्रखंड परिसर में 13 को उपवास कार्यक्रम और 20 को राजभवन में धरना-प्रदर्शन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** झारखंड नवनिर्माण दल कृषकों की समस्याओं को लेकर आंदोलित है। दल के स्थानीय इकाई की ओर से 13 दिसंबर को प्रखंड परिसर में उपवास और 20 को राजभवन के समक्ष एक दिनी धरना.प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने गुरुवार की शाम पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि धान की खरीदारी पर किसानों को नगद भुगतान करनेए केसीसी ऋण माफी का प्रमाण पत्र देने, बिजली की बकाया बिल माफ करने, विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने व मेहनतकश मजदूरों की सुरक्षा और उन्हें उचित मजदूरी दिये जाने की मांग पर जेएनडी आरपार की लड़ाई के लिये तैयार है। श्री सिंह ने बताया कि किसान मंच के प्रखंड प्रभारी तेजू भगत की अगुआई में मलमाड़ू, हुरहुरी, गुटूवाटोली व पूरब और पश्चिम तारूप आदि गांवों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। किसानों से मिलकर प्रस्तावित दोनों ही कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की गयी। अभियान में श्री सिंह और तेजू भगत के अलावा एजाज अंसारी, सुशील उरांव, संजय पहान, बुटना उरांव, देवेश गोप, बंधना उरांव, शनिदेव महतो, रोपना उरांव व भुवनेश्वर पहान आदि शामिल थे।

# दीवार तोड़ कर घर में घुसा कंटेनर, बाल-बाल बचे लोग



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के ओरमांझी स्थित दीवार तोड़ते हुए एक कंटेनर मकान के अंदर घुस गया। बताया गया कि कैमिकल लेकर कंटेनर एनएल02क्यू-7400 पुटी फैक्ट फैक्ट्री ओरमांझी आया था। कैमिकल अनलोड करने के दौरान ही वाहन लूढकते हुए सुनिता देवी पति स्व रणधीर महतो के मकान में घुस गया। इस दुर्घटना में सुनिता देवी, बेटा उदय कुमार व एक गाय बाल-बाच गए। घटना के बाद स्वजनों व स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। बताया गया कि इससे पूर्व फैक्ट्री से निकले वाले ट्रक तीन बार उसी मकान में दुर्घटना ग्रस्त हो चूका है। लोग पीड़ित को मुआवजा देने व फैक्ट्री आने-जाने के लिए दूसरे पथ बना लेने की मांग कर रहे थें। बाद में पुलिस व स्थानीय लोगों की पहल पर फैक्ट्री संचालक के बीच समझौता हो गया। वहीं पुलिस द्वारा दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को जब्त कर लिया गया है।

## कांके: कार्तिक उरांव की पुण्यतिथि मनी

**पिठोरिया।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् कॉंके एशाखा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र लिंडा की अगुवाई में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय एकॉंके में महान शिक्षाविद्, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पंखराज बाबा कार्तिक उरांव की 41वीं पुण्य तिथि मनाई गई। विश्वविद्यालय मुख्य बिल्डिंग स्थित कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति ऑमकार नाथ, प्रसार शिक्षा डायरेक्टर डॉ जगन्नाथ उरांव, प्रो बसंत चन्द्र उरॉंव, आजसू पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता डॉं देवशरण भगत, परिषद् कांके महासचिव सुनील होरो, राजू उरांव, बाढ़ू पंचायत के सरपंच रिसा केरकेट्टा, बिरसा उरांव मौजूद थे।

# फिल्ट्रेशन प्लांट के घायल मजदूर को मिली मुआवजा राशि

## फिल्ट्रेशन प्लांट के मजदूरों का आंदोलन समाप्त, मागें स्वीकृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मजदूर प्रतिनिधि को स्वीकृत पत्र सौंपते कंपनी के एमडी पूजन शाह।

**ओरमांझी।** वाटर फिल्ट्रेशन प्लांट रूक्का में गुरुवार को कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक) प्रदीप भगत की अध्यक्षता में एपीसीएल कंपनी के एमडी पूजन शाह व मजदूरों के बीच एक बैठक हुई। जिसमें मजदूरों व कंपनी के बीच समझौता हो गया। वहीं प्लांट के मजदूरों ने भी आंदोलन वापस ले लिया है। कार्यपाल अभियंता प्रदीप भगत ने कहा किसी भी हाल में जलापूर्ति सामान्य रूप से बहाल रखना जरूरी है। इसमें कंपनी व प्लांट के मजदूर सभी की सहयोग की अपेक्षा करते हुए उन्होने कंपनी के एमडी पूजन शाह से मजदूरों की सभी जाएज मांगे सिर्घ पूरा करने को कहा। वहीं कंपनी के एमडी ने आउटसोर्सिंग मजदूरों की सभी मांग स्वीकारते हुए कहा एक-एक कर सभी मांगे पूर्ण की जाएगी। उन्होने दोनो घायल मजदूर कार्य के दौरान पैर टूटने वाले मजदूर दिनेश महतो को नगद राशि 26000 रुपया व उंगली कटे मजदूर अमृत मुंडा को 3000 रुपया मुआवजा राशि दिया। वहीं लिखित रूप से स्वीकृत पत्र मजदूरों को सौंप दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता (यांत्रित) राधेश्याम रवि आऊटसोर्सिंग कर्मी के प्रतिनिधि सरदीप महतो, मनोज कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, दीपक सिंह, मानेश्वर महतो, विभाग के पदाधिकरी, जेई व एपीसीएल कंपनी के कर्मी आदि उपस्थित थे।

## मजदूरों को मिलेगी बढ़ी हुई मजदूरी

अहमदाबाद गुजरात की एपीसीएन कंपनी के एमडी पूजन शाह ने लिखित समझौता पत्र सौंपा, जिसमें सभी कर्मियों का 7.5 फीसद मजदूरी वृद्धि जनवरी माह से किया गया। फरवरी माह से बढ़ी मजदूरी के साथ पे-सिलिप भी दी जाएगी। वहीं जनवरी माह के अंतिम सप्ताह तक पीएफ व प्रत्येक माह 10 से 15 तारिख तक मजदूरी देने, इएसआई कार्ड एक माह के अंदर देने भी स्वीकृति हो गई है। समझौता कराने व मुआवजा दिलाने के लिए प्लांट के मजदूरों ने कार्यपालक अभियंता प्रदीप भगत के प्रति अभार जताया गया है।

# दानाडीह में पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सोनाहातू।** विधायक सुदेश कुमार महतो ने गुरूवार को सोनाहातू प्रखंड के दानाडीह गांव में तीन सौ फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सुदेश ने कहा कि पथ निर्माण का कार्य समय सीमा के अंदर गुणवत्तायुक्त किया जाए और गांवों में बाकी जगहों पर भी सड़क बनाया जाय। ताकिए ग्रामीणों को आने . जाने में तनिक भी दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को भी बेहतर करने का प्रयास किया जा रहा है। वहींए लोगों को उचित न्याय । गांव में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जायेगा। इस दौरान शिलान्यास समारोह में भी तफन सोनारए रविंद्र मुंडाए गोपाल महतोए पुष्कर महतोए रवि महतोए सुदेश महतो बरुन महतोए जगदीश महतोए कमलेश महतो समेत दर्जनों लोगों ने आजसू का सदस्यता ग्रहण किये। मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव संजय कुमार महतो, तारणी सिंह मुंडा, सुषेन प्रमाणिक, बिरेन्द्र लोहरा, आशा राम महतो, विपिन पाल, हलधर सिंह मुंडा, सावना महली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पंचायत कमेटी के गठन को लेकर बैठक

**खलारी।** गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने अपने समर्थकों के साथ चूरी पश्चिमी पंचायत कमेटी के गठन के लिए कार्यकताओं के साथ एक बैठक किया। जिसमें चूरी पश्चिमी में जल्द सशक्त पंचायत कमेटी का गठन किया जाएगा जिस पर चर्चा की गई इसके साथ ही झारखंड सरकार के विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया।

# राजन साहू अध्यक्ष और एनामुल बने सचिव, उपाध्यक्ष चुने गये नरेश लोहरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति की बैठक पूर्वी पंचायत के काठीटांड़ में हुयी। अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान संगठन को मजबूत और धारदार बनाने पर चर्चा की गयी। इसके उपरांत पंचायत कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से राजन कुमार साहू अध्यक्ष, नरेश लोहरा उपाध्यक्ष, एनामुल अंसारी सचिव, जानू खान कोषाध्यक्ष, अफजल अंसारी संगठन सचिव व अब्दुल सुभान अंसारी सह सचिव चुने गये। कार्यकारिणी सदस्यों में मंसुर आलमए योगेंद्र ओहदार, महफूज आलम, अमित कुमार राय, कमरुद्दीन अंसारी, मंगल सिंह, साजिद अंसारी, अमित कुमार पांडेय व मो आरिफ अंसारी शामिल हैं।

## पदधारियों का किया गया स्वागत

श्री बेलाल अंसारी ने नवगठित कमेटी के पदधारी और सदस्यों से मोर्चा की नीति व सिद्धांतों को आमजनों तक पहुंचाने और गांवों में प्रस्तावित विकास योजना व कार्यक्रमों में सतत भागीदारी निभाने का निर्देश दिया। इससे पूर्व पदधारियों का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मौके पर संजय पासवान, विकास मुंडा, मो अशरफ, आदम अंसारी, संतोष कुमार, सत्येंद्र सिंह, मनुवर अंसारी, मो आरिफ, छोटू तिर्की व सुरेश ऊरांव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एक नजर में

## नगड़ी: गरीब-असहायों के बीच कंबल वितरण



**पिस्कानगड़ी।** जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने प्रखंड के देवरी पंचायत कुम्हार टोलीए कुर्ला टोली में गुरुवार को घर घर जाकर गरीब, असहाय वृद्ध एवं वृद्धाओं के बीच ठंड से बचने के लिए भिन्न-भिन्न वार्डों में कंबल का वितरण किया। मौके पर पूनम देवी ने कहा कि किसी भी गरीब असहाय बूढ़े बुजुर्गों को ठंड के कारण दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगले चरण में और भी पंचायतो में गरीब असहाय बूढ़े बुजुर्गों को कंबल का वितरण किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी बजरंग महतो, कृष्णा महतो, केसर साहू, दीपक सिंह, सरवन कुमार, भोला बैठा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मेडिकल कैंप में 350 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**इटकी।** मोमिन महापंचायत के तत्वावधान में गुरुवार को इटकी बाजार प्रांगण में आयोजित नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैंप में 350 लोगो की स्वास्थ्य जांच की गयी। कैम्प में डॉए साकिब जमाल व डॉ सालिक जमाल ने रोगियों का जांच कर उचित परामर्श दिया व जरूरतमंदों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराया गया। कैम्प का उदघाटन डॉ साकिब जमाल व रिजवान अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में बीसीजीएवी आईटी, डी- 3 मलेरिया, टाइफाइड, शुगर, ब्लड प्रेशर, थायराइड सहित अन्य जांच मुफ्त की गयी। मुर्शिद आलम, मेराज आलम, वाहिद इकबाल, शिवम कुमार, सुशीला पांडे, नौशाद आलम, दाऊद अंसारी, महेश प्रसाद, मोईन सोनू, आरिफ इकराम, इमरान अंसारी व नजीर अंसारी सहित अन्य ने कैम्प में सहयोग किया।

## जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में अखंड हरिकीर्तन

**इटकी।** अगहन पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को इटकी के जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत की गयी। कीर्तन का समापन कल शुक्रवार को हवन व महा आरती के बाद होगा। इससे पूर्व पंडित शत्रुघ्न पांडेय के नेतृत्व में पूजा-अर्चना की गयी। कार्यक्रम में बंशीधर साहू, हरि नारायण तिवारी, मदन सिंह व मधु सिंह सहित इटकी और आसपास की कीर्तन मंडलियां भाग ले रही हैं।

## विस्थापित ठेकेदार संघ की बैठक में 6 प्रस्ताव पारित

**पिपरवार।** महाप्रबंधक कार्यालय के समीप बीओसी हनुमान मंदिर में विस्थापित प्रभावित ठेकेदार संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राय पंचायत मुखिया शीला कुमारी एवं संचालन जितेंद्र राम ने किया। बैठक में सीएसआर योजना के तहत निकलने वाले टेंडर पर आवश्यक चर्चा कि गई। बैठक काफी देर तक चली बैठक में सर्व सहमति के साथ 6 प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें प्रथम पिपरवर कोयलांचल क्षेत्र के सभी लोकल ठेकेदार को अपने लेटर पैड संगठन के पास जमा करना अनिवार्य होगा। दूसरा प्रस्ताव जो ठेकेदार दूसरे के काम में टेंडर डालते हैं तो उनका पेपर संगठन के द्वारा निष्क्रिय करवा दिया जाएगा। प्रस्ताव संख्या 3 में जो ठेकेदार कम रेट में काम डालकर हासिल करेंगे और संगठन की बात नहीं मानेंगे उनके काम का निरीक्षण संबंधित पंचायत मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कराया जाएगा। प्रस्ताव संख्या 4 में संगठन की बात नहीं मानने वाले ठेकेदार को संगठन से बहिष्कार किया जाएगा।

# सिल्ली: राजमाता के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर, दी गई श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली।** राजमाता विद्या सिंह देव (81 वर्ष) का गुरुवार सुबह 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को प्रातः 8 बजे मुरी स्वर्णरेखा नदी तट के मुक्तिधाम में किया जाएगा। खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के समाजिक एव धार्मिक कार्यों में उनका हमेशा योगदान रहता था। जिससे क्षेत्र के लोगों में वो काफी लोकप्रिय थे। सुचना पाकर सिल्ली ड्रामेटिक क्लब के सदस्य क्षेत्र के व्यवसायी, बुद्धिजीवी, समाज सेवी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार एवं ग्रामीण सिल्ली राजबाड़ी पहुंचे एवं उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। उनके पार्थिव शरीर के दर्शन के दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहा। देर शाम स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने राजबाड़ी पहुंचकर राजमाता के पार्थिव शरीर सुमन अर्पित कर नमन किया। उन्होंने राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव एवं राज परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।

# सिल्ली: आजसू के चूल्हा प्रमुखों की बैठक



**सिल्ली।** ग्रामीण इलाकों में संगठन को मजबूती को लेकर पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर सिल्ली के बूढ़ाबेहरा, नागेडीह एवं लोटा पंचायत के धदकीडीह, सुरगूंजाडीह, केंदवाडीह एवं खेदाडीह में पार्टी के चुल्हा प्रमुखों की बैठक की गई। आजसू पार्टी रांची जिला उपाध्यक्ष तृलोचन महतो एवं आजसू पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता सह पूर्व उपमुखिया जगदीश चन्द्र महतो बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र के समस्याओं एवं समाधान तथा संगठन की मजबुती पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए तृलोचन महतो एवं जगदीश चन्द्र महतो ने कार्यकर्ताओं से अपने दायित्व के प्रति सजग रहने एवं गांव के समस्याओं के समाधान पर तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर परशुराम महतो, मनोरंजन महतो, धर्मेंद्र महतो, तरुण कुमार मुंडा, डोमन मुंडा, बीरबल महतो, त्रिलोचन महतो, राम सिंह महतो, रूपेश करमाली, बुधराम सिंह चटवाल, सुनील कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल: सालहन पंचायत बनी चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में पंचायत एंव प्रखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ; बालक एंव बालिका द्ध प्रतियोगिता 2022.23 के फाईनल मैच में बुधवार को साल्हन पंचायत एंव हेसल पंचायत के बीच रोमांचक खेल का प्रदर्शन हुआ स फाईनल मुकबला में साल्हन पंचायत की टीम ने पेनाल्टी सुट में हेसल पंचायत की टीम को हराकर चैम्पियन बना स वहीं बालिका वर्ग में हरातु पंचायत की टीम विजेता बनी स विजेता एव उप विजेता टीम के बीच पुरस्कार का वितरण मुख्य अतिथि प्रमुख दीपा उराँव सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो साल्हन पंचायत मुखिया सरिता तिर्कीए हेसल मुखिया कविता देवी पंचायत सचिव जितेन्द्र बड़ाईक पंचायत सचिव तसलीम अहमद बीपीओ पंकज तिर्की नाजिर एजाज खान राजेश कुमार अखिलेश कुमार अमन कुमार कृष्णा भगत उपमुखिया दुर्गा पहान उपमुखिया शंकर बैठा आदि ने किया।

## किचटो की टीम ने टंडवा में जीता मैच



**पिपरवार।** टंडवा प्रखंड में आयोजित प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता के फाइनल में किचटो बालिका वर्ग की टीम ने प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बेती बालिका वर्ग की टीम को 1.0 से पराजित कर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का बालिका वर्ग का खिताब पर जीत दर्ज कर लहराया परचम। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि टंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी रंथु महतो द्वारा विजेता बालिका वर्ग किचटो के खिलाड़ियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में टंडवा दक्षिणी क्षेत्र जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को बुके देकर सम्मानित किया। बालिका वर्ग का खिताब पर जीत दर्ज करने के साथ ही किचटो बालिका वर्ग टीम के खिलाड़ियों को 11 दिसंबर से जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए बालिका वर्ग प्रखंड टीम का नेतृत्व करेगी।

# रिकार्ड जीत-हार का

गुजरात में भारतीय जनता पार्टी ने जीत का नया कीर्तिमान स्थापित किया वहीं कांग्रेस ने हार का रिकार्ड बनाया। भाजपा ने जिस प्रकार गुजरात के चुनाव को अपने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान से जोड़ने में सफलता प्राप्त की वहीं कांग्रेस रावण, मां और अर्कमण्यता का शिकार हो गयी। आप की स्वीकार्यता न के बराबर रही। वहीं हिमाचल में परम्परा जिंदा रही और उसके स्थानीय टीम को प्रियंका का सहयोग मिला। इस चुनाव को 2024 का सेमीफाइनल कहा जा रहा था लेकिन यह प्रतीकात्मक शब्द है जिसका उपयोग विपक्षी दल हर लोकसभा के चुनाव में करता आया है। 12 दिसंबर को गुजरात में नये मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। निश्चित ही इस चुनाव ने भाजपा के चुनाव प्रबंधन को एक बार फिर से स्थापित कर दिया। इसी चुनाव प्रबंधन, राष्ट्रबोध,चुनावी रणनीति, बूथ मैनेजमेंट सहित तमाम चुनावी हथकंडों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया जो परम्परागत चुनावी प्रकिया से हटकर है। अगर गुजरात में चुनाव के जीत के ऐसे कारण थे तो हिमाचल में हार के भी परम्परागत धारा से हटकर कांग्रेस की स्थानीय टीम का प्रयास को भी सराहा जाना चाहिए क्योंकि चुनाव प्रचार में भारतीय जनता पार्टी की भारी भरकम टीम के आगे सिर्फ प्रियंका गांधी थी और उनका बल कांग्रेस के कैडर वोटर के साथ कर्मठ कार्यकर्त्ता थे। वैसे लोकतंत्र के नजरिया से देखा जाए तो शासन में परिवर्तन एक सुखद और प्रभावी हथियार है। आखिर चुनाव संतोष असंतोष के बीच की लड़ाई है। भाजपा ने यूपी, एमपी, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में इस मिथक को तोड़ा है जिसे विरोधी गलत मानते हुए इस जीत को भाजपा के अहंकार से जोड़ते हैं। कांग्रेस की हिमाचल की जीत से मिली ताकत और भाजपा को गुजरात की जीत से मिली ऊर्जा का उपयोग आने वाले राज्यों के चुनाव और 2024 लोकसभा का चुनाव में होगा।

# बोरफुकन की याद में

वीर योद्धा लचित बोरफुकन की 4 सौवीं जयंती को भाजपा सरकार दिल्ली से लेकर असम तक जोर-शोर से मना रही है। राष्ट्रीय अखबारों में इस अवसर पर बड़े-बड़े विज्ञापन दिए गए। इतिहास के नायकों का यह महिमामंडन अच्छी बात है, क्योंकि इससे आज की पीढ़ी को न केवल अपनी विरासत की जानकारी मिलती है, बल्कि व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरणा भी मिलती है। लेकिन लचित बोरफुकन के नायकत्व को जिस तरह भाजपा हिंदुत्व के आवरण में लपेटने की कोशिश कर रही है, उस पर अब कई इतिहासकारों ने आपत्ति जतलाई है। भाजपा के इतिहास लेखन में देश के पहले प्रधानमंत्री पं.नेहरू को भी गलत बताने की सायास कोशिश दिखती है। ताजा मिसाल संरा सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सीट के सवाल को लेकर है, जिसके बारे में भाजपा का आरोप है कि पं.नेहरू ने इस सीट को इसलिए ठुकरा दिया, क्योंकि वे चीन से संबंध खराब नहीं करना चाहते थे। देश के प्रधानमंत्री का यह जवाब संसद के दस्तावेज में दर्ज है, लेकिन इसे नजरंदाज कर, कुछ प्रभावशाली लोग मीडिया के इस्तेमाल से गलतबयानी कर रहे हैं। यह अपने इतिहास ही नहीं, जनता के साथ भी छल है। क्योंकि उससे सच छिपाया जा रहा है। मुगलकाल की स्थापत्य कला से लेकर खानपान, नृत्य, संगीत, साहित्य, वस्त्राभूषण, शासन व्यवस्था की धरोहर भारतीय इतिहास और संस्कृति को समृद्ध बनाती है। लेकिन राजनैतिक स्वार्थ में इस खजाने के लुटने का खतरा है। इतिहास के पन्ने ऐसी कई गाथाओं से भरे पड़े हैं, जब राजवंशों में अपने राज्य के विस्तार और प्रभाव के लिए आपसी लड़ाइयां होती थीं। राजाओं की सेना में धर्म के आधार पर नहीं, योग्यता और वफादारी के आधार पर सैनिक और अधिकारी नियुक्त होते थे। निश्चित वीरों का सम्मान हो लेकिन राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत होकर।

# डेटा की कब, क्या और कहां होती है निगरानी

हाल ही में आई कुछ खोजपरक रिपोर्टों में कहा गया है कि चीन की डेटा एनालिटिक्स कंपनी शेन्हुआ डेटा इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलजी ने करीब 10 हजार भारतीय नागरिकों से जुड़े आंकड़े जुटाए हैं। इन लोगों में कई बड़ी हस्तियां भी शामिल हैं। सवाल है कि कोई कंपनी किस तरह ऐसे आंकड़े जुटाती है और उनका विश्लेषण करती है? सच तो यह है कि इनमें से बहुत सारा डेटा सार्वजनिक या अर्द्ध-सार्वजनिक होता है। आज का कोई भी व्यक्ति लगातार डेटा पैदा करता रहता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 2017 में निजता को मौलिक अधिकार बताया था लेकिन भारत में निजी डेटा की निजता को सुरक्षा देने वाला कानून अब तक नहीं बना है। इस बारे में प्रस्तावित कानून में सरकार को अपनी मर्जी से हर तरह का डेटा जुटाने की खुली छूट दी गई है, लिहाजा इसके कानून बन जाने पर भी सरकारी निगरानी के खिलाफ नागरिकों को कोई सुरक्षा नहीं मिल पाएगी।

अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं। कुछ लोग अपवर्क और वीवर्क रिमोटली जैसी गिग साइट से भी जुड़े हुए हैं। अकादमिक विशेषज्ञ अपने शोधपत्रों एवं उद्धरणों का जिक्र करते हैं और उनके विश्वविद्यालय से संबद्धता भी ऑनलाइन नजर आती है। ऐसा बहुत सारा डेटा कानूनी तरीके से और आसानी से जुटाया जा सकता है। ये डेटा संग्राहक (कलेक्टर) किसी के कामकाजी जीवन, आर्थिक स्थिति, शैक्षणिक पृष्ठभूमि, मनोरंजन संबंधी पसंद, दोस्तों, राजनीतिक रुझान और सामाजिक दृष्टिकोण जैसे तमाम पहलुओं के बारे में जानकारी जुटा सकते हैं।

किसी व्यक्ति की किसी जगह पर मौजूदगी संबंधी जानकारी भी उपयोगी होती है। निजता संबंधी प्रस्तावित कानून में भी इसे निजी डेटा नहीं माना गया है। फूड डिलिवरी सेवा और टैक्सी कैब जैसे कई कारोबार स्थान संबंधी जानकारियों पर आधारित होते हैं।





- कुमार गौरव

> अधिकतर लोगों ने सोशल मीडिया साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई हुई हैं। फेसबुक, इन्स्टाग्राम, व्हाट्सऐप, ट्विटर, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे तमाम प्लेटफॉर्म पर लोगों के अकाउंट हैं। इसके अलावा लोगों की ईमेल आईडी भी होती हैं जिनमें से ज्यादातर गूगल की जीमेल पर हैं। लोग अपना ब्लॉग बनाते हैं या पेशेवर या निजी वेबसाइट भी बनाते हैं। कई लोगों ने लिंक्डइन और कुछ दूसरी पेशेवर साइट पर भी अकाउंट बना रखे हैं।

आपके फोन का एक विशिष्ट अतंरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान (आईएमईआई) नंबर होता है। दो सिम वाले फोन में दो आईएमईआई नंबर होते हैं। इस तरह किसी भी हैंडसेट को सिम के साथ ट्रैक किया जा सकता है। हरेक सिम का भी विशिष्ट नंबर होता है। आईएमईआई और सिम के नंबर क्लोन किए जा सकते हैं लेकिन वह न तो आम है और न ही कानूनी।

अगर आपका फोन ऑन होते ही सबसे नजदीकी मोबाइल टावर से संपर्क स्थापित करता है। इस तरह आपके दूरसंचार सेवा प्रदाता को आपकी मौजूदगी वाले क्षेत्र के बारे में पता चल जाता है। अगर फोन में जीपीएस ऑन है तो आपकी वास्तविक लोकेशन भी पता चल जाती है। आरोग्य सेतु ऐप लोकेशन की जानकारी का ही इस्तेमाल करता है। ब्लूटुथ ऑन होने पर भी लोकेशन पता चल जाता है। ऐंड्रॉयड ऑपरेटिंग प्रणाली में वाई-फाई नेटवर्क तलाशने पर लोकेशन डेटा भी दर्ज हो जाता है। इसका मतलब है कि वाई-फाई ऑन रखने से हम अपनी लोकेशन भी बता देते हैं। शॉपिंग मॉल में लगे हार्डवेयर बीकॉन और रेडियो आवृत्ति पहचान (आरएफआईडी), मेट्रो पास एवं टॉल पर इस्तेमाल होने वाले स्मार्ट कार्ड से भी लोकेशन की जानकारी मिलती है। विज्ञापनों के सर्वर को भी विज्ञापन की जगह के बारे में पता होता है। इस डेटा को कई तरह से हासिल किया जा सकता है। ऐसे गुमनाम डेटा का बहुत बड़ा बाजार है। थोड़ी अतिरिक्त जानकारी की मदद से गुमनाम डेटा को अक्सर गुमनामी से बाहर निकाला जा सकता है और चिह्नित लोगों के साथ उसे संबद्ध किया जा सकता है। कई हैंडसेट में विनिमार्ता द्वारा क्लॉउड बैकअप सेवा भी दी जाती है। वह क्लॉउड सर्वर लॉगिंग की जगह हो सकता है। उबर और जोमैटो जैसे कई ऐप लोकेशन मांगते हैं। अगर आप फोन सेटिंग्स में जाएं तो पता चलेगा कि कई ऐप लोकेशन डेटा का इस्तेमाल करते हैं। अगर लोकेशन डेटा को एक डिजिटल मानचित्र से जोड़ें और कुछ अन्य सूचनाएं भी मिल जाएं तो हम किसी फोन उपभोक्ता की 24 घंटे की गतिविधियों के बारे में बेहद सटीक अनुमान लगा सकते हैं। इसके अलावा लेनदेन संबंधी डेटा भी होता है। उम्मीद है कि क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड सेवाएं नेटबैंकिंग सेवाओं की तरह सुरक्षित हैं। लेकिन ई-कॉमर्स साइट पर खरीदारी करते समय आपके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड की जानकारियां भी दर्ज होती हैं और ये साइट उसे स्टोर कर लेती हैं। अगर डेटा कलेक्टर ने शॉपिंग ऐप तक पहुंच हासिल कर ली तो वह लेनदेन संबंधी जानकारियां भी ले सकता है।

जब कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिये उन सूचनाओं के अंबार में से पैटर्न तलाशा जाता है तो अचंभित करने वाली बातें होती हैं। डिजिटल मार्केटिंग के एक बड़े हिस्से में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ऐसे विशाल डेटा का इस्तेमाल होता है। नेटफ्लिक्स, यूट्यूब और एमेजॉन पर दर्शक को अगले वीडियो या फिल्म के बारे में सुझाव देने के लिए एल्गोरिद्म का इस्तेमाल होता है। गूगल आपके ईमेल और ऑनलाइन सर्च से मिले पैटर्न के हिसाब से विज्ञापन भी भेजता है।

वर्ष 2012 में अमेरिकी खुदरा विक्रेता टारगेट ने एक बड़े विवाद को जन्म दिया था जब उसने एक उपभोक्ता को होने वाले बच्चे के जन्म का बधाई संदेश भेज दिया था। साइट ने ऑनलाइन सर्च और खरीदारी रुझान के आधार पर बच्चे के जन्म का अंदाजा लगाकर संदेश भेजा था। जबकि वह खरीदार एक नाबालिग लड़की थी और उसके मां-बाप को गर्भावस्था के बारे में कोई खबर नहीं थी। डेटा माइनिंग की सटीकता एवं दायरा दोनों ही अचंभित करता है। मान लीजिए कि आप तिरुवनंतपुरम में चिली बीफ फ्राई ऑर्डर करने के लिए क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं। उस ऑर्डर की रसीद से यह भी पता चल सकता है कि आपने क्या और कहां खाया? (लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# योग के लिये मानसिक स्थिति

**स्वामी मुक्तरथ**



योगाभ्यास शुरू करने से पहले सही मानसिक स्थिति क्या है? - योग आसन हमेशा मन को शांतिपूर्ण अवस्था में रख कर किए जाने चाहिए। शांति और स्थिरता के विचार के साथ अपने मन को भरें और अपने विचारों को बाहारी दुनिया से दूर कर स्वयं पर केंद्रित करें। सुनिश्चित कर लें कि आप इतने थके ना हों कि आसन पर ध्यान केंद्रित करने में असमर्थ हों अगर थकान ज्यादा हो तो केवल रिलैक्स करने वाले आसन ही करें।

योगाभ्यास के दौरान सही मानसिक स्थिति क्या है? -आप जो आसन कर रहे हैं, उस पर गहरा ध्यान लगायें। शरीर के जिस अंग पर उस आसन का सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है, उस पर अपनी एकाग्रता केंद्रित करें। ऐसा करने से आपको आसान का आशिकतम लाभ मिलेगा। आसन करते समय, श्वास बहुत महत्वपूर्ण होता है। आसन के लिए जो सही श्वास करने का तरीका है वैसा ही करें (कब श्वास अंदर लेना है और बाहर छोड़ना है)। अगर आपको इसका ग्यात ना हो तो जो सामान्य लयबद्ध श्वास रखें।

योग की शुरूआत करने के लिए टिप्स और सुझाव - अगर आप योगाभ्यास जीवन में पहली बार शुरू कर रहे हैं या योग से ज्यादा परिचित नहीं हैं, तो इन बातों का खास ध्यान रखें:

अपने योगाभ्यास को धैर्य और दृढ़ता के साथ करें। अगर आपके शरीर में लचीलापन कम है तो आपको शुरूआत में अधिकतर आसन करने में कठिनाई हो सकती है। अगर आप पहले-पहले आसन ठीक से नहीं कर पा रहे हों तो चिंता ना करें। सभी आसान दोहराव के साथ आसान हो जाएँगे। जिन मांसपेशियों और जोड़ों में खिंचाव कम है, वह सब धीरे-धीरे लचीले हो जाएँगे।

अपने शरीर के साथ जल्दबाजी या जबरदस्ती बिल्कुल ना करें।शुरूआत में आप सिर्फ. वही आसन कर सकते हैं जो आप आसानी से कर पायें। बस इतना ध्यान रखिए की आपकी श्वास लयबद्ध हो।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

# अध्यात्म की सीढ़ी

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**भगवान,** कृपा करके यह बताया जाए क्या हमारे हिंदू धर्म में मंदिर और मूर्ति पूजा का प्रावधान क्यों किया गया और इसका रहस्य क्या है? ज्ञान मार्तंड श्री स्वामी जी महाराजः हिंदू धर्म में जो भी कर्मकांड का प्रावधान किया गया है वह वैज्ञानिक है और हमारे प्राचीन ऋषि मुनियों द्वारा बहुत ही सोच समझ कर बनाया गया है। जरा सोचिए यदि यह मंदिर और उसके अंदर देवी देवता का प्रावधान नहीं होता तो क्या हम समझ पाते कि भगवान भी कोई है उनकी पूजा भी होती है और पूजा का पूजा का तरीका इस प्रकार है। मंदिर नहीं होता तो हमारे अंदर भगवान की कल्पना भी नहीं होती यह प्रथम पाठशाला है बिना इस पाठशाला से गुजरे कोई भी अध्यात्म की अगले सीढ़ी पर नहीं चढ़ सकता। यह मंदिर ही है जो हमारे अंदर श्रद्धा और भगवान के प्रति विश्वास का बीज डालता है। कितना बड़ा विद्वान हो या डॉक्टर इंजीनियर हो या उच्च अधिकारी हो सबको प्राथमिक स्कूल से होकर ही गुजारना पड़ता है। मगर प्राइमरी में पड़े बिना कोई भी आगे नहीं पढ़ सकता। हमारे मंदिर मस्जिद अध्यात्म का प्राइमरी पाठशाला है इसके खिलाफ बोलने वाला व्यक्ति न धार्मिक हो सकता है और ना अध्यात्मिक हो सकता है। आप कहेंगे कि बहुत से संतो ने मूर्ति पूजा का विरोध किया है इसकी आलोचना की है। लेकिन बात ऐसी नहीं है। हमारे धर्मो को संकेतों के माध्यम से समझने की की जरुरत होती है।

.(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम )

## कार्टून वर्ल्ड

सोशल मीडिया की आभासी दुनिया



## रोचक ट्वीट

हमारे युवा देश का भविष्य हैं। सम्पूर्ण विश्व भारतीय युवाओं को बेहद आशा भरी नजरों से देखता है। उनकी ऊर्जा, विश्वास और जज्बा ही नए भारत के निर्माण का आधार है। आज के संवाद के दौरान एक बार फिर युवाओं में भारत को नवनिर्माण की दिशा में ले जाने वाली सकारात्मकता और उद्यमशीलता दिखाई दी।

**- ओम बिरला, अध्यक्ष, लोकसभा**

आत्म-अनुशासन वास्तव में सार्थक और महान जीवन कुंजी है।अनुशासित व्यक्ति जीवन के प्रत्येक आयाम पर सफलता शांति और उदात्त आनंद का अनुभव करता है। अतः बाह्यन्तर अनुशासित रहें।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**





राष्ट्र की स्वतंत्रता तब सार्थक होती है जब जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध पहुंचे।देश महसूस कर रहा है कि 8 साल पहले समग्र स्वतंत्रता की शुरूआत।

**- अन्नपूर्णा देवी, सांसद**

# जैव विविधता पर मंडराता संकट अस्तित्व पर खतरा

**मुकुल व्यास**

## पर्यावरण

**जैव** विविधता ने हमारी पृथ्वी को एक जीवंत ग्रह बनाया है। जिस हवा से हम सांस लेते हैं और जो खाना हम खाते हैं,वह सब जैव विविधता पर निर्भर हैं। जैव विविधता दरअसल पृथ्वी के जीवन की संपूर्ण तस्वीर है। पृथ्वी की मिट्टी में पाए जाने वाले सूक्ष्मतम बैक्टीरिया से लेकर समुद्र में पाई जाने वाली वेल मछली तक हर जीव पृथ्वी की जैव विविधता का हिस्सा है। लेकिन जैव विविधता का संबंध सिर्फ प्रजातियों से नहीं है। यह समस्त जीव रूपों और उनके पयार्वास के बीच संबंधों को भी अभिव्यक्त करती है। इसमें समुद्र के सूक्ष्मतम जीव प्लैंक्टन और विशालकाय व्हेल का रिश्ता भी शामिल है जो वायुमंडल में ऑक्सीजन उत्पन्न करने में मदद करते हैं। इसमें बीजों और गैंडों का रिश्ता शामिल है जो जंगल लगाने में मदद करते हैं। इसमें बैक्टीरिया और पौधों का रिश्ता शामिल है जो मिट्टी की रासायनिक संरचना को बदलते हैं। जैव विविधता में प्रत्येक प्रजाति में आनुवंशिक अंतरों के अलावा जंगलों,नदियों,तालाबों, नदियों,रेगिस्तानों और खेतों की विविधता भी शामिल है। जैविक विविधता वाले संसाधन ऐसे मजबूत खंभें हैं जिन पर हम अपनी सभ्यताएं निर्मित करते हैं। करीब 80 प्रतिशत मानव आहार की व्यवस्था पेड़-पौधे करते हैं। विकासशील देशों के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले 80 प्रतिशत से अधिक लोग अपनी बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों के लिए वनस्पति आधारित दवाओं पर निर्भर हैं। दुनिया के 3 अरब लोगों को 20 प्रतिशत पशु प्रोटीन मछलियों से मिलता है।

मनुष्य जैव विविधता समुदाय का अंग है और हमारी अपनी सांस्कृतिक विविधता को स्थानीय जैव विविधता का उत्पाद माना जाता है। संस्कृति का संबंध उस प्रकृति से है जहां से मानव समुदायों का उदय हुआ है। जब हम जैविक-सांस्कृतिक विविधता की बात करते हैं तो उसका अभिप्राय मानव संस्कृति और आसपास की पारिस्थितिकी से होता है। यह देखा गया है कि ठंडे और ध्रुवीय क्षेत्रों की तुलना में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में जैव विविधता अधिक है क्योंकि वहां प्रजातियों की संख्या अधिक है और आनुवंशिक डेटा भी अधिक है। पारिस्थितिकी के आधार पर वहां ज्यादा जटिल अंतर-क्रियाएं होती हैं। दूसरी तरफ हम जैव विविधता में ठंडे प्रदेशों की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं कर सकते। ध्रुवीय समुद्रों से लेकर सबसे गहरी गुफाओं तक ठंडी और अंधेरे वाली जगहों पर भी प्रचुर जीव रूप मौजूद हैं। इनमें से प्रत्येक जीव रूप हमारे पर्यावरण के लिए कुछ न कुछ योगदान करता है। हमारी मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जैव विविधता उन रासायनिक परिस्थितियों को उत्पन्न करती हैं जो स्वस्थ, संधारणीय और भरपूर फसल के लिए आवश्यक हैं।

जैव विविधता से मिलने वाली जीवनदायक सेवाओं को मानव टेक्नोलॉजी के स्तर पर दोहराया नहीं जा सकता और न ही आर्थिक स्तर पर उनका मूल्यांकन किया जा सकता है। फिर भी एक मोटे अनुमान के अनुसार जैव विविधता से मिलने वाली सेवाओं का मूल्य विश्व के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से दुगना है। पृथ्वी की जैव विविधता हमारा सबसे बहुमूल्य और सर्वाधिक आवश्यक संसाधन है। यह पृथ्वी के जीवमंडल अथवा बायोस्फीयर की प्राथमिक स्त्रोत है। हवा,पानी और भोजन जैसी मनुष्य की हर जरूरत यह जीवमंडल पूरी करता है। ऐसे कई ग्रह हो सकते हैं जहां पृथ्वी से ज्यादा बहुमूल्य खनिज मौजूद हों,लेकिन हम ऐसे दूसरे ग्रह को नहीं जानते जहां मानव सभ्यताओं के लिए आवश्यक परिस्थितियां मौजूद हों। हमारी पृथ्वी जैव विविधता से संपन्न है,हालांकि अनेक प्रजातियों की खोज अभी बाकी है।

## लेटर टू एडिटर

### यूएसए में हिंदी

**'हिंदी'** प्रवासी भारतीयों की अस्मिता है। अमेरिका के हर शहर के वातावरण को हिंदीमय बनाने के लिए अमेरिका के साहित्यकार विश्वविद्यालयों में जाकर युवा पीढ़ी से संवाद स्थापित करते हैं और हिंदी की महत्ता और इसकी समृद्धता के बारे में बताते हैं। अमेरिका में भारतीय हिंदी को बढ़ाने के लिये जी जान से जुटे हैं। देश में भी ऐसे प्रयास हो।

**- अभिजित, गढ़वा**

### आत्मनिर्भर भारत

**अब** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलौनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया है। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ते हैं तो करोड़ों लोगों का रोजगार तो मिलेगा ही बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा बचेगी। भारत में खिलौना निर्माण का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा के उत्खनन में अनेक प्रकार के खिलौने मिले हैं।

**- विवेक, हजारीबाग**

# भयावह रूप लेता कैंसर और विवश दुनिया

**ज्ञानेन्द्र रावत**

## स्वास्थ्य

**आज** कैंसर समूची दुनिया में भयावह रूप ले रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो भारत में बड़ी संख्या में लोग कैंसर के शिकार होकर जान गंवा रहे हैं। कैंसर के मामले में दुनिया के 172 देशों की सूची में भारत का स्थान 155वां है। यदि एनसीडीआईआर और आईसीएमआर की मानें तो भारत में कैंसर के मरीज तेजी से बढ़े हैं, इसमें 2025 तक 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जायेगी। भारत में प्रति लाख 70.23 लोग कैंसर से पीड़ित हैं। राष्ट्रीय कैंसर संस्थान की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल 13.9 लाख कैंसर के नये रोगी सामने आ रहे हैं। इनमें सात लाख महिलाएं होती हैं। इनमें से साढ़े तीन लाख मौत के मुंह में चली जाती हैं। देश में हर साल 70 हजार लोगों की मौत होती है, जिनमें 80 फीसदी की मौत बीमारी के प्रति उदासीन रवैये के कारण होती है। जबकि रोजाना 1300 से ज्यादा लोग बीमारी के शिकार हो रहे हैं।

गौरतलब है कि सन 1990 के मुकाबले देश में प्रोस्टेट कैंसर के मामलों में 22 फीसदी, महिलाओं में ब्रैस्ट कैंसर के मामलों में 33 फीसदी और सरवाइकल कैंसर के मामलों में तकरीबन 3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। अब तो ब्रैस्ट कैंसर के मामले 23 से 30 वर्ष की महिलाओं में ज्यादातर पाये जाते हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार जिस तरह डायबिटीज और हृदय रोग एक कारण से नहीं होते, उसी तरह कैंसर का भी एक कारण नहीं होता। इसके पीछे पश्चिमी जीवनशैली, डेरी उत्पादों का गलत तरीके से सेवन, रासायनिक प्रदूषण, प्रोसेस्ड फूड, कब्ज व गैस्ट्रिक समस्या की भी अहम भूमिका है। कैंसर के बढ़ते मामलों में रासायनिक खादों के इस्तेमाल में हो रही वृद्धि, खासकर ग्लाइफोसेट पेस्टीसाइड जिस पर बहुतेरे देशों में पाबंदी है व बढ़ रहे प्रदूषण की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता।

दरअसल, कैंसर का तात्पर्य शरीर में अनियंत्रित रूप से वृद्धि करने वाली कोशिकाओं से है। ये बेवजह वृद्धि कर ऊतकों को प्रभावित करती हैं और फिर धीरे-धीरे शरीर के बाकी हिस्सों को भी अपनी चपेट में ले लेती हैं। आमतौर पर शरीर का वजन बढ़ जाना, व्यक्ति की शारीरिक सक्रियता में कमी होना, दोष पूर्ण व असंतुलित तैलीय व मसाले युक्त खान-पान, व्यायाम न कर पाना, नशीले और मादक पदार्थों के अत्यधिक सेवन ही से इस रोग की चपेट में आने की संभावना ज्यादा रहती है। चाय या फिर कॉफी आदि पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। दरअसल, चाय और कॉफी में अन्य पेय पदार्थों के मुकाबले 4000 से ज्यादा घातक तत्व पाये जाते हैं। दवाओं का साइड इफेक्ट और आनुवंशिकता भी इसका अहम कारण है। अब तो बच्चे, नौजवान और वृद्ध भी इस बीमारी की चपेट में हैं।

निस्संदेह, ज्यादा तला-भुना खाना सेहत के लिए हानिकारक है। फिर भी लोग बड़े स्वाद और चाव से खाते हैं। अमेरिकी नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट के अध्ययन के अनुसार, लोगों का यह शौक ही उनके लिए जानलेवा हो सकता है। अमेरिकी कैंसर सोसायटी की पोषण व शारीरिक गतिविधियों की मैनेजिंग डायरेक्टर कोलीन डायल का कहना है कि अक्सर भुने हुए खाद्य पदार्थों का कुछ काला और जला हुआ हिस्सा वास्तव में हैट्रोसाइक्लिक एमिनंस या एचसीए होता है। यह ज्यादातर उस समय बनता है जबकि खाद्य पदार्थ यथा मांस, चिकन या मछली को ऊंचे ताप पर भूना जाता है। जो हानिकारक होता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आंसू और दर्द का मंजर, बेटी की तलाश में दर-दर भटक रहा पिता

## बेटी के गायब हुए 1 माह बीत गए पर नहीं मिला सुराग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कटकमदाग।** थाना क्षेत्र के गांव बांका से एक माह से लापता छात्रा 14 वर्षीय अंशु कुमारी का आज तक कोई सुराग नहीं लगा है। अंशु के पिता सुनील यादव बेटी की तलाश में पिछले एक माह से कटकमदाग थाना और एसपी कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं लेकिन बेटी के बारे में किसी भी तरह की जानकारी उन्हें नहीं मिल पा रही है। इस सम्बन्ध में सुनील ने बताया कि 4 नवम्बर को 8वीं कक्षा की छात्रा अंशु हमेशा की तरह अपने स्कूल ( सुभाष सैनिक हाई स्कूल) पढ़ने के लिए निकली उसके बाद वो स्कूल से नहीं लौटी। हमलोगो ने हर जगह रिश्ते नातेदारों से लेकर हर जगह तलाश किया लेकिन वो कही नहीं मिली। थक हार कर 6 नवम्बर को हमलोगों ने कटकमदाग थाना को इस मामले की सूचना दी और साथ ही आवेदन भी दिया लेकिन आज एक महीने से ऊपर होने को हैं उसके गायब होने की गुत्थी जस की तस बनी हुई है। एसपी कार्यालय में भी दौड़ लगा रहा हूं लेकिन अभी तक सिवाय आश्वासन के कुछ नहीं मिला है। लेकिन ऐसा नहीं है कि पुलिस हाथ पर हाथ धरकर बैठी है। पुलिस छात्रा की सरगर्मी से तलाश कर रही है। कटकमदाग थाना प्रभारी धनंजय कुमार प्रजापति ने इस सम्बन्ध में बताया कि लड़की की तलाश में पुलिस जोर शोर से जुटी है। लोकेशन ट्रेस करते हुए पुलिस की टीम बेगुसराई और दिल्ली तक खंगाल आयी है। ये दुर्भाग्य की बात है कि अब तक हम लड़की को खोज नहीं पाए है। इस मामले में कुछ लोगो को थाने लाकर पूछताछ भी की गयी है लेकिन अभी तक सटीक जानकारी की आभाव है। हमलोग कोई कोर कसर बाकी नहीं रख रहे।



आवेदन दिखाते पिता सुनील यादव

**पिता ने आवेदन में दो लोगो पर जताया शक :** पिता ने आवेदन की कॉपी खबर मन्त्र संवाददाता को दिया जिसमें उन्होंने लिखा है कि ३/१२ /२०२२ को संध्या ६ बजे मोबाइल नंबर से कॉल आया कि आपकी बेटी घर लौटी की नहीं। जब मैंने उससे जानकारी मांगनी चाही हो तो उसने मेरा नंबर ब्लैक लिस्ट कर दिया। इस मामले में मुझे कुसुम्भा निवासी रोहित तुरी पर शक जा रहा है। बाका गांव निवासी मोनिका देवी पति देवकी महतो जो स्थायी रूप से दिल्ली में रहते हैं उनपर भी शक है। उनका बेटा विनोद अपने नाम से फेसबुक चलाता है इसपर भी शक है। मुझे लगता है की षड्यंत्र कर इनलोगो ने मेरी बेटी को कही बेच दिया है।

## एक नजर में

### हदारी में श्री पशु आहार दुकान का किया गया भव्य उद्घाटन

**इचाक।** परियोजना हाई स्कूल के सामने हदारी में श्री पशु आहार दुकान का उद्घाटन पूर्वी जिला परिषद सदस्य रेणु देवी एवं डाडीघाघर के मुखिया नंदू मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काट कर किया गया। रेणु देवी ने कहा कि श्री पशु आहार दुकान खुल जाने से प्रखंडवासीयों के लिए पशुपालकों के लिए खुशी की बात है की यहां सभी तरह के पशु आहार उपलब्ध रहेगी जिससे किसानो को आहार लाने दूर नहीं जाना पड़ेगा । संचालक रंजीत कुमार मेहता ने कहा की मेरे दुकान में पशु के लिए सभी तरह के पौष्टिक आहार उचित मूल्य पर मिलेगा! जो किसान भाइयों के लिए काफी फायदा होगा हमारे यहां दाना, चोकर, खली दरा, चुनी, वेटनरी इत्यादि उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। इस उद्घाटन समारोह में बिरेंद्र मेहता, संजय मेहता, दिलीप मेहता, संतोष मेहता,सुनील मेहता, निर्मल कपरदार, मीरा मेहता, मनीषा कुमारी, टिंकू सोनी, कुलेश्वर साव, अखिलेश कुमार, विजय सिन्हा,अरुण कुमार, अवधेश वर्मा, गौतम कुमार मेहता दीपक कुमार पांडेय, सुनील कुमार मेहता, राजू कुमार मेहता समेत दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

### ₹5.5 करोड़ की लगात से बनेगा नया पुल

**दारु।** प्रखंड क्षेत्र में झुमरा करियातपुर पथ पर मेड़कुरी सिवाने नदी पर नई पुल का निर्माण होगा। इस बारे में झारखंड सरकार के संयुक्त पथ निर्माण विभाग ने प्रधान महालेखाकार रांची को चिट्ठी लिखकर पूल की स्वीकृति की जानकारी दी है।सिवाने नदी पर अभी बहुत छोटी और जर्जर पूल है जिसपर आये दिन दुर्घटना होने की खबर मिलती रहती थी। यह पूल दारू प्रखंड को मेड़कुरी होते हुए इचाक प्रखंड को जोड़ती है जिससे होकर इस रास्ते से प्रतिदिन सैकडो वाहन गुजरते है। दारू प्रखंड के ग्रामीणों ने इस बारे में सदर विधायक मनीष जायसवाल को आवेदन देकर इस पूल की जगह बड़ा और ऊंचा पूल बनाने की मांग की थी जिसके बाद विधायक की सक्रियता से इस पूल के निर्माण की स्वीकृति मिली। पूल की स्वीकृति मिलने से प्रखंड के ग्रामीण और भाजपा कार्यकताओं ने सदर विधायक का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

## बिष्णुगढ़ पंचायत के मुखिया ने पिटवाया डुगडुगी

# सड़कों पर पानी गिरा तो होगी कार्रवाई



डुगडुगी पीट जानकारी देता युवा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बिष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के कई पंचायत के गांव में सड़कों पर गंदे पानी के बहाव से लोग हलकान में, लोगों को चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए वर्षों से प्रशासनिक स्तर पर जोर आजमाइश की गई थी, लेकिन घरों के गंदे पानी का बहाव बदस्तूर वर्षों बाद भी जारी है। यह मामला किसी एक गांव या पंचायत कि नहीं बल्कि कई पंचायतों के मोहल्ला कि है जहां घरों का गंदा पानी सड़कों पर उतारा जाता है इसके साथ ही सड़कों पर मवेशी बांधने से लोगों का आवागमन में हमेशा संकट उत्पन्न होता। स्थिति वस्तु से अंचल अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि अवगत है बावजूद किसी ने इस और पहल करने की जरूरत नहीं समझा लेकिन बिष्णुगढ़ पंचायत के मुखिया पूनम देवी द्वारा अपने पंचायत के गली मोहल्ले में पानी गिराने वाले को आगाह करने के लिए डंका बजाकर ऐलान कर दिया की किसी ने भी मोहल्ले के सड़कों पर घरों से गंदा पानी निकाला उसकी खैर नहीं, सीधा कानूनी तरीके से निपटा जाएगा मुखिया के एलान का लोगों पर कितना असर पड़ेगा यह समय के गर्भ में है।

## झुमरा बाजार में जाम से निजात के लिए खड़े वाहनों पर लगा जुर्माना

**दारु।** झुमरा बाजार में सड़क जाम होने के कारण आये दिन दुर्घटना होने की खबर मिलती रहती है जिससे निजात पाने के लिए झुमरा बाजार में गुरुवार को दारू अंचलाधिकारी नीतू कुमारी के नेतृत्व में जिला परिवहन विभाग द्वारा वाहन जांच अभियान चलाकर बेतरकीब खड़े वाहनों पर जुमार्ना लगाया। इस बारे में अंचलाधिकारी नीतू कुमारी ने बताया कि झुमरा में सड़क जाम होने के कारण सड़क दुर्घटना की घटना में बढ़ रही थी जिस कारण गुरुवार को डीटीओ कार्यालय की सहायता से सड़क किनारे खड़े तीन पहिया और चार पहिया वाहनों के खिलाफ कारवाई करते हुए उनसे जुमार्ना वसूला गया।अंचलाधिकारी के नेतृत्व में इस तरह की करवाई से वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया और वाहन को लेकर चालक इधर उधर भागने लगे। अंचलाधिकारी ने आगे भी ऐसी करवाई होने की बात कही है। झुमरा बाजार के बाद दारू थाना के सामने वाहन जांच अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों के कागजात और हेलमेट आदि की जांच की गई। जांच में दोनो जगहों को मिलाकर कुल 26 गाड़ियों से एक लाख सत्तरह हजार दो सौ पच्चास रुपैये की जुमार्ना लगाया गया।

## सास-बहू और पति सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टाटी में सास-बहू व पति सम्मेलन का आयोजन गुरुवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया सुरेश यादव ने किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से सास बहू व पति सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन आयोजन का एकमात्र उद्देश्य कि प्रत्येक घर में सास बहू तथा पति का परिवार के सदस्यों के प्रति स्वभाव अनुशासन युक्त हो ताकि बच्चे को भी बेहतर वातावरण मिल सके। साथ ही वैवाहिक और पारिवारिक संबंध किस तरह से बेहतर रहते हैं, उसके बारे में भी जानकारी दी गई।

## आइलेक्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शहीद जनरल बिपिन रावत को दी श्रद्धांजलि

# इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों से लिखा जायेगा जनरल बिपिन रावत का नाम: शैलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने शिक्षकों सहित शहीद चीफ ऑफ डिफेंस जनरल बिपिन रावत सहित अन्य 12 शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। जनरल बिपिन रावत एक भारतीय प्रमुख सैनिक थे, जो भारत के पहले रक्षा प्रमुख यानी सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) के पद पद पर थे।मौके पर विद्यालय प्राचार्य शैलेश कुमार उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से कहा कि उनके जीवन का उद्देश्य देश के लिए समर्पित था।

उनका जन्म 16 मार्च 1958 को उत्तराखंड के गढ़वाल में हुआ था।वह भारतीय थल सेना के सेना अध्यक्ष रह चुके थे।, जिन्होंने 31 दिसंबर 2016 को यह पद ग्रहण किया। इसके बाद उन्होंने 1 जनवरी 2020 को रक्षा प्रमुख के पद का भार ग्रहण किया, लेकिन 8 दिसंबर 2021 को बिपिन रावत की 63 साल की उम्र में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में उनका देहांत हो गया।आईलेक्स पब्लिक स्कूल में विपिन रावत की पुण्यतिथि पर देशभक्ति कविता पाठ का आयोजन किया गया। हालांकि आईलेक्स पब्लिक स्कूल में अभी टर्म-3 की परीक्षा चल रही है, फिर भी बच्चों का उत्साह देखते हीं बन रहा था। सर्वप्रथम विद्यालय के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक दीपक कुमार ने बच्चों को विपिन रावत के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उसके बाद बच्चों ने देशभक्ति कविताएं सुनाई।



श्रद्धांजलि देते विद्यालय के विद्यार्थीगण

जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। कक्षा-6 बी की प्राची कुमारी ने कहा कि तिरंगा है आन मेरी, तिरंगा ही है शान मेरी, तिरंगा रहे सदा ऊँचा हमारा, तिरंगे से है धरती महान मेरी। कक्षा-5 ए के वीरू ने कहा कि दिल हमारे एक हैं एक ही है हमारी जान, हिन्दुस्तान हमारा है, हम हैं इसकी शान, जान लुटा देंगे वतन पे हो जाएंगे कुर्बान, इसलिए हम कहते हैं मेरा भारत महान। कक्षा-4 बी की इशिका ने बताया कि आओ झुककर सलाम करे उनको, जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है,खुशनसीब होते हैं वो लोग, जिनका लहू इस देश के काम आता है। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी जनरल विपिन रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बच्चों को कहा कि जनरल विपिन रावत का पूरा जीवन हीं मार्गदर्शक है और ऐसे महापुरुषों के जीवन के सिद्धांतो को हमें अपने जीवन में उतारने की कोशिश करनी चाहिए।

## भाजपा राष्ट्रहित को लेकर समर्पित : रमेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



रमेश ठाकुर

**बरही।** गुजरात विधानसभा चुनाव में 7वीं बार भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने सभी पार्टी नेताओं, देवतुल्य कार्यकताओं एवं समर्थकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भूपेन्द्रभाई पटेल के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन वाली सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जताने के लिए गुजरात की जनता ने यह साबित कर दिया है कि जनता विकास के मॉडल को अपनाना चाहती है। आज पूरे देश में गुजरात का विकास मॉडल दिखता है, इसी कारण गुजरात में उद्योगपति से लेकर व्यापारी अपना उद्योग स्थापित कर राज्य को विकसित करने में अपना योगदान देते है।

कहा कि भाजपा ने अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय व लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की है। भारतीय राजनीति को पार्टी ने नये आयाम दिया है, यही कारण है कि आज पूरे देश में भाजपा को लोग पसन्द कर रहे है।

# मुखिया प्रतिनिधि को धमकी देने वाले पर हो कार्रवाई : राजेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता



राजेंद्र प्रसाद

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत रानीचुंवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुड्डू को दो दिन पूर्व एक नंबर से कॉल कर असामाजिक तत्व प्रवृत्ति के व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी गई है।प्रतिक्रियास्वरूप प्रखंड के धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने मुखिया प्रतिनिधि के समर्थन में खड़ा होकर पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि अपराधियो के खिलाफ जल्द कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि बरही में आज आलम यह है कि जनप्रतिनिधियों को खुलेआम जान से मारने की धमकी मिल रही है, ऐसे में आम जनता के साथ क्या हो रहा होगा? यह समझने की बात है। उन्होंने बरही प्रशासन से मांग किया कि मामले को गंभीरता पूर्वक जांच कर अपराधी पर सख्त कानूनी कार्यवाही करे।

# चरही में सार्वजनिक शौचालय नहीं, खुले में शौच जाने को विवश हैं लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही चौक एवं साप्ताहिक बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार आने-जाने वाले लोगों खासकर महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।बाजार में खुदरा विक्रेताओं से हाट के नाम पर राजस्व की वसूली भी की जाती है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर बाजार में शौचालय शून्य है।इस बाजार में मार्केटिंग शेड बना हुआ है। लेकिन शौचालय व मूत्रालय नहीं रहने के कारण बाजार वासियों को शौच के लिये काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रखंड के कई।

क्षेत्रों में स्वछता अभियान के तहत हजारों शौचालय का निर्माण कराया गया है। परंतु सैकड़ों बाजार करने आने वाले महिलाओं और पुरुषों को शौच के लिये इधर-उधर भटकना पड़ता है। चरही बाजार व्यापारिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण रखता है। यहां पर सप्ताह में दो दिन सोमवार और गुरुवार को बाजार लगता है। इस बाजार में कपड़ा, बर्तन, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक, जूता-चपल सहित सभी प्रकार की दुकानें मौजूद रहते हैं। आस-पास तथा दूर-दराज के हजारीबाग, कुजू, मांडू, डेमोटाण्ड, रामगढ़, सहित ग्रामीण क्षेत्र के इंदरा जरबा, कजरी, बहेरा, तापिन, पीपरा, फुसरी, सरबाहा, चनारो, दसोखाप सहित कई गांव के हजारों लोग चरही बाजार विभिन्न सामानों की खरीददारी के लिए आते-जाते हैं। सोमवार व गुरुवार के दिन भारी बाजार लगता है। लेकिन बाजार में सार्वजनिक शौचालय का अभाव है। चरही चौक के बस पड़ाव से प्रतिदिन सैकड़ों छोटी व बड़ी वाहनों का आवागमन लगा रहता है। यहां से प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में यात्रियों को घांटो, हजारीबग, रामगढ़, रांची, पटना आदि जगहों में जाना होता है।लोग दूर-दूर गांव से गाड़ी पकड़ने यहां आते हैं। लेकिन लोग शौच के लिए काफी कठिन हो जाता है।सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं को जिठानी पड़ती है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि चरही बाजार और बस स्टैंड शौचालय का निर्माण कराया जाय। इससे लोगों को सुविधा और क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहेगी। मोबाइल टॉयलेट एक अच्छा विकल्प हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि चरही में सार्वजनिक शौचालय के लिए 16 लाख रुपए की राशि निर्गत प्रखंड मुख्यालय से की गई थी। लेकिन चरही मुख्य चौक या अन्य किसी भी जगह भूमि की व्यवस्था नहीं हो पाई। जिस कारण चरही में बनने वाली सार्वजनिक शुलभ शौचालय को हस्तांतरित कर चूरचू प्रखंड मुख्यालय में निर्माण करवाया जा रहा है। ग्रामीण इसके लिए कई बार अंचल कार्यालय से संपर्क कर शौचालय निर्माण कराने की बात कही। लेकिन जवाब मिला कि भूमि की व्यवस्था होने के बाद ही चरही में सार्वजनिक शुलभ शौचालय का निर्माण करवाया जाएगा।

# कांग्रेस की प्रचंड जीत पर बरही के कांग्रेसियों में हर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव परिणाम में कांग्रेस पार्टी को स्थानीय जनता के द्वारा प्रचंड जीत मिली है। वहीं हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की बन रही सरकार के लिए बरही कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। इस प्रचंड जीत को लेकर बरही कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व एवं देश के सभी कांग्रेसी कार्यकताओं को बधाई देते हुए सभी को इस जीत के लिए बधाई दिया है। उन्होंने सभी कांग्रेसी कार्यकताओं को अपनी पूरी ताकत जनता के कार्यों को निष्पादित करने एवं पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने के लिए झोंक देने की बात कही है। कहा कि राहुल गांधी ने जनता से जुड़े महंगाई, बेरोजगारी व शांति-सद्भाव के मुद्दों को लेकर भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है और इसका बहुत बड़ा असर हो रहा है।उन्होंने कहा कि भाजपा अपने स्वार्थ के लिए देश को हिन्दू वनाम मुसलमान बना कर अपना उल्लू सीधा करते हुए भारतवासियों को गुमराह कर रही है। परन्तु हिमाचलप्रदेश की जनता ने उनके मनसूबों को भापकर करारा जबाब दिया है।उन्होंने कहा कि हमे देश के हित मे सोचना चाहिए,जहाँ सम्पूर्ण देश महंगाई बेरोजगारी के साथ अन्य कई समस्याओं से निजात पाने के लिए छटपटा रहा है।



अब्दुल मनान वारसी

# अपराधियों द्वारा की गयी गोलीबारी में ठेकेदार घायल

## गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रांची किया रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** पिछले कुछ समय से जिले में अपराधियों का मनोवल बढ़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। क्योंकि तीन दिनों में अपराधियों ने जिले के तीन स्थानों पर गोलीबारी कर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दी है।

गुरूवार को करीब 12:00 बजे के आसपास शहर के बिजुलिया पुराना पुल के समीप बाइक सर सवार दो अपराधियों ने ठेकेदार देवांशु साहा के स्कोडा कार संख्या जेएच 1 ईएल 0530 पर 8 राउंड गोली चलायी। गोलीबारी की घटना में ठेकेदार देवांशु साहा गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल अवस्था में उन्हें हॉप अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। वहीं, गोलीबारी की इस घटना के बाद शहर वासियों में आक्रोश दिख रहा है। शहर वासी कह रहे हैं कि अपराधियों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करे। ताकि शहर सहित जिलाभर के लोग अमन और चेन से रह सकें।



घायल देवांशु साहा



खोखा बरामद करती पुलिस

## एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष संग उपमुखिया ने झरपो पेटो पथ का किया निरीक्षण

**टाटीझरिया।** राष्ट्रीय कोंग्रेस पार्टी (एनसीपी) टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष संदीप पांडेय झरपो पंचायत उपमुखिया राजेन्द्र कुमार उर्फ राजा वार्डसद्स्य प्रतिनिधि सुनील कुमार ने 8 दिसम्बर को झरपो पेटो पथ का शिलान्यास के बाद 48 घण्टे के अंदर कार्य आरंभ को निरीक्षण करने कार्य स्थल पर पहुंचे । जहाँ कार्य को देख बहुत ही गौरवान्वित हुए। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र में वर्षो से देखा सोचा हुआ क्षेत्रीय जनता का स्वपन बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र विधायक अमित यादव सांसद सह राज्य शिक्षा मंत्री अनुपूर्णा देवी, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि जनप्रतिनिधियों पत्रकारों समाज सेवियों के काफी मशक्कत बाद साकार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा की अब क्षेत्रीय लोगो को आवागमन के लिए मुश्किलों का सामना नही करना पड़ेगा। इस कार्य को निरीक्षण करने गये लोगो ने धरातल पर पथ कार्य को लाने वालो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## विभिन्न मतदान केंद्रों का डीसी ने किया निरीक्षण, दिया आवश्यक दिशा-निर्देश



महात्मा गांधी हाई स्कूल में निरीक्षण के दौरान डीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने गुरूवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पतरातू प्रखंड के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसी क्रम में बिरसा चैक भुरकुंर्डा स्थत महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में निरीक्षण के दौरान डीसी ने मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्यों का जायजा लेते हुए कर्मियों को 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक योग्य व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सर्वे कराकर जो व्यक्ति जिले में निवास नहीं कर रहे हैं उनका नाम मतदाता सूची से हटाएं। निर्वाचन प्रक्रिया को शड्यूल करने के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने मतदाता पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करने के कार्य को जल्द परा करने का भी निर्देश दिया।

## स्पीड न्यूज

### दातुन और पत्तल दोना बेचने वाली महिला के खाते से पैसे का गबन

कुडू। कुंडू थाना क्षेत्र के गुरु जामुन टोली निवासी स्वर्गीय बुधराम उरांव की पत्नी जुमानी उरांव के खाते से पैसे गबन होने का मामला सामने आया है।मामले को लेकर पीड़ित महिला ने कुंडू थाना में आवेदन दिया है। चुमानी उरांव साप्ताहिक बाजारों में पत्तल, दातुन बेचने का कार्य करती है। एक पुत्र है वो भी विक्षिप्त है। एल आई सी के द्वारा बैंक ऑफ इंडिया के खाते में 19600 आए थे वो उनके खाते से निकल गए है। महिला ने बैंक को आवेदन दे कर कुडू थाना में आवेदन दिया है। कुडू थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा की महिला के आवेदन के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### सेन्हा में वीएचपी ने निकाली रैली



सेन्हा। गीता जयंती के अवसर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल तथा सरना सनातन धर्मावलम्बियों के कार्यकताओं ने प्रखंड क्षेत्र में बाइक रैली निकाला। बाइक रैली का कार्यक्रम प्रांत मार्गदर्शक मंडल संयोजक स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी के नेतृत्व में सुबह प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत सेरेंगहातु शिव मंदिर से प्रारम्भ हुआ। जो पूरे प्रखन्ड क्षेत्र का भ्रमन करते हुए नौदी ग्राम स्थित देवी मंडप प्रांगण मे समापन हुआ। वही रैली में शामिल लोग जय श्री राम,सरना माता की जय,वन्दे मातरम,भारत माता की जय का उद्घोष कर रहे थे। मौके पर लोहरदगा जिला धर्म प्रचार प्रमुख सतीश पाण्डेय, बजरंग दल लोहरदगा संयोजक सचिन सिंघानिया,जिला प्रमुख उमेश सिंह,लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष सूरज दसोन्धी,अभियान संयोजक रमेश चंद्र कुवर ,सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहू, प्रखंड संयोजक सुरेंद्र साहू,प्रखंड मंत्री अजय सोनी के अलावे नवीन साहू, संजय महतो,रूपेश यादव, रवि जयसवाल,बिक्की साहु,विकास साहु,जगरनाथ साहु सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### जोहार यात्रा को ले झामुमो की बैठक



सेन्हा। प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के अध्यक्षता में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने गुमला से लोहरदगा आने के क्रम सेन्हा प्रखंड मुख्यालय में मुख्यमंत्री का स्वागत पर विचार विमर्श किया गया। बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दिसम्बर माह में लोहरदगा आगमन है। जिसको लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत से कार्यकर्ता स्वागत के लिये उपस्थित हो कार्यक्रम में शामिल होंगे और तथा योजना की जानकारी हेतु क्षेत्र में प्रकाशित के लिए पंचायत प्रभारी एवं कार्यकर्ता के साथ बैठक किया गया। मौके पर जेएमएम जिला अध्यक्ष मोजमिल अन्सारी के अलावे अमन उराँव, नवल किशोर सिंह,श्यामनंदन लोहरा,सुरेन्द्र केरकेट्टा,अशोक उराँव, रँथु उराँव,सफीक अन्सारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### प्रशिक्षु बच्चियों से किया दुर्व्यवहार



सेन्हा। प्रखंड क्षेत्र सेन्हा थाना के समीप गुमला लोहरदगा मुख्य पथ किनारे संचालित सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत निष्ठा प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई कढ़ाई एवं कम्प्यूट सीख रहे तीन दर्जन बच्चियों ने केंद्र से बाहर निकल कर हंगामा करने लगे। बच्चियों ने बताया कि केंद्र के मैनेजर विक्रम कुमार सिंह द्वारा शराब पीकर आने पर बच्चियों से दुर्व्यवहार एवं अपशब्द का प्रयोग किया जाता है। शिक्षकों द्वारा झारखंड के कल्चर एवं रीतिरिवाज पर बुराई करते हुए बच्चियों को प्रताड़ित भी किया जाता है। साथ ही कपड़े पहने एवं सुखाने की जानकारी मांगा जाता है। बच्चियों के साथ दुर्व्यवहार की बात पर ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन को अवगत कराया। साथ ही इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों था जन प्रतिनिधि को दिया गया। जिज पर उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण,अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल,जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की,दंडाधिकारी नारायण राम, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार द्वारा संचालित केन्द्र पहुंच कर बच्चियों से बातचीत किया, बातचीत में मामला सामने आया कि संचालन करने वाले केंद्र के मैनेजर विक्रम कुमार सिंह एवं प्रशिक्षक मोहम्मद इसराइल सज्जाद द्वारा झारखंडी संस्कृति एवं सभ्यता तथा आदिवासी खान पान के बारे में बोलकर बच्चियों का मजाक उड़ाया जाता है उनके द्वारा कहा जाता है कि झारखंड के लोग घास फूस के अलावा अच्छा चीज नहीं खाते हैं। जिस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा थाना प्रभारी को जाँच का निर्देश दिया गया है।

### कैरो में कृषक मित्रों की हुई बैठक

कैरो। प्रखंड मुख्यालय सभा भवन में गुरुवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनील कुंवर की अध्यक्षता में कृषक मित्रों के साथ बैठक किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के तहत वैसे किसान जिनका ई केवाईसी किसी कारण अबतक नही हो सका है वैसे लाभुकों को नजदीकी प्रज्ञा केंद्र ले जाकर ई केवाईसी कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि झारखण्ड सरकार का प्रयास है कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले, इसके लिए सुखाड़ राहत योजना का लाभ के लिए भी किसानों को 15 दिसंबर तक पंजीयन करवा लेना है।मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुनील कुवंर, प्रतिमा देवी, कुंवर साहू, एम तिवारी, कुश सिंह, शमीम अंसारी, हिमायुल अंसारी, समीयुल अंसारी सहित कृषक मित्र मौजूद थे।

### केवाइसी के लिए विशेष अभियान

कैरो। मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना की केवाईसी को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए कृषक मित्रों के माध्यम से अपने अपने पंचायत स्थित प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से लाभुकों का ई केवाईसी कार्यक्रम रखा गया। जिसके कर्जदारों को कृषक मित्रों ने प्रज्ञा केंद्र ले जाकर एक रुपया का टोकन मनी जमा कर पावती राशिद लाभुकों को दिया गया।जिसके तहत कई किसानों ने इसका लाभ उठाया।प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार अधिक से अधिक लाभुकों को इसका लाभ दिलाना है ताकि जो लाभुकों को इसका लाभ मिलना है उसे समय पर लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री की जोहार यात्रा को लेकर डीसी ने घाघरा प्रखंड का किया दौरा, कहा

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 24 घंटे में करें दुरुस्त

**घाघरा जाने वाले रास्ते में नाली बनाने और हाई-वे से सटी दुकानों को हटाने का दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त



खेत में लगी फसल को देखते डीसी।

**घाघरा (गुमला)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खतियानी जोहार कार्यक्रम को लेकर गुरूवार को उपायुक्त ने उनके संभावित रूट एवं विधि व्यवस्था का जायजा लिया। उपायुक्त ने घाघरा प्रखंड में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने घाघरा जाने के रास्ते में नाली बनाने का निर्देश दिया। वहीं रास्ते में आवश्यकता अनुरूप कट प्वाइंट्स निर्माण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। रास्ते में पड़ने वाले दो पंचायत सचिवालयों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत कार्यालय के सभी कमरों का निरीक्षण करते हुए भवनों को पेंट करवाने एवं अंदर के कमरों को व्यवस्थित करवाने का निर्देश दिया। कार्यालयों के निकट सूखे वृक्षों को काटने एवं आस पास साफ सफाई करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी पंचायत के कार्यालयों में बैंक सखी केंद्र बनाने का निर्देश दिया। प्रखंड कार्यालय के आस पास कई दुकानें हाईवे के किनारे सटी हुई दिखीं । हाईवे निर्माण के नियमावली के अनुसार दुकानों को हाईवे से कम से कम 8 मीटर से दूरी पर दुकान बनाने की अनुमति होती है। दुर्घटना होने की संभावना को देखते हुए उपायुक्त ने हाईवे से सटे हुए दुकानों को हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने घाघरा के मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया एवं वहां की व्यवस्था को देखकर संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर व सरकारी भवनों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिया। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के निरीक्षण के क्रम में डीसी ने हॉस्पिटल मैनेजमेंट को देखकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने 24 घंटे के अंदर व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त इस दौरान दुंदरिया में एक किसान द्वारा की जा रही टमाटर, मटर आदि की खेती को देखने उनके खेत पहुंचे। वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग कर खेती कर रहे इस किसान के प्रयासों को देखते हुए उपायुक्त ने कहा कि इनसे प्रेरणा लेते हुए सरकार के विभिन्न योजनाओं से जुड़ने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि जिले में बेहतर कृषि कार्य कर रहे किसानों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता, एसडीओ रवि जैन, एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, बीडीओ विष्णु देव कच्छप, सीओ धनंजय पाठक, थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## दोस्त के घर जा रहे युवक को लाठी और डंडे से पीटा

**घायल युवक की बहन ने गुमला थाना में चार लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज करायी**



**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी 19 वर्षीय आशीष पन्ना पर गांव के ही 4 युवकों ने गुरुवार को लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में आशीष कुमार बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आशीष पन्ना घर से कुछ दूर अपने दोस्त निखिल गांव के घर धान मिशनी के काम पर गया था। जिसके बाद में वापस लौट गया था। दोपहर में निखिल उरांव के घर पर ही भोजन की व्यवस्था थी तो आशीष अपने दोस्त के तिलेश्वर पन्ना के साथ भोजन करने निखिल के घर जा रहा था। इसी दौरान गांव के चबूतरे के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे चार युवकों ने उस पर लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में निखिल जख्मी हो गई। जबकि उसका साथी तिलेश्वर पन्ना मारपीट की घटना के बाद भागकर गांव पहुंचा लोगों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद कुछ ग्रामीणों के साथ हुआ घटनास्थल पहुंचा जहां आशीष को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। ग्रामीण आशीष को उठाकर उसके घर ले गए। जहां उसकी बहन बीणा देवी को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बहन घर आकर आशीष को इलाज के लिए सदर अस्पताल घूमना में भर्ती कराया। वही गुमला थाना में मारपीट में शामिल छोटू उरांव, कुलदीप उरांव, संदीप उरांव व दिनेश उरांव के खिलाफ गुमला में मारपीट को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई।

## भाजपा ने गुजरात में जीत पर बांटी मिठाई



**लोहरदगा।** गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा रिकार्ड जीत की पर लोहरदगा भाजपा के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के नेतृत्व में शहर में स्थित पावरगंज चौक पर कार्यकताओं एक दूसरों को मिठाई, भारत माता की जय के नारे लगाए जश्न मनाया। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह व पूर्व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजकुमार वर्मा, जगनन्दन पोराणिक, अनिल उरांव, सरोज प्रजापति,अजय पंकज, अमरेश भारती, विजय कुमार, राजकुमार साहू, मंगरा यादव, निर्मला देवी,राजेंद्र वर्मा,अशोक सहित अन्य शामिल थे।

## संस्कार विहीन शिक्षा समाज के लिए अहितकर: केसी श्रीवास्तव




**लोहरदगा।** जूरिया स्थित एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के तत्वावधान में विज्ञान, कला और क्राफ्ट प्रदर्शनी लगा। के सी श्रीवास्तव रीजनल का स्वागत विद्यालय बैंड ग्रुप द्वारा जोर-शोर के साथ स्काउट के साथ किया गया। छात्राओं द्वारा तिलक चंदन लगाया गया। मुख्य अतिथि द्वारा पवित्र ज्योति प्रज्वलित कर रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक वैज्ञानिक कलात्मक मॉडल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल का परीक्षण करते हुए प्रशंसनीय शब्दों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। केसी श्रीवास्तव ने डीएवी संस्था के उच्च आदर्शों, कर्तव्य व लक्ष्यों का स्मरण कराते हुए अभिभावकों व शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों में वैज्ञानिक, कलात्मक तथा पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों के समावेश को भी महत्व दें। उन्होंने संस्कारविहीन शिक्षा को मानव जाति के लिए अहितकर बताया। प्राचार्य ने अपने भाषण द्वारा प्रदर्शनी में छात्रों के कठोर मेहनत की सराहना करते हुए कोरोना काल के दौरान सूने विद्यालय और आज के विद्यालय की तुलना करते हुए कोरोना पर विजय प्राप्ति के गौरव के माध्यम से विद्यार्थियों को सभी विपरीत परिस्थितियों में विजय प्राप्त करने का हौसला प्रदान किया। जूनियर डीएवी के नन्हे छात्रों द्वारा वात्सल्यपूर्ण स्वागत नृत्य व समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। सीनियर डीएवी के बड़े विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक नृत्य व छात्रों द्वारा मूक प्रेरणादायी नाटक प्रस्तुत किया गया।जूनियर डीएवी के नन्हे छात्रों को विविध क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा तथा मेहनत के लिए ट्राफी प्रदान की गई।

## संस्कृति समर्थक सिनेमा की आवश्यकता : अंकन

**18 दिसंबर को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कार्यशाला को लेकर पोस्टर व गूगल फार्म का किया गया लोकार्पण**




**गुमला।** चित्रपट झारखंड के प्रसिद्ध संस्कृति कर्मी डॉ. सुशील कुमार अंकन ने कहा है कि समृद्ध भारतीय संस्कृति की सही तस्वीर सिनेमा के माध्यम से विश्व के सामने लायी जाय। ताकि भारतीय कला संस्कृतिक की झलक देश के युवाओं को मिल सके। श्री अंकन गुरूवार को पालकोट रोड स्थित उत्कल भवन में चित्रपट झारखंड द्वारा 18 दिसम्बर को सरस्वती शिशु मंदिर गुमला में आयोजित एक दिवसीय चलचित्र निर्माण कार्यशाला के पोस्टर तथा गूगल फार्म लोकार्पण कार्यक्रम में उक्त बातें कही। इस सम्मेलन में उपस्थित चित्रपट झारखण्ड के प्रभारी राकेश रमण ने बताया कि जहां नये डिजिटल युग में सिनेमा बनाना सरल हो गया है। वहीं इसके दिशाहीन होने के खतरे भी बहुत हैं। इस कार्यशाला से फिल्म निर्माण से जुड़े लोगों में एक सही समझ विकसित करने की कोशिश की जायेगी। उन्होंने कहा कि हम पूरे झारखण्ड में इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित कर रहे हैं और यह हमारी सातवीं कार्यशाला होगी। इसके पहले जो 6 कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं उनमें से 5 प्रतिभागियों को अग्रेतर प्रशिक्षण के लिए मुंबई भेजा गया है जो 15 दिवसीय प्रशिक्षण में बॉलीवुड के बड़े-बड़े प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ।

## साइबर व ऑनलाइन ठगी से बचने के दिये गये टिप्स

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सुरक्षा और कॅरियर को लेकर छात्राओं को किया जागरूक**

**लोहरदगा।** मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला कॉलेज में लोहरदगा पुलिस ने छात्राओं को सुरक्षा, एहतियात और कैरियर को लेकर जागरूक किया। पुलिस कप्तान आर रामकुमार के निर्देश पर सदर थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने कॉलेज पहुंचकर छात्राओं को शिक्षा का अच्छा माहौल बनाए रखने और भविष्य संवारने को प्रेरित किया। शिक्षकों और छात्राओं से बात की, समस्याएं सुनीं।

छात्राओं से कहा कि हाल के समय में किशोरियों- युवतियों के साथ अपराधिक घटनाएं घटी हैं उसमें एक बात सामने आई है कि उन्होंने अपने माता-पिता की बात नहीं सुनी उनकी सलाह नहीं मानी और अपनी मर्जी से कार्य किया। जो एहतियात होने चाहिए उसे महत्त्व नहीं दिया। सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल से बचें। अनजान लोगों से फ्रेंडशिप चैटिंग न करें। फेसबुक वाली दोस्ती पर भरोसा करके अपनी सुरक्षा को दांव पर न लगाएं। अपनी समस्याओं को परिजनों और शिक्षकों को बताएं। अगर आपको कैंपस के बाहर कहीं कोई परेशान करता है तो हंड्रेड डायल कर पुलिस की तुरंत मदद ले सकते हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल अपने को बेहतर करने, अपना भविष्य संवारने में करें, न कि समय और पैसे की बबार्दी कर अपना भविष्य भी चौपट करें। इंटरनेट ऑनलाइन पढ़ाई करने का अच्छा साधन है, इसका अच्छा उपयोग करें।

साइबर क्राइम और ठगी का शिकार होने से बचने को लेकर भी जागरूक किया । प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार ने कहा कि सकारात्मक और रचनात्मक सोच व कार्यों ही अच्छा व्यक्तित्व और कैरियर बनता है। अपना ध्यान भटकने न दें। पुलिस अधिकारी ने कॉलेज परिसर के बाहर तमाम जगहों का मुआयना किया।

## एक नजर में

### हेमंत सोरेन की जोहार यात्रा को लेकर एसपी ने घाघरा चौक का किया निरीक्षण



**घाघरा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जोहार यात्रा को लेकर एसपी एहतेशाम वकारीब ने घाघरा प्रखंड का दौरा गुरुवार को किया। यहां बता दें कि सुबह में उपायुक्त सुशांत गौरव प्रखंड मुख्यालय के अलावे नवडीहा गम्हरिया का दौरा किया था। जिसके उपरांत एसपी ने भी आकर चांदनी चौक पर गतिविधि का मुआयना किया। जिसके उपरांत घाघरा के बॉर्डर इलाका गम्हरिया नदी तक जाकर सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना किया। साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश इंस्पेक्टर व थानेदार सहित कई लोगों को दिया। मौके पर मुख्य रूप से इंस्पेक्टर मनोज कुमार व थानेदार अमित कुमार चौधरी के अलावे कई पुलिस के पदाधिकारी मौजूद थे।

### महाउपभोक्ता लोक अदालत 16 दिसंबर को

**गुमला।** 16 दिसंबर को महाउपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन गुमला में किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश पांडेय ने बताया निबंधक झारखंड राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग रांची ने इस संबंध में पत्र जारी किया है । जिसमें उपभोक्ता मामले विभाग भारत सरकार नई दिल्ली के सचिव के पत्र का उल्लेख करते हुए कहा है कि उपभोक्ता मामलों से संबंधित वादों के त्वरित निष्पादन करने के लिए यह महा उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है । उपभोक्ता वाद से संबंधित पक्षकारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है । जिसमें आकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### चार खाद्य दुकानदारों को एसडीओ ने दिया नोटिस

**गुमला।** एसडीओ रवि जैन ने गुरूवार को चार खाद्य दुकानदारों को बिना लाईसेंस के व्यवसाय चलाने के कारण खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के तहत नोटिस जारी किया और उन्हे सात दिनों का समय लाईसेंस का आवेदन करने के लिए दिया गया। उक्त समय के बाद खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत करवाई की जायेगी। जिन खाद्य कारोबार को नोटिस जारी किया गया हैं उनमें सुरेन्द्र होटल डीएसपी रोड गुमला, गोलडन स्टोर घाघरा, वनीसका ट्रेडर गुमला, बिरसा भण्डार गुमला के नाम शामिल है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, तीन घायल

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के जलका रोड के समीप दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गये। घटना में चपका घाघरा निवासी लखवा मुंडा का 18 वर्षीय पुत्र एतवा मुंडा की मौत हो गई। जबकि 20 वर्षीय शिशुपाल उरांव व 22 वर्षीय कलावती कुमारी चतमदाग घायल है। घटना की जानकारी देते चतमदाग निवासी एतवा उरांव का 18 वर्षीय पुत्र घायल ललित उरांव ने बताया कि बाइक में सवार होकर 20 वर्षीय शिशुपाल उरांव व 22 वर्षीय कलावती कुमारी चतमदाग से घाघरा आ रहे थे। जलका रोड के समीप सामने से आ रही बाइक सवार से उनकी भिड़ंत हो गई। इस घटना में ललित व शिशुपाल को गंभीर चोटें पहुंची है जबकि कलावती के हाथ में चोट लगी है। वहीं दूसरे बाईक सवार एतवा मुंडा की मौत हो गई। घायलों कोइलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जिला पेंशनर समाज का अधिवेशन फरवरी में

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के वरीय सदस्य तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन फरवरी माह में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अधिवेशन की तिथि तथा स्थान का निर्धारण समाज की अगली बैठक में किया जायेगा। प्रत्येक वर्ष 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाया जाता है। जिसका आयोजन बैंक की शाखाओं द्वारा आयोजित होकर पेंशनरों को सम्मानित करने की परंपरा है। पेंशनर समाज के प्रखण्ड पदाधिकारियों से आग्रह किया गया कि प्रखण्डों में संचालित विभिन्न बैंक की शाखाओं से समन्वय स्थापित कर उक्त अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित करने का अपील किया गया। बैठक में महावीर प्रसाद मिश्र, अघनू बड़ाईक,सुरेश उरांव, सकरा भगत,लीलमोहन साहु,सदाशिव नन्द, तरसियुस टोप्पो,अगस्तुस एक्का,बंधु साहु,गौरी प्रसाद, प्रभाकर दास, केशव प्रसाद, रामकृष्ण भगत,फलिन्दर बड़ाईक,फागु कुल्लु,पंचे उरांव, भागी नाग एवं मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र ₹सुमन₹ आदि उपस्थित थे।

### जोहार यात्रा को लेकर यूपीए की बैठक आज

**गुमला।** 12 दिसंबर को हेमंत सोरेन के नेतृत्व में होने वाली खतियानी जोहार यात्रा का कार्यक्रम गुमला स्थित हवाई अड्डा में होने जा रहा है। इस कार्यक्रम में राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने नेतृत्व में इस यात्रा का संचालन करेंगे। जिसमें पहले चरण में झारखंड में कुल 6 जिलों में यह यात्रा संचालित होगी। जिसमें 12 दिसंबर को गुमला में यह कार्यक्रम तय हुआ है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं गुमला जिला की जनता तक झारखंड सरकार की योजनाओं नीतियों और लाभ पहुंचाने हेतु गुमला के सर्किट हाउस में यूपीए घटक दल की बैठक 9 दिसंबर को होगी। इस बैठक में गुमला जिला के यूपीए घटक दल के सभी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद होंगे और सब अपने विचार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए देंगे। यह जानकारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव एवम झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला सचिव मोहम्मद आरिफ अंसारी ने दी है।

### गुमला में बाइक से गिरकर व्यक्ति घायल

**गुमला।** सिसई रोड पुगु नदी पुल के पास बाईक से गिरकर मुरली बगीचा निवासी 42 वर्षीय सुरेंद्र पंडित गुरूवार को घायल हो गये। जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सुरेंद्र पंडित करमडीपा की ओर किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान पुगु नदी पुल के पास बाईक से टक्कर हो गई। जिसे वे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि घटना के बाद दूसरा बाईक चालक फरार हो गया।

### हिमाचल में जीत पर कांग्रेस ने जतायी खुशी

**गुमला।** हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर गुमला जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने खुशी का इजहार किया है। पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना तय है। पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आयी है। भाजपा के कामकाज को हिमाचल के लोगों ने दरकिनार कर कांग्रेस पार्टी को अपना बहुमत दिया है। श्री कुमार ने पार्टी की इस जीत राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और केंद्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खगड़े के मेहनत का परिणाम बताया है। इस जीत से पूरे देश में कांग्रेसियों में उत्साह का संचार होगा। निश्चित 2024 भी ऐसा ही रिजल्ट देगा और कांग्रेस की सरकार बनेगी। बधाई देने वालों में अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, हेमावती देवी, कलावती देवी, हिमेश कुमार, मुरली मनोहर प्रसाद सहित अन्य है।

### अपहृत युवक का शव बरामद

**घाघरा।** चूल्हा माटी जंगल से घाघरा पुलिस ने पुसो थाना क्षेत्र से अपहृत युवक रिंकू लोहरा का शव गुरूवार को बरामद किया है। रिंकू की हत्या धारदार हथियार व लाठी डंडे से मारकर की गई है। यहां बता दें कि 29 नवंबर की रात उसे थाना क्षेत्र के गांव बोंडो चताइन टोली से उसी के घर से 3 हथियारबंद अपराधी के अलावे रिंकू के भाभी के द्वारा अपहरण किया गया था। जिसके बाद से उसका कोई खबर नहीं मिल रहा था। पुलिस काफी छानबीन की लेकिन रिंकू का कहीं सुराग नहीं मिला। बाद में घाघरा थाना क्षेत्र के चूल्हामाटी उसके शव को बरामद किया गया। शव बरामदगी के बाद से इलाके में भय का माहौल हो गया है। थाना प्रभारी अमित चौधरी से कहा कि मामले की छानबीन कर रही पुलिस।

# जंग से बड़े पैमाने पर होने वाली क्षति रोकने के लिए शोध पत्र प्रस्तुत

➲ जंग और कोटिंग पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय धातु संस्थान (आईआईएम) जमशेदपुर चैप्टर के साथ-साथ टाटा स्टील लिमिटेड, सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर-एनएमएल), जमशेदपुर और एनआईटी जमशेदपुर के सहयोग से आयोजित संक्षारण और कोटिंग (आई3सी) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज सीएसआईआर-एनएमएल सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रमुख वैश्विक संगठनों से लगभग 250 लोगों ने भाग लिया। इसके अंतर्गत कुल छह समानान्तर सत्र थे।

समापन समारोह के दौरान डॉ कमाची मुदली, कुलपति, वीआईटी भोपाल मुख्य अतिथि थे। डॉ. मुदली ने आक्रामक संक्षारक वातावरण हेतु उच्च प्रदर्शन कोटिंग्स पर व्याख्यान दिया। उन्होंने समझाया कि उच्च फॉस्फोरस युक्त पिग आयरन आधारित कम लागत वाली और नैनोक्रिस्टलाइन कोटिंग अपने उत्कृष्ट संक्षारण और प्रतिरोध गुणों के साथ जस्ता कोटिंग को कैसे प्रतिस्थापित कर सकती है।

आरएमआईटी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के डॉ. इवान कोल ने सक्रिय धातुओं पर संक्षारण अवरोधकों के व्युत्क्रम डिजाइन पर प्रकाश डाला।




समापन सत्र में प्रजेंटेशन देते अतिथि वक्ता और विदेश से आये अतिथि।

इंपीरियल कॉलेज, यूके के डॉ सिवा बोह्म ने जंग से सुरक्षा और ऑटोमोटिव पुर्जों और बैटरियों के थर्मल प्रवाहकीय संरक्षण में उच्च गुणवत्ता वाले ग्राफीन के महत्व पर गहनता से प्रकाश डाला।

डॉ लाहा ने एफई-आधारित मैटेलिक ग्लास कम्पोजिट कोटिंग के संक्षारण व्यवहार पर अनाकारता और सरंध्रता के संयुक्त प्रभाव का प्रदर्शन किया। गाय के खाद का उपयोग करके क्लोराइड-दूषित सिम्युलेटेड कंक्रीट पोर सॉल्यूशन में हीट-ट्रीटेड माइल्ड स्टील रिबार के क्षरण को रोकना प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में कार्बनिक, अकार्बनिक और पर्यावरण के अनुकूल अवरोधक पर विस्तार से चर्चा की गई।

एआरसीआई हैदराबाद के डॉ आर सुबाश्री ने स्वायत्त स्व-उपचार जंग संरक्षण कोटिंग्स पर व्याख्यान दिया।

सम्मेलन के पहले दिन, टाटा स्टील लिमिटेड के प्रौद्योगिकी और नई सामग्री व्यवसाय के उपाध्यक्ष डॉ देबाशीष भट्टाचार्य ने सीएसआईआर-एनएमएल ऑडिटोरियम, बमार्माइंस, जमशेदपुर में संक्षारण और कोटिंग (आई3सी) पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

इस शुभ कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिन्हा, सलाहकार प्रबंधन, सीएसआईआर-एनएमएल, डॉ. ए.एन. भगत, अध्यक्ष, आईआईएम जमशेदपुर चैप्टर, डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा, सम्मेलन के अध्यक्ष और डॉ. रघुवीर सिंह, सम्मेलन के संयोजक शामिल हुए।

इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन, यूएसए के वक्ता डॉ. फ्रैंक गुडविन ने विनिर्माण क्षमता, स्थायित्व और लागत का त्याग किए बिना हल्के और मजबूत मोटर वाहन भागों का उत्पादन करने हेतु हॉट-डीप धातु कोटिंग्स में प्रगति पर चर्चा की। डॉ. इंद्रनील चट्टोराज, पूर्व निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल ने हाइड्रोजन उत्सर्जन और हाइड्रोजन वर्धित फैटिग डुप्लेक्स स्टेनलेस स्टील्स के बारे में बात की। गैल्वेनलिंग के दौरान जंग की समस्याओं और चुनौतियों को कम करने, मैग्नीशियम के संक्षारण संरक्षण, उच्च एन्ट्रापी मिश्र धातु और हल्के स्टील पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्व के कोने-कोने से पधारे करीब 250 शोधार्थियों, वैज्ञानिकों एवं प्राध्यापकों ने भाग लिया। यह संगोष्ठी वैश्विक परिदृश्य में जंग से होने वाली विशाल क्षति को कम करने में काफी कारगर सिद्ध होगी।

## स्पीड न्यूज़



### पुण्यतिथि पर उरांव समाज ने स्व. कार्तिक उरांव को किया याद

**जमशेदपुर।** उरांव समाज के महान विभूति, शिक्षाविद, लोकप्रिय जननेता एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री बाबा कार्तिक उरांव के 31 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में जमशेदपुर के पुराना सीतारामडेरा स्थित आदिवासी उरांव समाज के विकास भवन प्रांगण में आदिवासी उरांव समाज की जिला समिति एवं स्थानीय कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में सादगी पूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उरांव समाज के जिला अध्यक्ष राकेश और विशिष्ट अतिथि के रूप में जमशेदपुर मुखी समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह समाजसेवी शंभू मुखी डूंगरी एवं अन्य आगंतुक मेहमानों ने बाबा कार्तिक उरांव के मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया । कार्यक्रम स्थल पर मौजूद उरांव समाज के लोगों ने भी उत्साह पूर्वक अपने आदर्श पुरुष की मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगाराम तिर्की ने किया, संचालन– जुगल बारा और धन्यवाद ज्ञापन रामू तिर्की ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से डॉ अशोक पासवान, बबलू खलखो गंगाराम तिर्की , हरिया तिर्की, जुगल बरहा, संतोष लकड़ा, उपेंद्र बांद्रा, रवि सवैया , दुर्गा बोइपोई , संगीता सामंत , नंदलाल पातर , संतोष कुमार एवं काफी संख्या में पुराना सीतारामडेरा निवासी का सहयोग रहा।

### आदिवासी एसोसिएशन में क्रिसमस गैदरिंग एंड फूड पेस्ट 12 को

**जमशेदपुर।** प्रेयर फ्लेम, जमशेदपुर के सौजन्य से आगामी दिनांक 12 दिसम्बर, सोमवार को सीतारामडेरा स्थित आदिवासी एसोसिएशन में क्रिसमस गैदरिंग सह फूड मेला का भव्य आयोजन किया जा है। यह कार्यक्रम उपरोक्त तिथि को शाम 4 :00 बजे से रात 9 :30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को करने का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक इंसान तक प्रभू ईसा मसीह के समस्त मानव जाति के पापों की क्षमा के लिये इस संसार मे जन्म लेने के संदेश को प्रदान करना है। जिससे समस्त मानव जाति आत्मिक एवं समाजिक दिशा में परम पिता परमेश्वर की उपस्थिति को प्राप्त कर सके। इस क्रिसमस गैदरिंग में परमेश्वर का वचन सुनाने के लिए महान प्रभु के दास पास्टर सजी मोहन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति की बैठक विगत दिनों बारीडीह स्तिथ हाउस ऑफ प्रेयर में रखी गई थी। उपरोक्त आयोजन को सफल बनाने के लिए पास्टर विनय, पास्टर नोएल, पास्टर सुरेश, पास्टर बबलू, पास्टर साऊल, पास्टर मधु, पास्टर जेनिफर, पास्टर शिशिर, पास्टर शालेम एवं भाई रौनक दास पुरे जोश के साथ लगे हुए है। उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी संस्था के संयोजक (कार्यक्रम समिति) भाई रौनक दास ने दी है।

### मेधावियों को मिली सूरी सेवा फाउंडेशन छात्रवृत्ति

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील टेक्निकल इंस्टिट्यूट बमार्माइन्स का वार्षिक उत्सव सह सूरी सेवा फाउंडेशन छात्रवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ अरविन्द सिन्हा, चीफ साइअन्टिस्ट एनएमएल जमशेदपुर तथा सम्मानीय अतिथि सूरी सेवा फाउंडेशन के श्री कुलवीन सिंह सूरी रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन और उनके स्वागत गान के पश्चात रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संस्थान के प्रिंसपल वेद प्रकाश के द्वारा सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया गया, इसके उपरांत इंस्टिट्यूट का वार्षिक रिपोर्ट पढ़ा गया। संस्थान के चतुर्दिक विकास के साथ साथ विभिन्न पठ्यक्रमों के बारे में बताया गया। कई मापदंडों व मानकों से गुजरते हुए सूरी सेवा फाउंडेशन छात्रवृत्ति के विजेता बनने वाले भी हैं।

# खनन टास्क फोर्स सक्रिय : 16 दिनों में 86 हाइवा जब्त, लगाया 24 लाख जुर्माना

- बालू, स्टोन चिप्स, पन्ना और मवेशियों की अवैध ढुलाई पर हो रही कार्रवाई
- निरंतर कार्रवाई से खनिज माफियाओं में मची हड़कंप
- डीटीओ ने 6 दिसंबर की देर रात वेश बदलकर की कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार सघन अभियान चलाया जा रहा। जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन द्वारा 6 दिसंबर के देर रात बालू के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध वेश बदलकर की गई कार्रवाई में बरशोल एवं बहरागोड़ा थाना क्षेत्र से 4 हाईवा जप्त किया गया जिसपर 2 लाख रूपए से अधिक का जुमार्ना किया गया है। एक अन्य कार्रवाई में डुमरिया एवं मुसाबनी प्रखंड में चलाये गए जांच अभियान में 1-1 बालू लदे हाईवा जप्त किया गया। वहीं पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र में चलाये गए वाहन जांच अभियान में धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी श्री पीयूष सिन्हा एवं जिला परिवहन पदाधिकारी ने दो हाईवा को जब्त किया।

पिछले 2 महीनों में करीब 16 दिनों की औचक कार्रवाई में खनन टास्क फोर्स द्वारा 86 हाईवा जप्त किए गए हैं जिनपर 24 लाख रूपए से ज्यादा का जुमार्ना किया गया । परिवहन, खनन व पुलिस विभाग द्वारा की जा रही संयुक्त कार्रवाई में बालू का अवैध स्टॉक व परिवहन, आयरन ओर तथा अन्य खनिजों का बिना वैध कागजात की ढुलाई, अवैध क्रशर, स्टोन चिप्स की ढुलाई, पन्ना, लकड़ी व मवेशियों के अवैध परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उनकी टीम द्वारा अवैध कारोबारियों पर सख्ती को लेकर सप्ताह में तीन दिन घाटशिला अनुमंडल में कैम्प किया जा रहा। उन्होने कहा कि खनिजों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों से जिला प्रशासन सख्ती से निपटेगा, यह जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा दोषियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कानून सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिला प्रशासन ने जिलेवासियों से अपील की है कि खनिजों के अवैध स्टॉक, खनन, परिवहन तथा मवेशी, लकड़ी के अवैध परिवहन की किसी भी तरह की जानकारी होने पर जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों को व्हाट्सएप के माध्यम से तत्काल सूचना दें, आपका पहचान गोपनीय रखा जाएगा तथा प्रशासन की ओर से उचित इनाम दिया जायेगा।



घाटशिला में छापेमारी अभियान चलाते डीटीओ दिनेश रंजन।

**इन नंबरों पर दें गुप्त सूचना, होगी कार्रवाई**

- डीसी, पूर्वी सिंहभूम– 8986606951
- एसएसपी, पूर्वी सिंहभूम– 8809359119
- डीटीओ, पूर्वी सिंहभूम– 9006411256
- एसडीएम, धालभूम– 7021806460
- एसडीएम, घाटशिला– 9431162060

## प्रतिभा केंद्र के संस्थापक रामचरित मंडल का निधन, श्याम भाई ने दी मुखाग्नि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को गोविंदपुर के सामाजिक कार्यकर्ता, टेल्को के पूर्व कर्मचारी, फुटबॉलर, जमशेदपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पूर्व रेफरी, प्रतिभा केंद्र के संस्थापक सदस्य रह चुके स्व रामचरित मंडल का आज निधन हो गया। स्व मंडल अविवाहित थे, उनके परिवार के कोई सदस्य नही रहने पर समाजसेवी श्री श्याम किशोर सिंह ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए जात-पात की राजनीति से ऊपर उठ कर मानवता की मिशाल पेश कर आज पूरे विधि विधान के साथ मुखाग्नि दी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह, रमेश अग्निहोत्री, सुरेंद्र बहादुर सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, संजीव कुमार झा, मनीष सिंह, मनोज कुमार सिंह,गणेश सिंह, राकेश कुमार सिंह, सुब्रतो बाग, जय प्रकाश भगत अंतिम यात्रा में शामिल हुए।



स्व मंडल को मुखाग्नि देकर बैठे श्याम किशोर सिंह।

## जमशेदपुर में चैंबर भवन के जीर्णोद्धारित भगवानजी पारीख हॉल का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रथम तल में अवस्थित भगवानजी पारीख हॉल का उद्घाटन पारीख परिवार के श्री राज पारीखए श्री दिनेश पारीख, श्री किशन पारीख, श्री रवि पारीख, श्रीमती स्मिता पारीख एवं परिवार के अन्य सदस्यों, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, पूर्व अध्यक्षगणों विजय मेहता, मुरलीधर केडिया, ए. के. श्रीवास्तव, जी.आर. गोलछा, निर्मल काबरा, उमेश कांवटिया, सुरेश सोंथालिया तथा विशेष रूप से उपस्थित बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, उदितवाणी के संपादक राधेश्याम अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये बताया कि उन्होंने हॉल की स्थिति को देखते हुये इसके जीर्णोद्धार हेतु पारीख परिवार के समक्ष इसका हेतु प्रस्ताव रखा जिसे इन्होंने सहर्ष स्वीकार करते हुये इसके लिये सहमति प्रदान की इसके लिये चैम्बर परिवार के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है। पारिख परिवार ने नगीन भाई पारीख के सपनों को आगे बढ़ाते हुये चैम्बर के प्रति अपना कर्तव्य निभाया।



भगवान जी पारिख हॉल का उद्घाटन करते पारिख परिवार के दिनेश पारिख, राज पारिख,किशन पारिख, चैम्बर अध्यक्ष विजय मूनका व अन्य।

# गिरिजा फूड्स ने आचार के बाद लॉन्च किया घर की बरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गिरिजा फूड प्रोडक्ट्स, आदित्यपुर की ओर से आज गोपाल मैदान में चल रहे झारखंड महोत्सव में नया उत्पाद डिब्बाबंद घर की बरी लांच किया। नये प्रोडक्ट की लॉन्चिंग के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईजी नरेश प्रसाद सिंह (आईपीएस) उपस्थित थे। मुख्य अतिथि नरेश प्रसाद सिंह ने गिरिजा फूड प्रोडक्ट की मालकिन श्रीमती गिरिजा चतुर्वेदी और कंपनी के चेयरमैन बीके चतुर्वेदी के साथ लांच किया। इस अवसर पर श्रीमती गिरिजा चतुर्वेदी ने कहा कि नरेश प्रसाद सिंह जी के आशीर्वाद और प्रोत्साहन से ही वे शौकिया अचार बनाने के काम को अब व्यवसायिक रूप दे चुकी हैं। हमें खुशी है कि आचार के बाद अब घर की बरी के रूप में नए प्रोडक्ट को भी हम उन्हीं के हाथों लांच करवा रहे हैं।




घर की बरी को लांच करते रिटायर्ड आइजी नरेश प्रसाद सिंह (बायें से तीसरे), कंपनी के चेयरमैन बीके चतुर्वेदी और श्रीमती गिरिजा चतुर्वेदी।

## राजेश शुक्ल ने लिया को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के भवन निर्माण का जायजा

- साथ में थे कोल्हान विश्व विद्यालय के कुलसचिव डॉ जयंत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्व विद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर डॉ जयंत शेखर और कोल्हान विश्वविद्यालय के संस्थापक वरिष्ठ सिंडिकेट सदस्य और जमशेदपुर कोऑपरेटिव विधि महाविद्यालय के चेयरमैन श्री राजेश कुमार शुक्ल ने आज जमशेदपुर कोऑपरेटिव विधि महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। मौके पर श्री शुक्ल औरडॉ शेखर के साथ इस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीतेन्द्र कुमार भी थे। श्री शुक्ल और डॉ शेखर ने प्राचार्य डॉ जीतेन्द्र कुमार के साथ बैठक कर इस महाविद्यालय में आधारभूत संरचना बढ़ाने के लिए तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया।



लॉ कॉलेज कैंपस में राजेश शुक्ल और डॉ जयंत शेखर।

# ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूती देगा जिला प्रशासन : डीसी

- एमओआइसी टेलि मेडिसिन सेवा से मिलेगा सहयोग
- डीसी ने डुमरिया प्रखंड में की समीक्षा बैठक
- विकास योजनाओं में प्रगति लाने के दिये निर्देश
- सीएचसी डुमरिया को पुराने प्रखंड कार्यालय में 29 दिसंबर तक शुरु होगी शिफ्टिंग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड कार्यालय में गत बुधवार को जिले की उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने करीब 5 घंटे चली लंबी बैठक में सभी विभागों के योजनाओं में प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की।

आवास, पेंशन, राशन, मनरेगा तथा ग्रामीण विकास की अन्य योजनायें, पशुधन, पेयजल, 15वां वित्त, महिला, बाल विकास एवं समाज कल्याण, अंचल कार्यालय, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि विभाग समेत अन्य सभी विभागों की समीक्षा कर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । बैठक में वरीय प्रभारी डुमरिया-सह- डीसीएलआर श्री रविन्द्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, बीडीओ साधुचरण देवगम, सीओ रामनरेश सोनी, बीडीओ मुसाबनी सीमा कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार मौजूद रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा को मजबूती देने के उद्देश्य से उन्होने सभी एमओआईसी को टेलीमेडिसिन सेवा शुरू करने के निर्देश दिये।

उन्होने कहा कि इस सेवा से ग्रामीण घर बैठे चिकित्सीय परामर्श ले सकेंगे, सर्दी, खांसी, बुखार जैसी छोटी समस्याओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आने - जाने में उनका समय नहीं लगेगा। डुमरिया सीएचसी की जर्जर हालत को देखते हुए उन्होने 29 दिसबंर तक पुराने प्रखंड कार्यालय में शिफ्ट कर शुरू करने का निर्देश दिया। एमओआईसी से वैक्सीनेशन, फाइलेरिया उन्मूलन, टीबी जांच अभियान की भी समीक्षा की गई। एमओआईसी ने बताया कि 18 हेल्थ सब सेंटर में से 4 को एएनएम की कमी के कारण बंद रखा जाता है। उपायुक्त ने तात्कालिक व्यवस्था के तौर पर सीएचओ को उक्त सभी 4 हेल्थ सेंटर में प्रतिनियुक्त करते हुए सभी 18 सेंटर शुरू रखने के निर्देश दिए। वहीं सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त डुमरिया की 3 एनएनएम को जल्द सीएचसी, डुमरिया में सेवा वापसी को लेकर आश्वस्त किया।



डुमरिया में समीक्षा बैठक करती डीसी विजया जाधव।

## एक नजर में

### टेल्को सोसाइटी चुनाव में अनूप ने नामांकन किया



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के टेल्को कोऑपरेटिव सोसायटी के चुनाव नॉमिनेशन में सैकड़ों की संख्या में भाजपा नेता अनूप सिंह ने कोऑपरेटिव सोसाइटी ऑफिस में जाकर अपना नामांकन किया। भाजपा नेता अनूप सिंह के सिंह समर्थन में भाजयुमो जिला प्रवक्ता अमित सिंह, टाटा मोटर्स यूनियन के पूर्व सहायक सचिव विजय सिंह पूर्व उपाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव , शरीक हुए। भाजयुमो जिला प्रवक्ता अमित सिंह ने कहा अनुप सिंह संघर्षशील व्यक्ति हैं वह हमेशा मजदूर के हर दुख सुख में उनका साथ कंधे से कंधे मिलाकर चलते हैं मुझे विश्वास है कि इस बार के चुनाव में अनूप सिंह को टाटा मोटर्स की मजदूर उन्हें चुनाव जीता कर सेवा देने का कार्य करेगी।

### सुरभि शाखा ने बाराद्वारी गांधी आश्रम में बांटा नाश्ता



**जमशेदपुर।** गुरुवार को आनंद सबके लिए कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा बाराद्वारी गांधी आश्रम देव नगर में 130 लोगों के बीच नाश्ता वितरण किया गया। सुरभि शाखा की सदस्यों ने वहां के वृद्ध जनों से आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, शाखा सचिव निधि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम देबूका रुचि बंसल, शिप्रा अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, विनोद अग्रवाल आदि का सहयोग रहा। सुरभि शाखा की महिलाओं ने कहा कि सहायता और संवेदना है तरक्की का आधार, गरीबी हटाने में सहायता करके करो देश को विकसित बनाने का सपना करो साकार।

### चैंबर के पदाधिकारियों ने किया अभिनंदन



**जमशेदपुर।** सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की प्रतिनिधिमंडल सिंहभूम चेंबर के अध्यक्ष विजय आंनद मूनका के नेतृत्व में आदित्यपुर स्थित जियाडा कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन से मिल उन्हें संयुक्त सचिव के पद पर पदोन्नति मिलने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका अभिनंदन किया। आदित्यपुर स्थित जियाडा कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन को संयुक्त सचिव के पद पर पदोन्नति मिली है। पूर्व में वे सरकार के उपसचिव के पद पर आसीन थे। झारखंड सरकार की कार्मिक एवं राजभाषा विभाग के द्वारा प्रेम रंजन को पदोन्नति दी गई है। उनके पदवृद्धि को लेकर सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अधिकारियों ने उनसे जियाडा कार्यालय में मिलकर उनका अभिनंदन किया। चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया की जियाडा के क्षेत्रीय निदेशक के साथ काफी देर तक विस्तार पूर्वक चर्चा हुई, आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के रोड, नाली बिजली व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चचाएं हुई। इस दौरान चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष ट्रेड एंड कॉमर्स नितेश धूत, उपाध्यक्ष महेश सोंथालिया कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, आदि उपस्थित थे।

### टिनप्लेट यूनियन ने आनंद बिहारी दुबे और धर्मेंद्र सोनकर का किया स्वागत




**जमशेदपुर।** गुरुवार को गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के सभा हॉल में पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे जी एवं कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर का स्वागत झारखंड प्रदेश इंटक के अध्यक्ष एवं गोलमुरी टिन प्लेट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेशवर पांडेय ने फूलों का गुलदस्ता एवं माला पहना कर किया इस अवसर पर श्री राकेशवर पांडे ने कहा कि यह दो नए युवा नेता को बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है और हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में इंटक एवं कांग्रेस पार्टी मिलकर के एक मजबूत संगठन का निर्माण करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, महामंत्री मनोज कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट सतनाम सिंह, गौतम डे, मुन्ना खान, सहायक सचिव ए रमेश राव, वकील खान, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह संजय कुमार सिंह, भूपेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार सिंह संग्राम किशोर दास, कलाम नबी खान, संजीव प्रसाद जयशंकर सिंह, काशीनाथ राय, रंजीत सिंह, राकेश कुमार दिलबागी, बलदेव सिंह, श्रीमती ईरावती लकरा, अमृत कुमार झा ,सुजीत कुमार दास, निरंजन महापात्रा, फतेह चंद्र माझी, सुकेश कुमार मिश्रा, एम शेखर राव, गजराज सिंह, विनय कुमार साहू, कुंदन कुमार सिंह, नवल किशोर सिंह, नवजोत सिंह सोहल,अनिल कुमार ,सूर्य भूषण शर्मा एवं मजदूर साथी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### सर्किट हाउस में सीएम का भव्य स्वागत



**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार की देर शाम पलामू के सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। मौके पर आयुक्त जटा शंकर चौधरी, डीआईजी राज कुमार लकड़ा, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा एवं अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मंत्री मिथलेश ठाकुर, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल भी हैं, जिनका स्वागत किया गया।

### बालू उठाव को लेकर सीएम से अपील



**मेदिनीनगर।** 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बालू संकट का समाधान करने की अपील की है। श्री ठाकुर ने बालू की किल्लत देख अपील की है कि हमारे यहां पलामू जिला में गरीब आदिवासी परिवार के लोग रहते हैं। बालू नहीं मिलने से विकास कार्य बाधित है। उन्होंने यह भी कहा कि आज मकान कार्य रुक जाने से कितने गरीब मजदूर ऐसे हैं जो मजदूरी करके अपना घर परिवार चलाते थे आज उनके मुंह से निवाला छीन गया है।

### खेल में कॅरियर बनायें युवा : धनंजय



**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज परिसर में नगर निगम के भावी मेयर प्रत्याशी धनंजय त्रिपाठी ने जिला स्तरीय कब्बड्डी टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता से बच्चों के प्रतिभा में निखार आयेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है। युवा खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर खेल में भी कैरियर बना सकते हैं। पूरे जिले से 20 टीम इस प्रतियोगिता में भाग लिया। पहला ट्रायल मैच ब्राइट लैंड व कैम्ब्रिज स्कूल के बीच हुआ। खिलाड़ियों ने बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कहा गया कि बेहतर प्रदर्शन करनेवाले खिलाड़ी राज्य स्तर से प्रतिनिधित्व करने का काम करेंगे। श्री त्रिपाठी ने सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### हेमलता शास्त्री के विदाई समारोह के साथ भागवत कथा संपन्न



**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन विदाई गीत के साथ सभी भक्तों ने प्रेम भाव से परम श्रद्धेय परम पूज्य अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी को विदाई दी। हेमलता की विदाई एक बेटी व बहन स्वरुप करते समय पूरा माहौल भावमय हो गया। इस दौरान हेमलता शास्त्री भी भावविभोर हो गईं। कथा के अंतिम दिन शहर की मेयर अरुणा शंकर भी मंच पर मौजूद थी। इसके पूर्व कमेटी के द्वारा मेयर अरुणा शंकर को पगड़ी व शॉल ओढाक र सम्मानित किया गया वहीं मेयर ने हेमलता शास्त्री का विदाई शॉल ओढाक र सम्मानित किया। उन्होने कमेटी के युवाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि धर्म से युवाओं का जुडाव़ हमारी धर्म संस्कृति को आगे ले जायेगी। विदाई समारोह के बाद मेयर अरुणा शंकर ने भव्य आरती में भाग लिया। इसके पूर्व कमेटी के संरक्षक अजय तिवारी अकेला के द्वारा कमेटी के सभी सदस्यों को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान समिति के दिलीप तिवारी, प्रवीण तिवारी, संतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी, कमल नयन तिवारी, मुकेश त्रिपाठी,विनित तिवारी, अप्पू तिवारी, राकेश दुबे, राजन पांडेय, अजीत तिवारी प्रशांत तिवारी व अमित तिवारी सहित कई सदस्य ने सक्रिय योगदान दिया।

### जिला कार्यालय में विहिप और बजरंग दल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक



**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यालय में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से आगामी 11 दिसंबर दिन रविवार को होने वाले शौर्य संचलन के लिए दायित्व धारी अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम प्रमुख के रूप में जिला मंत्री दामोदर मिश्र संपूर्ण कार्यक्रम के लिए पूर्णत: जिम्मेदार होंगे। जिला मंदिर मठ प्रमुख संजय कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष और जिला सह मंत्री अमित कुमार तिवारी, व्यवस्था प्रमुख होंगे। यातायात और पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर बजरंग दल संयोजक विवेक कुमार चौबे की होगी।

### डुमरी-खैरादोहर में मनी अंबेडकर की पुण्यतिथि



**नौडीहा बाजार (पलामू)।** नौडीहा बाजार प्रखंड के डुमरी, खैरादोहर में अंबेडकर चौक स्थित भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की 66वीं पुण्य तिथि मनाई गई। मौके पर बसपा के बिधानसभा के संयोजक अजय कुमार, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुहैल हक, रविदास विकास समिति के अध्यक्ष राम गोविंद राम, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, बामसेफ के जिला अध्यक्ष ललन यादव ने संयुक्त रूप से अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेमन राम व संचालन शिक्षक जनेश्वर राम ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा के पर्व जिला अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि राम रामगोविन्द राम शिक्षक ,बामसेफ के जिला अध्यक्ष ललन यादव भी मौजूद थे। कार्यक्रम में बसपा नेता सह संयोजक अजय राम,बसपा के युवा प्रखंड अध्यक्ष अनुज कुमार, नितीश कुमार,रविदास के समिति के उपाध्यक्ष गोपाल राम, बसपा नेता रामबाबू ने अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर रविदास विकास समिति के अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की भूमिका आज भी महत्वपूर्ण है। वहीं पर बामसेफ के जिला अध्यक्ष ने कहा कि जब यह देश और सविधान रहेगा तब तक बाबा साहेब का नाम स्वर्ण अक्षरों मे अंकित रहेगा।

# मुख्यमंत्री जी बालू के बिना विकास असंभव है, जरा ध्यान दें : महापौर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने आज माननीय मुख्यमंत्री जो आज जनता की पीड़ा को दूर करने के लिए पलामू प्रवास कर रहे है से अपील करते हुए कहां है माननीय मुख्यमंत्री जी बालू के अभाव में गत 6 माह से सारा प्रधानमंत्री आवास अधूरा पड़ा है जो कैंसिल के कगार पर पहुंच चुका है। लाभुक इस कड़ाके की ठंड में प्लास्टिक की झोपड़ी बनाकर सोने को मजबूर हैं। सिर्फ निगम क्षेत्र की बात करें तो लगभग 4000 लाभुकों के आवास कैंसिल के कगार पर पहुंच चुका। आश्चर्य इस बात का है की एक तरफ प्रशासन बालू का उठाव बंद कर दिया दूसरी तरफ इन लाभुकों को समय पर आवास पूर्ण नहीं किए जाने के कारण बार-बार आवास कैंसिल करने की धमकी दे रहा।

**बालू के अभाव में रुक गया पूरे राज्य का विकास**



अरुणा शंकर, महापौर।

माननीय बालू के अभाव में पूरे राज्य का विकास रुक गया है सारे निगम एवं ग्रामीण क्षेत्र के नली, गली, पीसीसी सड़कें जो संवेदको को एक समय सीमा के अंदर बनाना होता सब बंद पड़े हैं। हजारों ट्रैक्टर जिन्हें बालू से रोजगार मिलता सबके किस्त टूट चुके, चालक बेरोजगार हो गए। फाइनेंसर गाड़ी खींचने की धमकी दे रहा। सारे बड़े-बड़े मॉल बिल्डिंग के काम बंद है जिससे लाखों मजदूर और कर्मी बेरोजगार हो गए। अतः मैं आपसे विनम्र प्रार्थना करती हूं आप अपने विकास यात्रा के प्रारंभ में ही विकास के सबसे बड़े व्यवधान का समाधान करें ताकि राज्य के रुके विकास को गति मिल सके और साथी सभी प्रधानमंत्री आवास बनाने वाले लाभुकों को कम से कम 10/ 10 ट्रैक्टर बालू का परमिट देते हुए उठाओ की व्यवस्था कराई जाए ताकि वह अपना आवास पूर्ण कर सके अन्यथा सारे सरकारी भवन जो खाली पड़े हैं या बड़ा बड़ा टेंट लगाकर उन्हें रहने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि वह इस ठंड के मौसम में मरने से बच सके।

# पलामू को उपराजधानी बनाने की घोषणा कर अपना वादा पूरा करें सीएम: ओमकार

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री जी अपना वादा पूरा करें और पलामू को उप राजधानी बनाने की घोषणा करें चुनाव में पलामू के लोगों से उन्होंने वादा किया था कि पलामू को उप राजधानी बनायेंगे वे चुनाव में किया गया बादा पूरा करे उक्त बाते आप पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कही। गुरुवार को प्रेस को संबोधित करते हुए श्री जायसवाल ने कहा की मुख्यमंत्री जी को राज्य में बालू और बिजली की संकट पर भी यात्रा में जनता को जबाब देना चाहिए क्योंकि मुख्यमंत्री जी की सभी उपलब्धियों हाथी की दांत साबित हुई है में बालू की हालत से राज्यवासी भारी समस्या झेल रहे हैं। सभी निर्माण कार्य बंद है और राज्य के मुखिया चुप है आखिर क्या कारण है दूसरी ओर बिजली की हालत इतनी खराब है की केवल लोग झलक देख रहे है श्री जायसवाल ने कही की ई डी से बचने के लिए अपनी नाकामयाबी छुपाने के लिए यह जोहार यात्रा कर अनाप शनाप जनता का पैसा इस यात्रा में बर्बाद किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी झारखंड प्रदेश माननीय मुख्यमंत्री जी से जनता से इन मामलों पर माफी मांगने की सलाह दी है। इस अवसर पर जिला संयोजक चंद्रबली चौबे, सुधीर कुमार, कौशल किशोर वचन, अरुण बर्मा आदि उपस्थित थे।

# जेपीएस बजाज शोरूम में पल्सर पी150 लॉन्च

खबर मन्त्र संवाददाता




नई बाइक को लॉन्च करते शोरूम के मालिक अभिषेक सिंह।

**मेदिनीनगर।** रांची रोड स्थितियों जेपीएस बजाज शोरूम में पल्सर पी150 लॉच किया गया। बजाज कंपनी की यह सबसे लेटेस्ट मॉडल बाइक है। पी150 सारी खुबियों से भरपूर है और देखने में भी आकर्षक है। यह पांच नये रंगों में उपलब्ध है। इसमें अनेक प्रकार के फिचर हैं, जैसे सिंगल चैनल एबीएस, इंफिनिटी डिसप्ले, यूएसबी चार्जर, प्रोजेक्टर एलइडी, हेड लेंप, अंडरवेली एगजॉस्ट, डिस्टेंस टू इंपटी इंडिकेटर जैसे आधुनिक फिचर एवं नई तकनीक का इस्तमाल किया गया है। पी150 को लेकर ग्राहकों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पी150 सिंगल डिस्क की एक्स शोरूम की किमत 117267 और टवीन डीस्क की एक्स शोरूम की किमत 120269 है। इसकी बुकिंग मात्र 501 रूपए में ही लोग करा सकते हैं।

मौके पर शोरूम के ऑनर अभिषेक सिंह, बजाज ऑटो फाइनेंस के सीएसएम जोय देवी दास और शोरूम के मैनेजर मिहिर राज भी मौजूद थे।

# मुआवजा राशि की मांग को लेकर रैयतों का धरना चौथे दिन भी जारी

- एनएच 98 फोरलेन निर्माण में मुआवजा की मांग को लेकर प्रदर्शन
- स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं दे रही शिवालया कंस्ट्रक्शन




धरनास्थल पर मौजूद प्रभावित व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के ढाब बिजनीवार गांव में एनएच 98 फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित भूमि व मकान के उचित मुआवजा की मांग को लेकर रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना चौथे दिन भी जारी है। सिमरवार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने कहा कि फोरलेन निर्माण में अधिग्रहित भूमि पर बने मकान का उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

वहीं शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया नहीं कराया जा रहा है, जो नियम के विपरीत है। इस संबंध में कार्रवाई होने तक रैयतों का धरना जारी रहेगा।साथ ही कहा कि सुनवाई नहीं होने पर भूख हड़ताल भी किया जाएगा। इस अवसर पर अखिलेश गुप्ता, राणा पासवान, परशुराम मेहता, राजू साव, अनिल मेहता, राजेंद्र यादव, कुलदीप चौधरी, तूफान कुमार, अविनाश कुमार, कमलेश यादव सहित रैयत उपस्थित थे।

### बीडीओ ने विधायक से की शिष्टाचार मुलाकात



**पांकी पलामू।** पांकी बीडीओ चंदन कुमार ने पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता से उनके नीलांबर पितांबरपुर स्थित मोर्या फार्म हाउस में मिलकर शिष्टाचार मुलाकात किये। मौके पर विधायक डा मेहता ने बीडीओ को पांकी ब्लॉक में पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विधायक को भरोसा जताया कि हम आपके विश्वास पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि पांकी विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके।

# बरवाडीह में ऐसा टूर्नामेंट बहुत ही अच्छी बात : बिट्टू पाठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन।** हिसरा बरवाडीह में स्वर्गीय मालदेव पासवान कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने फीता काट के टूर्नामेंट का उद्घाटन किया एवं सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके खेल का शुभारंभ किया। बिट्टू पाठक ने कहा कि आज हिसरा बरवाडीह इस तरह का टूर्नामेंट होना निश्चित रूप से अच्छी बात है इस टूर्नामेंट के आयोजक डॉ सुशील कुमार पासवान जी एवं उनकी टीम को धन्यवाद देता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की प्रतियोगिता होनी चाहिए जिससे युवा वर्ग में एक प्रेरणा और आगे बढ़ने की सीख मिलती है। मौके पर समीम अहमद राइन, अशोक पासवान, अबे पांडे, आजाद सिंह, टूर्नामेंट कमेटी के अनुज पासवान, संत कुमार, मंटू राजस्थान, पंकज पासवान, दशरथ पासवान, राधेश्याम पासवान, डॉ सुशील पासवान, सन्नी कुमार, मनीष, मनोज पासवान आदि मौजूद थे।

# कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में मोहम्मदाबाद व पथरा ने जीता मैच

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल के कर्पूरी मैदान में खेले जा रहे हैं कर्नल का फुटबॉल प्रतियोगिता 2022 में गुरुवार को मोहम्मदाबाद का सामना बिलासपुर से हुआ दोनों टीमों के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें मोहम्मदाबाद ने बिलासपुर को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट में दूसरा जीत दर्ज किया। मोहम्मदाबाद के तरफ से अरमान और राकेश ने गोल किया। वही आज का दूसरा मुकाबला में पथरा का सामना पतरिया से हुआ जिसमें पथरा के टीम ने पतरिया को 3-1 से हरा दिया। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि समाजसेवी राज अली ने सभी खिलाड़ियों से मिलकर उत्साह वर्धन किया। क्लब के उपाध्यक्ष और पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान ने सभी खिलाड़ियों से अनुशासित ढंग से खेलने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में यह टूर्नामेंट फुटबॉल को फिर से जीवित करने का काम कर रहा है और इसमें आप सभी का सहयोग अति आवश्यक है।

### मनातू पुलिस ने शशिकांत के घर चिपकाया इश्तेहार



**मनातू पलामू।** मनातू पुलिस ने 17 सीएलए एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त शशिकांत जी उर्फ आरिफ जी पिता हीरा सिंह केदाल के घर इश्तेहार साटा है। इस मामले के अनुसंधानकर्ता रामसरीख तिवारी ने कहा कि कोर्ट के निर्देश पर अभियुक्त शशिकांत जी के घर इश्तेहार चिपकाया है। जिसमें अभियुक्त को मेदिनीनगर एसडीजेएम के न्यायालय में नौ जनवरी 2023 को 11 बजे तक सशरीर उपस्थित होने को कहा गया है।

### कोल्हापुर जा रहे मजदूर की ट्रेन से गिर कर मौत



**हरिहरगंज पलामू।** सरसोत पंचायत के टोला पांचूडीह निवासी सूर्यदेव राम के पुत्र भीष्म नारायण (39) की मौत बुधवार की सुबह चलती ट्रेन से गिरकर हो गयी। भीष्म सोमवार को अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन से दीक्षा भूमि सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से महाराष्ट्र के कोल्हापुर के लिए रवाना हुआ था। बुधवार की सुबह वह सांगली जिले के कोठी महाकाल तथा मिरज जक्शन के बीच ट्रेन से गिर गया। बाद में रेलवे पुलिस ने परिजनों को भीष्म नारायण राम की मौत होने की जानकारी दी। घटना से उसकी पत्नी, दो बेटे और बूढ़ी मां-पिता का रो रो कर बुरा हाल है।

### बीडीओ से सहायता केंद्र खुलवाने की मांग



**पाटन पलामू।** संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू का एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बीडीओ मनोज तिवारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ से नागरिक सहायता केंद्र खुलवाने को लेकर वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र के सचिव विनोद कुमार, सुप्रीम कोर्ट सलाहकार समिति के सदस्य बलराम जी, एनएसके के को-ऑर्डिनेटर कमाल चंद, प्रोग्राम के सुष्मिता, विकास कुमार, चाइल्डलाइन डिस्टिक को-ऑर्डिनेटर राजदेव वर्मा, प्रदीप कुमार एवं बिंदु देवी थे।

# सोलर पेयजल व्यवस्था की जगह मोटर लगाकर राशि का हुआ गबन

>> पहाड़ी खुर्द और पहाड़ी कला विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था में बरती जा रही अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबर पलामू।** प्रखंड के कई स्कूलों में पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से पेयजल व्यवस्था कराया गया है। जिसमें प्राक्कलन घोटाला की बात सामने आई है। विभागीय निर्देशानुसार विद्यालयों में सोलर आधारित पेयजल व्यवस्था किया जाना था।

परंतु कई जगहों पर बिजली से चलने वाले मोटर को लगाकर राशि का गबन कर लिया गया। प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी



कला तथा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी खुर्द समेत अन्य कई स्कूलों में लगे पेयजल व्यवस्था ने मानक का ख्याल नहीं रखा गया है। प्राक्कलन के अनुरूप विद्यालयों में सोलर सोलर सब मर्सिबल पंप नहीं लगा है। दोनों स्कूलों में पेयजल व्यवस्था के नाम पर 1,58,934 का भुगतान कर दिया गया है।

# सीएम साहब ! लहलहे में चिराग तले अंधेरा है, जरा इसे दूर कर दीजिये...

खबर मन्त्र संवाददाता



लहलहे स्थित एनटीपीसी इकाई का पावर

**सतबरवा, पलामू।** इंटक के स्टेट सेक्रेटरी विवेका त्रिपाठी ने सीएम से एक भावुक अपील की है। उन्होंने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री जी जोहार...। शुक्रवार को हमारे गृह जिला पलामू में आपका तहे दिल से स्वागत है। स्वागत की बेला में मुख्यमंत्री जी एक दिल की पीड़ा व्यक्त करने से अपने आप को रोक नहीं पा रहा हूं कि पलामू जिले के सदर मेदनीनगर प्रखंड के लहलहे गांव में नेशनल ग्रिड की स्थापना की गई है, जिससे पूरे पलामू और गढ़वा को बिजली मिल रही है लेकिन इससे दुर्भाग्य कहूं या इस सिस्टम का दोष कि नेशनल ग्रिड के आसपास रहने वाले गांव यहां तक की जिस गांव की भूमि में नेशनल ग्रिड बना है वहां के लोग आज भी बिजली की अति गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। गांव के लिए अति महत्वपूर्ण समय सुबह और शाम दोनों समय यह कह कर बिजली काट दी जाती है कि आपके फीडर को ज्यादा बिजली चाहिए और हम नहीं दे पायेंगे। यह ग्रामीण क्षेत्र खेतिहर मजदूर और किसानों का क्षेत्र है यहां मौसम की मार के बाद वैकल्पिक सिंचाई ही एकमात्र रास्ता है जिससे यहां के लोग जीविकोपार्जन कर सकें और उसमें बहुत बड़ा रोड़ा बिजली विभाग बन रहा है।

# गुजरात चुनाव : जीत का जश्न मना कर भाजपाइयों ने एक दूसरे को खिलाई मिठाई

खबर मन्त्र संवाददाता



एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाते मनातू के भाजपा कार्यकर्ता।

**मनातू।** गुजरात विधानसभा में भाजपा के प्रचंड जीत पर मनातू मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न, बांटी गई मिठाई और खूब उड़े गुलाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव ने कहा कि गुजरात ने एक बार फिर इतिहास रचा।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के विकास मॉडल पर गुजरात की जनता ने मुहर लगाई है। यह लोगों को मान, सम्मान और आत्मविश्वास की जीत है। इस विराट विजय के लिए गुजरात की देवतुल्य जनता, गुजरात के परिश्रमी कार्यकर्ता बधाई के पात्र है।

यशस्वी गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, गुजरात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल का भी इस ऐतिहासिक विजय के लिए अभिनंदन हैं। इस चुनाव में पूर्व के सारे रिकार्ड ध्वस्त हो चुके हैं, इसके परिणाम पूरे देश में कार्यकर्ताओं में नये जोश भरने का काम करेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, युवा अध्यक्ष अमरेश रंजन, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष शौकत खां, एसटी मोर्चा अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, मंडल मंत्री श्रवण शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अंतू यादव, अखिलेश यादव, शाने अहमद, लाडले हसन, पोखराज साहू, अरुण मेहता, पवन गुप्ता, पिंटू यादव, अजीत गुप्ता एवम सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दुकानदारों और मदरसा कमेटी के लोगों के बीच मारपीट, कई घायल

■ मामला मदरसा खैरुल इस्लाम का दोनों तरफ से थाना में मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद, पलामू।** शहर के मुख्य बाजार स्थित मदरसा खैरुल इस्लाम के मदरसा कमिटी और दुकानदारों का मामला तूल पकड़ती जा रही हैं बुधवार को मदरसा कमिटी ने उक्त सभी दुकानदारों पर कार्यलय में घुस कर मारपीट और चोरी का आरोप लगाया हैं मिली सूत्रों से जानकारी के अनुसार बुधवार की रात्रि में दोनो पक्षो में मारपीट हुई हैं जिसमे मदरसा के अध्यक्ष, सचिव व सदस्यों के साथ मारपीट की गई है। इस घटना में मदरसा कमिटी के अध्यक्ष फिरोज आलम, सचिव, मोहम्द अली व सक्रिय सदस्य सद्दाम कादरी गंभीर रूप से घायल हो गये, सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।



**खास बातें :** इस संबंध में मदरसा कमेटी के अध्यक्ष फिरोज आलम ने मदरसा परिषर के दुकानदार व जेएमएम के वरिष्ठ नेता डॉ ऐजाज आलम, रोशन अली, शेख मेराज, शेख अतहर, मो सद्दाम खान, नाशीम अहमद, शहंशाह खान को आरोपी बनाया है, लिखित आवेदन में कहा है की हम और मदरसा के सचिव मो अली, सक्रिय सदस्य सद्दाम कादरी मदरसा परिसर स्थित मदरसा कार्यालय में बैठ कर बातचीत कर रहे थे, इसी क्रम में उक्त सभी लोगों ने कार्यालय में घुस कर लोहे रॉड से प्रहार करने लगा और कार्यालय में तोड़ फोड़ शुरू कर दी ,दुकान की बिक्री का करीब 25 हजार रुपये लूट ली,, हो हल्ला सुनकर अगल बगल लोग आने लगे तो सभी लोग फरार हो गये, स्थानीय लोगों ने हम सभी को अनुमंडल अस्पताल में पहुंचाया है। इधर, दुकानदार और झामुमों नेता डॉ ऐजाज का कहना हैं हमलोग किसी के साथ मारपीट नही किये हैं और न ही पैसा लिए है।

स्पीड न्यूज

## मस्जिद की ढलाई में शामिल हुए गणमान्य

**लोयाबाद।** लोयाबाद छह नंबर में गुरुवार को मस्जिद के छत की ढलाई की गई। इसमे उलेमाओं के अलावे राजनीतिक दल के नेता भी शामिल हुए। सभी ने ढलाई में सहयोग प्रदान किया ।रकम सहयोग के इलावे,अपने हाथों से सीमेंट मसाले को भी उठाया,युवाओं में भी इस मस्जिद के ढलाई के प्रति काफी जोश था। बताया जाता है कि यहां एक छोटा स मदरसा था,जिसमे लोग नमाज पढा करते थे। नमाजियों की तकलीफ को देखते हुए,अंजुमन एखलाकुल मुस्लेमीन ने मसदरसे वाली जगह पर एक छोटी से मस्जिद तामीर कराने का फैसला किया। मेहमानों में मौलाना गुलाम रसूल,अब्दुल,मौलाना खालिक कादरी,मौलाना इरफान,नेताओं में असलम मंसूरी,राजकुमार महतो,इम्तियाज अहमद, शमशेर अलाम,रुस्तम अंसारी,शाहिद कमर,आजाद मुखिया,राजू नोनिया,रियाज अहमद,मस्जिद कमिटी के जमील अख्तर, सनाउल अन्सारी,आदि लोग सक्रिय थे।

## लावारिस अवस्था में खड़ी स्कूटी को पुलिस ने किया जब्त

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के कुमारधुबी स्टेशन के समिप रेलवे स्टेन्ड के बाहरी हिस्से से लावारिस अवस्था मे एक सप्ताह से खड़ी स्कूटी संख्या जेएच-10-बीजे-4840संख्या को चिरकुंडा पुलिस ने जब्त कर थाना ले गई। स्थानिय लोगो ने पुलिस को लावारिस अवस्था मे खड़ी स्कूटी के विषय मे चिरकुंडा पुलिस को सूचना दी। स्थानिय लोगों ने बताया कि स्टेन्ड के बाहरी हिस्से मे यह दो पहिया वाहन एक सप्ताह से लावारिस अवस्था में रखा हुआ था।

## पति की मौत के बाद अंतिम क्रिया में पहुंची जेल में बंद पत्नी

**बाघमारा।** हत्या मामले को लेकर धनबाद मंडल कारा में बंद चंपा देवी अपने पति के आकस्मिक निधन के बाद ससुर दो दो पुत्रियों के साथ श्राद्धकर्म करने गोपालपुर स्थित आवास पहुंची। पुलिस अभिरक्षा के बीच श्राद्धकर्म किया गया । डेढ़ वर्ष पूर्व बाघमारा पुलिस ने हत्या के एम मामले में चंपा देवी के अलावे उसके ससुर ओर दो पुत्रियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## अंचल अधिकारियों को अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश

**धनबाद।** अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद, नंदकिशोर गुप्ता ने ठंड के मद्देनजर सभी अंचल अधिकारियों को अलाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। अपर समाहर्ता ने कहा कि दिसंबर एवं जनवरी महीने में जिले में शीतलहर का प्रभाव देखने को मिलता है। इससे लोगों को राहत प्रदान कराने के लिए सभी अंचल अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्राधिकार में सभी महत्वपूर्ण स्थान, चौक चौराहे, बस स्टॉप एवं अस्पतालों में अलाव या जलावन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है।

## पानी-बिजली नहीं मिलने से परेशान हैं झरिया निवासी

**झरिया ।** पानी व बिजली नहीं मिलने से परेशान है झरियावासी वही झरिया विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के पास रहने वाले स्थानियों के पानी और बिजली की घोर समस्या को लेकर प्रेम गोप के नेतृत्व में लोगो ने भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की जहा सिंह ने मुद्दों पर चर्चा कर शीघ्र ही समस्याओं का निपटारा करने की बात कही।

## जनता मजदूर संघ में शामिल हुए 4 सरदार

**झरिया।** झरिया वासदेवपुर कोलियरी लोकल कोल सेल मजदूर दंगल के चार सरदारों ने जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह में अपनी आस्था व्यक्त करते हुए विशाल बरनवाल के नेतृत्व में आज सिंह के समक्ष उनके आवासीय कार्यालय में जनता मजदूर संघ में शामिल हुए।

# बैंक मोड़ थाना प्रभारी सहित तीन पर हत्या का मुकदमा

### बैंक मोड़ एनकाउंटर का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद में 6 सितंबर को बैंक मोड़ थाना से महज कुछ दूरी पर मुथूट फाइनेंस कार्यालय में लूट की कोशिश के दौरान अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई थी। जिसमे 19 वर्षीय शुभम सिंह का पुलिस द्वारा एनकाउंटर कर दिया था। इस घटना को लेकर शुभम की माँ शशि देवी ने इस एनकाउंटर को फर्जी बताते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह की अदालत में शिकायतवाद दर्ज करवाया था।इस मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की सुनवाई के दौरान संज्ञान लेते हुए अगली तिथि निर्धारित कर दी है। केस को न्यायिक दंडाधिकारी एमजेड तारा की अदालत में ट्रांसफर कर दिया है।

वहीं इस केस के सम्बंध में अधिवक्ता मो जावेद ने कहा कि फर्जी एनकाउंटर मामले में तीन लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है।जिसमें बैंक मोड़ थाना इंस्पेक्टर पीके सिंह और दो पुलिस कर्मी उत्तम कुमार और गौतम कुमार शामिल हैं। शिकायतवाद के तहत मंगलवार को तीनों को ऊपर हत्या का मुकदमा अदालत में दर्ज कर लिया गया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने संज्ञान लेते हुए अगली तिथि निर्धारित कर दी है। अगली सुनवाई में शिकायतकर्ता का बयान अदालत में दर्ज किया जाएगा,साथ ही साक्ष्य भी अदालत को प्रस्तुत किया जाएगा।

### कार्यक्रम में थे शामिल

मृतक की मां ने दर्ज कराया था केस

बताते चलें कि पांच नवंबर 2022 को शुभम सिंह की माँ शशि देवी झारखण्ड हाइकोर्ट में रिट पिटीशन क्रिमिनल-537/22 दायर कर घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की थी। बता दें 6 सितंबर को बैंक मोड़ थाना से महज कुछ दूरी पर स्थित मुथूट फाइनेंस में लूट की कोशिश के दौरान पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुआ था।जिसमे 19 साल के शुभम का पुलिस ने मौके पर ही एनकाउंटर कर दिया था, साथ ही दो अपराधियों को पुलिस दबोच लिया थामवारदात के बाद झारखण्ड डीजीपी ने इंस्पेक्टर और दो पुलिसकर्मियों को उनके जांबाज कारनामे के लिए सम्मानित भी किया था।

### मेरे बेटे का हुआ था झूठा एनकाउंटर

मृतक शुभम की मां शशि देवी ने बताया कि उनके मेरे बेटे का झूठा एनकाउंटर पुलिस ने किया है। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर का वीडियो उसके पास उपलब्ध है। अदालत में सुबूत के तौर पर उसे पेश करेंगी।शशि देवी ने मंगलवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह की अदालत में शिकायतवाद दायर किया।इसमें शशि देवी ने बैंकमोड़ थाना प्रभारी डॉ प्रमोद कुमार सिंह, आरक्षी गौतम कुमार सिंह और उत्तम कुमार पर उसके 19 वर्षीय इकलौते पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। अधिवक्ता मो जावेद की ओर से दायर शिकायतवाद में कहा गया है कि छह सितंबर को उसका पुत्र घरेलू कार्य से बैंकमोड़ गया था। पूर्वाह्न 10:15 बजे से 11:00 बजे के बीच शुभम ने देखा कि सिविल ड्रेस में प्रमोद कुमार सिंह, गौतम कुमार सिंह, उत्तम कुमार एके 47 से गोली चलाते हुए दौड़ रहे हैं।शुभम ने समझा कि अपराधियों के बीच गैंगवार हुआ है।डर से वह भी भागने लगा। तीनों ने उसको दौड़ा कर घेर लिया और पीके सिंह ने पीछे से उसको दो गोली मारी, जिससे उसकी मौत हो गयी।आरोप लगाया गया है कि घटना को अलग रूप देने के लिए तथा अपने बचाव में पूरे प्रकरण को एनकाउंटर का रूप देते हुए झूठा केस दर्ज किया गया। घटना के बाद तीनों ने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर साक्ष्य को छुपाया और नष्ट किया। मृतक की मां शशि देवी ने इस संबंध में मुख्यमंत्री व झारखण्ड के मुख्य सचिव से भी लिखित शिकायत की। स

## दुग्धा में सुपर मार्केट खुलना तरक्की की पहचान: विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** मध्यम वर्गीय परिवार के लिए आर्या मार्ट अच्छा केंद्र है। दुग्धा के रटारी में इस तर इस तरह आर्या मार्ट सुपर मार्केट खुलने से ग्राहकों को एक ही स्थान पर सामान खरीदने में सहूलियत होगी। उक्त बातें बोकारो विधायक बिरंची नारायण और गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने कहीं। वह 8 दिसंबर को धनबाद हिरक रोड स्थित रटारी दुग्धा में आर्या मार्ट सुपर मार्केट की शुरूआत करने के बाद लोगों और प्रबंधन से चर्चा के दौरान कही। कहा कि कई लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। उद्घाटन के मौके पर मौजूद पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक ने आर्या मार्ट सुपर मार्केट की व्यवस्था को लेकर जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर प्रोपराइटर साकेत गुप्ता ने बताया कि ग्रहाकों के लिए हजारों प्रोडक्ट यहां उपलब्ध है। दुग्धा में यह अपनी तरह का पहला सुपर मार्केट है। यहां घर में उपयोग होने वाली तमाम चीज उपलब्ध है।

## छापेमारी में 50 टन अवैध कोयला जब्त

### तिसरा थाना क्षेत्र में पुलिस का छापा



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया /तिसरा।** झरिया के समीप तिसरा थाना क्षेत्र के साउथ गोलकडीह डिपु धौड़ा में गुरूवार को सीआईएसएफ व पुलिस की छपामारी में लगभग 50 टन अवैध कोयला जब्त किया गया । मौके से ट्रक में कोयला लोड करने में प्रयोग होने वाली बांस की दो सीढ़ी भी बरामद की गई है । छापेमारी से पूरी बस्ती के लोगो में हड़कंप मच गया । जब्त कोयला को 6 नंबर साइडिंग में पहुंचा दिया गया। तिसरा थाना प्रभारी अभिजीत कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के डीपू धौरा के समीप गुरुवार को छापामारी कर लगभग 50 टन कोयला जप्त किया जब तू कोयला को कांटा कराने के बाद स्थानीय प्रबंधन के हवाले कर दिया गया।

### शहीद की श्रद्धांजलि सभा में थे मौजूद

इन दिनों डीपू धोरा के पास कोयला इकट्ठा किया जा रहा है उस कोयला को रात्रि में ट्रक के माध्यम से बाहर भेजा जाता है कुछ दिन पूर्व भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं । इसकी सूचना थाना प्रभारी को लगी तो उन्होंने अपने पेट्रोलिंग पार्टी के साथ वहां पहुंचे कई स्थानों पर छुपाकर कोयला रखा गया था सब कोयला को छापामारी कर हाईवा डंपर में लोड किया गया इसके बाद उसे कांटा कराया गया तो 50 टन के लगभग कोयला बताया जाता है । कोयला 6 नंबर साइडिंग और बगल में चल रहे हैं आउटसोर्सिंग परियोजना से चोरी कर यहां रखा जाता है यहां पर एक पुराना सिंडिकेट है ,जो इस धंधे में लिप्त है उसी के माध्यम से सारा खेल होता है । कोयला चोर के लिए यह क्षेत्र सुरक्षित माना जाता है क्योंकि तीसरा थाना क्षेत्र के सबसे अंतिम सीमा पर यह धौरा है। बगल में लोदना और घनुडीह थाना का इलाका पड़ता है जिसका फायदा सिंडिकेट उठाते हैं कोयला यहां से लोड कर दोनों ओपी क्षेत्र के रास्ते गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जाता है।

## डीपीएस ने किया कुर्रा गांव का भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** एक्सपेरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम के तहत चलो गांव की ओर अभियान की कड़ी में डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने निकटवर्ती चास प्रखंड अंतर्गत कुर्रा गांव का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके जरिए बच्चे ग्रामीण परिवेशए वहां के लोगों के रहन.सहन और संस्कृति से रू.ब.रू हुए। राजकीय मध्य विद्यालयए कुर्रा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गांव के बच्चों के साथ गीत.संगीत और नृत्य का आनंद लिया और एक.दूसरे से अपने अनुभव साझा किए। गांव के बच्चों ने पारंपरिक झारखंडी नृत्य व स्वागत गीत से डीपीएस की टीम का अभिनंदन किया।छात्र.छात्राओं के साथ प्राचार्य एण एसण गंगवार सहित लगभग आधा दर्जन शिक्षक इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हुए। श्री गंगवार ने कहा कि आज अत्याधुनिकता की होड़ में हमारे बच्चे अपनी सामाजिक जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में उनका गांवों से जुड़ाव जरूरी है। इस दौरान प्राचार्य ने गांव के बच्चों के बीच क्रिकेट किटए फुटबॉल सहित खेलकूद की अन्य सामग्री वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया। राजकीय मध्य विद्यालयए कुर्रा के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने डीपीएस बोकारो प्रबंधन के श्चलो गांव की ओरश अभियान को सराहनीय बताया।

## डीवीसी- बीटीपीएस मंत्रालय पुरस्कार से चौथी बार सम्मानित



**बेरमो।** बीते दिनों पूर्व तथा पूर्वोत्तर क्षेत्रों ;13 राज्योंद्ध का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में दामोदर घाटी निगमए बोकारो ताप विद्युत केन्द्रए बोकारो थर्मल को द्वितीय राजभाषा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सीएसआईआर. खनिज एवं पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थानए भुवनेश्वरए ओडिशा में राजभाषा विभागए गृह मंत्रालयए भारत सरकार द्वारा आयोजित इस समारोह के अध्यक्ष माननीय केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा ने डीवीसीए बीटीपीएस के प्रधान मुख्य अभियंता एवं परियोजना प्रमुख श्री सुशांत सन्निग्रही को राजभाषा शील्ड तथा आलोच्य अवधि के राजभाषा अधिकारी श्री इस्माईल मियाँ को राजभाषा प्रमाण.पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

## स्थानीय मजदूरों को योग्यतानुसार काम देने का दिया गया आश्वासन

**बोकारो।** पेटरवार.कसमार संयुक्त अवशेष ग्रामीण पाइपलाइन जलापूर्ति योजना के तहत खूदीबेड़ा में बन रहे ग्राउंड वाटर रिसोर्स में स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को काम पर नहीं लगाये जाने के विरोध में अमरेश कुमार महतोए भुवनेश्वर महतोए प्रशांत महतो समेत अन्य स्थानीय लोगों ने हंगामा कर काम बंद करा दिया। कहा कि स्थानीय रैयत कुशल एवं अकुशल मजदूर रहते हुए अन्य राज्यों से मजदूर लाकर कार्य कराया जा रहा है। जबकि स्थानीय लोग बेरोजगार बैठे हैं। सूचना पाकर कुछ देर बाद साइड इंचार्ज विनय कुमार पहुंचे और कहा कि लोकल मजदूरों को भी कुशलता के आधार पर काम में रखा जायेगा। मौके पर चूरन महतोए लखी नारायण महतोए तूफान महतोए केदार महतोए राम दयाल महतोए कपिलेश्वर महतोए सरोज महतोए योगेंद्र महतोए चुनकी देवीए शनिचरी देवी मौजूद थीं।

## बच्चों में वैज्ञानिक चेतना जरूरी: डॉ अली

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के तीन दिवसीय समारोह के तहत निर्णायक मंडली के सदस्यों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान कांग्रेस की विषयवस्तु के साथ प्रोजेक्ट के मूल्यांकन से संबंधित मानदंडोंए पहलुओं और प्रतिभागियों के चयन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गयी। साइंस फॉर सोसाइटी झारखंड के अध्यक्ष डॉण अली इमाम खान ने कहा कि सोसाइटी का उद्देश्य है कि अपने देश के बच्चों में शोध की प्रवृत्ति का विकास कर उनमें वैज्ञानिक चेतना जागृत की जा सके। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में से लगभग 15 सफल प्रतिभागी विभिन्न वर्गों के लिए राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित किए जाएंगे।सोसाइटी के राज्य समन्वयक सह महासचिव डीएनएस आनंद ने भी बच्चों में वैज्ञानिक सोच के विकास के लिए सोसायटी की ओर से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। आयोजन अध्यक्ष सह डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एण एसण गंगवार ने कहा कि विज्ञान और तकनीक भविष्य की बुनियाद है। इसी उद्देश्य के साथ डीपीएस बोकारो भी इस आयोजन में बराबर की भागीदारी निभा रहा है।मौके पर कोऑर्डिनेटर राजेंद्र कुमारए अरुण कुमार सहित पीण ज्योतिर्मयए एसके रायए एसपी सिंहए आरके कर्णए निक्की स्मिताए डीपीएस बोकारो के उपप्राचार्य अंजनी भूषण सिंहए प्रधानाध्यापिका मनीषा शर्मा सहित विभिन्न जिलों के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## डीसी-एसपी ने किया भाटिया एथलेटिक्स अकादमी का निरीक्षण

### प्रशिक्षुयों ने डीसी एसपी का किया भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/बोकारो** थर्मल। बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी चंदन कुमार झा गुरूवार को बोकारो थर्मल के दौरे पर पहंचे। यहां पर संचालित भाटिया एथलेटिक्स अकादमी का निरीक्षण किए। निरीक्षण के पूर्व अकादमी में प्रशिक्षुयों ने डीसीए एसपीए एसडीएम व एसडीपीओ को चंदन का टीका लगाकर स्वागत किए। इसके बाद कथारा स्थित जीएम फुटबॉल मैदान का निरीक्षण भी किए और सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जीएम हर्षद दतार से खेलकूद को बढ़ावा देने पर वार्ता की। निरीक्षण के क्रम में मधु कुमारीए सीओ मनोज कुमारए सर्किल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार सिंहए उप निर्वाचन पदाधिकारी विवके सुमनए भाजपा जिलाध्यक्ष भरत यादवए अनवर आलमए थाना प्रभारी शैलेश कुमार चौहानए मुखिया चंदना डे आदि शामिल थे।

### गोल्डेन गर्ल से मिले एसपी-डीसी

गोल्डेन गर्ल आशा किरण बारला से मिले डीसी.एसपी: भाटिया एथलेटिक्स अकादमी में प्रशिक्षु गोल्डेन गर्ल आशा किरण बारला से डीसी कुलदीप चौधरी व एसपी चंदन कुमार झा मिले और हर संभव सहयोग करने की बात कहीं। कुवैत में आयोजित चौथे एशियन अंडर.18 एथलेटिक चैंपियनशिप में 15 अक्टूबर को झारखंड की बेटी आशा किरण बारला ने 800 मीटर दौड़ में देश को गोल्ड मेडल दिलायी थी। आशा ने 800 मीटर की दूरी 2:06079 मिनट में पूरी की थी। इससे पहले 2015 में हॉगकांग में आयोजित एशियन अंडर.18 एथलेटिक चैंपियनशिप में चीन की राव झिन्यू ने 2009003 मिनट में इस रेस का रिकॉर्ड बनाया था। आशा ने 3 सेंकेंड से अपनी ही रिकॉर्ड में सुधार किया है।

एक नजर में

## बाघमारा झामुमो प्रखंड कमेटी के लिए पांच प्रत्याशियों के नाम भेजे गये रांची



बाघमारा। कुछ दिनों पूर्व झामुमो केंद्रीय कमेटी के द्वारा बिना किसी सूचना के राज्य के सभी एवं प्रखंड अध्यक्षों की कमेटी को भंग कर दिया गया था। जेएमएम प्रखंड की नई कमेटी को बनाने को लेकर गुरुवार को बाघमारा के डुमरा गेस्ट हाउस में चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनाव चुनाव पर्यवेक्षक नितेश अलाउद्दीन अंसारी अशोक मंडल सुखराम मरांडी नकुल महतो पहुंचे। पांच प्रत्याशी बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष के लिए अपने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बाघमारा स्थिति डूमरा गेस्ट हाउस पहुंचे। पांचो प्रत्याशियों ने गाजेबाजे एवं अपने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रतिलाल टूडु कारु यादव हरेंद्र चौहान अजमुल अंसारी रंजीत महतो चुनाव के मैदान में है। पांचो प्रत्याशियों का नाम चुनाव पर्यवेक्षक लिखकर अपने साथ ले गए हैं संभवत बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष का निर्णय रांची में केंद्रीय कमेटी के द्वारा किया जाएगा।

## चंद्रशेखर अग्रवाल ने खिलाड़ियों को दी जीत की बधाई

**धनबाद।** मुंबई में पिछले दिनों संपन्न हुई बेनब्रिज पिकल बाल चैंपियनशिप में धनबाद के चंद्र देव प्रजापति ने मेंस सिंगल्स एडवांस में प्रथम स्थान के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वही दूसरे स्थान पर धनबाद के ही गौरव कुमार ने मेंस सिंगल्स 19 प्लस एडवांस सेटेगरी में सिल्वर पदक लाकर मान बढ़ाया। मेंस डबल्स अंडर 18 एडवांस में शशि कुमार विश्वकर्मा और मोहम्मद जैन तीसरा स्थान में ब्रॉन्ज पदक प्राप्त किया।पिकल बॉल वर्ल्ड कप में बेनब्रिज कप के विजेता इंडिया वायु टीम रहा जिसमें धनबाद के मोहम्मद जैद का चयन हुआ था और इंडिया टीम के विजेता में उनका भी योगदान रहा। धनबाद के पूर्व महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल ने धनबाद के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और जीत की बधाई और शुभकामनाएं दिए। वहीं झारखंड पिकल बॉल एसोसिएशन के सचिव देवानंद पांडे ने भी जीत की शुभकामनाएं दिए और उज्जवल भविष्य का कामना किया।

## सरकारी अस्पताल में सामुदायिक शौचालय एवं स्नान घर का होगा निर्माण

**गोविंदपुर ।** सरकारी अस्पताल परिसर गोविंदपुर में सामुदायिक शौचालय एवं स्नानघर का निर्माण जिला परिषद द्वारा किया जाएगा। जिला परिषद सदस्य सोहराब अंसारी की अनुशंसा पर यह कार्य होगा । इसकी मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिला परिषद ने इस योजना के लिए 921400 का प्राक्कलन तैयार किया है और इसका टेंडर भी कर दिया गया है । श्री अंसारी ने कहा कि इसका काम यथाशीघ्र शुरू कराए जाएगा। इसके लिए उन्होंने सिविल सर्जन को एनओसी के लिए गुरुवार को पत्र भी दिया । सिविल सर्जन ने एनओसी का आश्वासन पहले ही दिया था ।

### पेज एक का शेष

## गुजरात में नमो ...

अन्य 3 सीटों पर निर्दलीय जीते हैं। समाजवादी पार्टी के कांधल जाडेजा पोरबंदर जिले के कुतियाणा सीट से जीते हैं। वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से टिकट न मिलने पर समाजवादी पार्टी के चुनाव चिह्न पर चुनाव मैदान में थे। एआइएमआइएम के प्रमुख असदुदीन ओवैसी ने 13 सीटों पर उम्मीदवार खड़े किये थे, लेकिन उनमें से एक भी जीत नहीं पाये। चुनाव मे पाटीदार आरक्षण आंदोलन के चेहरे हार्दिक पटेल और ओबीसी आंदोलन के नेता अल्पेश ठाकोर भी भाजपा की टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। मोरबी झूलता पुल कांड के बाद भी यहां से भाजपा के कांति अमृतिया चुनाव जीतने में सफल हुए हैं।

इस बार, भाजपा को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भी अच्छी सफलता मिली है। जिन छह सीटों को वह आज तक नहीं जीत पायी थी, उस पर भी वह विजय पताका फहराने में सफल रही। भाजपा की इस प्रचंड जीत के बाद पूरे राज्य में भाजपा कार्यालयों पर जश्न शुरू हो गया। कार्यकताओं ने आतिशबाजी के साथ ढोल-नगाड़ों पर उत्सव मनाया। जीत के बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल गांधीनगर स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

इधर, हिमाचल प्रदेश में भाजपा की हार का कारण सत्ता विरोधी लहर माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव में हार के बाद जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को अपना इस्तीफा सौंपा है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड बनाया है। उन्होंने सिराज सीट से 38 हजार से अधिक मतों से जीत दर्ज की है। इस चुनाव में कई सीटों पर बड़े उलटफेर हुए हैं। भाजपा सरकार के सात मंत्री अपनी सीट नहीं बचा पाये हैं। हारने वाले भाजपा मंत्रियों में कुसुंपटी से सुरेश भारद्वाज, फतेहपुर से राकेश पठानिया, कुटलैहड़ से वीरेंद्र कंवर, शाहपुर से सरवीण चौधरी, कसौली से राजीव सैहजल, घुमारवीं से राजेंद्र गर्ग और लाहौल-स्पीति सीट से रामलाल मार्कंडेय शामिल हैं। वहीं, कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के दावेदार बड़े चेहरे कौल सिंह ठाकुर और आशा कुमारी चुनाव हार गये हैं। हिमाचल के चुनावी रण में तीन निर्दलीयों ने भी जीत हासिल की है। हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सबसे बड़े सियासी जिला कांगड़ा में मिली बढ़त ने सतासीन कर दिया। शिमला, सोलन, हमीरपुर और ऊना जिलों में भी कांग्रेस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन चार जिलों की 38 सीटों में से कांग्रेस को 30 सीटों पर जीत मिली है। कांग्रेस को सबसे बड़ा नुकसान मंडी जिले में झेलना पड़ा। यहां कांग्रेस को एक सीट पर जीत मिली है, जबकि भाजपा ने पिछले चुनाव की तरह परचम लहराते हुए 10 में से 9 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के गृह जिले बिलासपुर में भाजपा तीन सीटें जीतने में कामयाब रही, वहीं कांग्रेस को एक सीट पर जीत मिली है। 14वीं विधानसभा में 82 साल के कांग्रेस के धनीराम शांडिल सबसे बुजुर्ग विधायक होंगे, वहीं कांग्रेस के ही 28 वर्षीय चैतन्य सबसे युवा विधायक होंगे। इस बार विधानसभा चुनाव में एक ही महिला प्रत्याशी जीत हासिल कर सकीं। ये पच्छाद सीट से रीना कश्यप हैं। पिछली विधानसभा में चार महिलाएं विधायक बनी थीं।

**गुजरात में 12 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह :** गुजरात के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पत्रकारों को बताया कि गुजरात में 12 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। सीआर पाटिल ने बताया कि भूपेंद्र भाई पटेल ही मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि 12 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गुजरात के मुख्यमंत्री गांधीनगर में शपथ लेंगे और शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव का जनादेश अब स्पष्ट हो चुका है। यहां की जनता ने मन बना लिया है कि दो दशक से चली आ रही गुजरात की इस विकास यात्रा को अनवरत चालू रखना है।

**हिमाचल में कांग्रेस सरकार गठन की तैयारी में जुटी :** बहुमत हासिल करने के बाद अब कांग्रेस सरकार गठन की तैयारी में जुट गयी है। संभावना है कि अगले तीन-चार दिनों में कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुला सकती है। कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद के लिए नेताओं में घमासान मच सकता है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस ने अपने सभी विधायकों को चंडीगढ़ बुलाया है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है और अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, यह विधायक दल की बैठक में तय होगा। नाम केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जायेगा।

# चुनाव परिणाम : सबके अच्छे दिन, भाजपा-कांग्रेस आप सबको मतदाताओं ने खुश होने का दिया मौका

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बुधवार को दिल्ली में एमसीडी के चुनाव नतीजे और गुरुवार को हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा के नतीजे। इन तीनों चुनावों में तीन दल मुकाबले में थे। सबके हिस्से एक-एक जीत आई है और मुस्कुराने की वजह मिल गई है। भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी... ये तीनों ही दल दिल्ली नगर निगम, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनावी मुकाबले में थे। बुधवार सुबह जब एमसीडी के चुनाव नतीजे आना शुरू हुए, तब आम आदमी पार्टी ने भाजपा से जीत छीन ली। कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही। माना जा रहा था कि आम आदमी पार्टी गुजरात में भी भाजपा का खेल बिगाड़ सकती और कांग्रेस सब जगह खाली हाथ रह सकती है, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जानिए दो दिन में सामने हुए तीन चुनाव नतीजों ने किस तरह सभी को मुस्कुराने की वजह दे दी है।



**एमसीडी: आम आदमी पार्टी के अच्छे दिन**

आम आदमी पार्टी के अच्छे दिन इसलिए हैं, क्योंकि जिस राष्ट्रीय राजधानी से उसने पहले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के बाद राजनीतिक पदार्पण किया, वहां उसने 2013 के विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया और 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ जीत हासिल की, लेकिन एमसीडी उसकी पहुंच से दूर थी। इस बार तीन नगर निगम का एकीकरण हुआ और 272 की जगह 250 सीटों पर चुनाव हुए। 134 सीटों पर जीत के साथ ही आम आदमी पार्टी ने भाजपा से उसका वह मजबूत गढ़ छीन लिया, जो 15 साल से उसके पास था। इतना ही नहीं, गुजरात में पार्टी को करीब 13 फीसदी वोट मिले। राज्य के 41 लाख से ज्यादा मतदाताओं ने आप को वोट दिया। इस नतीजे के साथ ही आप का देश की नौवीं राष्ट्रीय पार्टी बनना तय हो गया।

**गुजरात : भाजपा के अच्छे दिन**

आम आदमी पार्टी ने इस बार गुजरात की 182 में से 181 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। गुजरात में पहले चरण के मतदान से पहले उसने वहां पूरा जोर लगाया था। कई एग्जिट पोल्स भाजपा के पक्ष में थे, लेकिन फिर भी यह माना जा रहा था कि आम आदमी पार्टी उसे नुकसान पहुंचा सकती है। हालांकि, गुरुवार को जब नतीजे सामने आए तो भाजपा को मुस्कुराने की वजह मिल गई। 2002 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब भाजपा को मिलीं 127 सीटों से भी ज्यादा सीटें इस बार मिल गईं। भाजपा 155 से ज्यादा सीटें जीत रही है। यह इस राज्य के चुनावी इतिहास में किसी भी दल को मिलीं सीटों का सर्वाधिक आंकड़ा है। भाजपा भले ही यहां 24 साल से सत्ता में हो, लेकिन 85 फीसदी सीटें जीत लेने के बाद यह राज्य में उसके सबसे अच्छे दिन कहलाएंगे।

**हिमाचल: कांग्रेस के अच्छे दिन**

जब एमसीडी में आप जीती और गुजरात में भाजपा अब तक की सबसे ज्यादा सीटें ले आई तो कांग्रेस के पास मुस्कराने की वजह हिमाचल से मिली। यहां इस बार प्रियंका गांधी के नेतृत्व में प्रचार अभियान चला। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के निधन के बाद उनकी पत्नी प्रतिभा सिंह ने पूरी सक्रियता दिखाई। शुरूआती रुझानों में बराबरी का मुकाबला नजर आया, लेकिन बाद में कांग्रेस ने भाजपा को बहुमत हासिल करने से रोक दिया। 2017 में महज 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार 40 सीटें जीत लीं। कांग्रेस आसानी से सरकार बना सकती है, बशर्ते भाजपा निर्वाचित विधायकों में सेंध न लगा दे।

**यूपी में भी भाजपा-सपा-रालोद तीनों को मुस्कराने का मौका मिला**

उत्तर प्रदेश के मतदाताओं ने भी चुनाव लड़ रहे दोनों दलों को मुस्कुराने का मौका दिया। सपा मैनपुरी में जीत दर्ज करने में सफल रही। पार्टी ने मुलायम की विरासत तो बचाई ही, चाचा ने भतीजे की पार्टी में अपनी पार्टी का विलय करके सपा कार्यकर्ताओं को मुस्कुराने का मौका दे दिया। भाजपा के अच्छे दिन रामपुर से आए। जहां पार्टी को पहली बार जीत मिली। वहीं, रालोद ने खतौली सीट भाजपा से छीनकर अपने लिए खुश होने की वजह ढूंढ ली।

## मैनपुरी : डिंपल यादव ने रचा नया कीर्तिमान



**मैनपुरी।** सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने नया कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने 2.80 लाख से अधिक वोटों से भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य को हराया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ डिंपल यादव मैनपुरी लोकसभा सीट से पहली महिला सांसद बन गई हैं। शुरूआत से ही डिंपल यादव ने बड़ी बढ़त बना ली, जो मतगणना खत्म होने के बाद बड़ी जीत में बदल गई। डिंपल को 617625 वोट मिले, जबकि रघुराज सिंह को 329489 वोट मिले। इस तरह डिंपल ने 288136 वोटों से भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। बता दें कि 1996 के बाद मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा और इसके बाद अब तक सपा कभी इस सीट से नहीं हारी।

### उपचुनाव के नतीजे

- कुढ़नी( बिहार)- भाजपा
- पदमपुर( ओडिशा)- बीजद
- सरदाशहर ( राजस्थान)- कांग्रेस
- रामपुर ( यूपी)- भाजपा
- खतौली( यूपी)- रालोद
- भानुप्रतापपुर ( छत्तीसगढ़)- कांग्रेस
- मैनपुरी लोकसभा सीट- सपा

## रिकॉर्ड का रिकॉर्ड बन गया

### प्रचंड जीत पर पीएम मोदी ने दिया गुजरात को क्रेडिट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** गुजरात में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में स्थित भाजपा मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परिवारवाद के खिलाफ जनाक्रोश बढ़ रहा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत। पीएम ने कहा कि गुजरात ने कमाल ही कर दिया है, गुजरात की जनता को नमन। मोदी ने कहा कि मैंने गुजरात की जनता से कहा था कि इस बार नरेंद्र का रिकॉर्ड टूटना चाहिए। वादा किया था भूपेंद्र नरेंद्र का रिकॉर्ड तोड़े, इसके लिए नरेंद्र ने जी-जान से मेहनत की थी। उन्होंने कहा कि गुजरात की जनता ने रिकॉर्ड का रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा गुजरात के हर परिवार का हिस्सा है।

**हमारे ऊपर युवाओं का भरोसा**

पीएम ने कहा कि इस चुनाव में बड़ी संख्या में युवा वोटर थे। इन्होंने कांग्रेस का शासन नहीं देखा था, लेकिन उन्होंने भाजपा के काम को देखा था। इसलिए उन्होंने हमारे ऊपर भरोसा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं का दिल विजन और विकास से जीत सकते हैं। भाजपा में विजन और विकास के प्रतिबद्धता भी है। युवा तभी वोट देते हैं जब उन्हें भरोसा होता है और सरकार का काम प्रत्यक्ष नजर आता है। आज युवाओं ने जब भाजपा को भारी संख्या में वोट दिया है तो इसके पीछे का संदेश बहुत स्पष्ट है कि युवाओं ने हमारे काम को जांचा, परखा और उस पर भरोसा किया है। उन्होंने कहा कि नतीजों ने सिद्ध कर दिया है कि लोग विकास की राजनीति को पसंद करते हैं। मोदी ने कहा पांच-पांच पीढ़ियों ने जनसंघ के जमाने से मेहनत की है। तब हम यहां पहुंचे हैं।

**सभी वोटरों का अभिनंदन**

भाजपा की जीत पर सभी वोटरों का अभिनंदन। गुजरात के साथ हिमाचल, दिल्ली एमसीडी, यूपी के रामपुर और बिहार उपचुनाव की चर्चा भी की। पीएम मोदी ने चुनाव आयोग का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि एक भी पोलिंग बूथ पर रीपोलिंग की नौबत नहीं आई है। पीएम ने कहा कि वह हिमाचल के हर मतदाता के बहुत-बहुत आभारी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के चुनाव में एक प्रतिशत से भी कम हार-जीत का अंतर रहा है। ऐसा कभी नहीं हुआ है। इसका मतलब है कि जनता ने भी भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने का भरसक प्रयास किया है। केंद्र हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

## मैंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा : जयराम

हिमाचल प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि मैंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया है। लोगों के विकास के लिए काम करना कभी बंद नहीं करेंगे। हमें चीजों का विश्लेषण करने की जरूरत है। कुछ मुद्दे ऐसे थे जिन्होंने नतीजों की दिशा बदल दी। अगर वे हमें बुलाएंगे तो मैं दिल्ली जाऊंगा।

## नड्डा बोले, नयी पार्टी के नेता जनता से माफी मांगें



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि जब हम गुजरात के नतीजे देखते हैं तो यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मिली है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र को लेकर जिस अथक प्रयास के साथ गुजरात और देश की जनता की सेवा की वह हमें प्रचंड जीत में दिखती है। उन्होंने कहा कि एक नई पार्टी गुजरात का आपमान करने के लिए आई। वह नई पार्टी क्या करती थी? उनके एक नेता पेपर लेकर आए और भविष्यवाणी करते थे कि गुजरात में सरकार उनकी पार्टी की आ रही है। ऐसा नेता जो जनता की आंखों में धूल झोंक ता हो उसे लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने गुजरात में 52.5 प्रतिशत वोट और 157 सीट हासिल की, तो वहीं कांग्रेस 41.4 प्रतिशत से घटकर 27.3 प्रतिशत प्रतिशत पर आ गई है। वंशवाद, परिवारवाद, अकर्मण्य नेता व गैर जिम्मेदारना विपक्ष के कारण कांग्रेस की ये हालत हुई है।

## यह मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण : प्रतिभा सिंह

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश चुनाव परिणामों पर प्रतिभा सिंह ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण है क्योंकि मैं लोगों से उस तरह का समर्थन देख सकता हूं जैसा दिवंगत वीरभद्र सिंह को मिला था। चंडीगढ़ विधायकों के लिए आसानी से मिलने की जगह है और हम अवैध शिकार के बारे में चिंतित नहीं हैं।

## गुजरात ने रेवड़ी, तुष्टीकरण और खोखले वादों की राजनीति को खारिज कर दिया : अमित शाह



केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने इसे अभूतपूर्व जनादेश करार दिया। उन्होंने गुरुवार को कहा, गुजरात ने 'रेवड़ी', तुष्टीकरण और खोखले वादों की राजनीति को खारिज कर भाजपा को अभूतपूर्व जनादेश दिया है। शाह ने कहा, इस प्रचंड जीत ने दिखाया है कि हर वर्ग चाहे महिला हो, युवा हो या किसान हो सभी पूरे दिल से भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा, 'गुजरात ने हमेशा इतिहास रचने का काम किया है। पिछले दो दशक में मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने गुजरात में विकास के सभी रिकॉर्ड तोड़े और आज गुजरात की जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देकर जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिये। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास मॉडल में जनता के अटूट विश्वास की जीत है।'

## गुजरात हारकर भी अरविंद केजरीवाल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने की पात्रता को पूरा करने पर राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं और सभी देशवासियों को बहुत बहुत बधाई। आपकी आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। गुजरात के लोगों ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी बना दिया है। गुजरात से आम आदमी पार्टी को जितने वोट मिले हैं, उससे कानूनन आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी बन गई है। यह बहुत बड़ी बात है। देश में चंद पार्टियां ही हैं, जिनके पास राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा है, उनमें अब आम आदमी पार्टी भी शामिल हो गई है।

## केंद्र ने राज्यसभा में बताया, यूपीएससी और एसएससी ने की 2.47 लाख उम्मीदवारों की भर्ती

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा को बताया कि पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न महकमों में 2.47 लाख नौकरियां दी गईं हैं। ये नौकरियां संघ लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के माध्यम से दी गईं हैं। संसद के शीत कालीन सत्र के दौरान राज्य सभा में एक लिखित प्रश्न का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सूचित किया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा कुल 2,46,914 उम्मीदवारों की भर्ती की गई है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने पिछले तीन वर्षों में आयोजित परीक्षाओं के आधार पर नियुक्ति के लिए 13,122 उम्मीदवारों की सिफारिश की है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मंत्रालयों और विभागों द्वारा दी गई आवश्यकताओं के आधार पर रिक्तियों को विज्ञापित किया जाता है। मंत्री ने कहा कि कुछ मामलों में मामूली बदलाव हो सकते हैं और नामांकित उम्मीदवारों की संख्या परीक्षा के नोटिस में निर्धारित विशिष्ट पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों की अनुपलब्धता के कारण रिपोर्ट की गई रिक्तियों की संख्या से थोड़ी कम हो सकती है। सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों का होना और भरना एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही सभी मंत्रालयों और विभागों को खाली पड़े पदों को भरने के लिए समय पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

## बीपीएससी 67वीं मुख्य परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि आगे बढ़ी

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने 67वीं संयुक्त प्रतियोगी मुख्य परीक्षा 2022 के लिए आवेदन की समय-सीमा को आगे बढ़ा दिया है। योग्य उम्मीदवार अब विलंब शुल्क का भुगतान करके 10 दिसंबर, 2022 तक आधिकारिक वेबसाइट पर रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। अनारक्षित वर्ग के आवेदकों को 1500 रुपये (750 आवेदन शुल्क + 750 विलंब शुल्क) का शुल्क देना होगा, जबकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 400 रुपये (200 आवेदन शुल्क+200 विलंब शुल्क) लागू है। इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि छह दिसंबर, 2022 थी।

## कॉलेजियम पर किसी तरह की टिप्पणी ठीक नहीं

## सरकार पर एससी के सख्त बोल

**नयी दिल्ली।** जजों की नियुक्ति के लिए निर्धारित कॉलेजियम सिस्टम को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट में तनातनी बनी हुई है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि जजों की नियुक्ति का कॉलेजियम सिस्टम देश का कानून है। इसके खिलाफ टिप्पणी ठीक नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उसके द्वारा घोषित कोई भी कानून सभी के लिए बाध्यकारी है और कॉलेजियम प्रणाली का पालन किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट अदालतों में जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम द्वारा भेजे गए नामों को मंजूरी देने में केंद्र की ओर से की जा रही देरी से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी। जस्टिस एस के कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से सरकार को इस बारे में सलाह देने के लिए कहा। बेंच में जस्टिस ए एस ओका और विक्रम नाथ भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह उम्मीद है कि अटॉर्नी जनरल सरकार को सलाह देंगे ताकि शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित कानूनी सिद्धांतों का पालन किया जा सके। कॉलेजियम प्रणाली सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच एक विवाद का कारण बन गई है। जजों द्वारा जजों की नियुक्ति के तंत्र को विभिन्न हलकों से आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने 25 नवंबर को नया हमला करते हुए कहा था कि कॉलेजियम प्रणाली संविधान के लिए 'एलियन' है। उन्होंने कॉलेजियम सिस्टम को अपारदर्शी बताया था।

## दोबारा केवाईसी करवाने के लिए बैंक जाने की जरूरत नहीं

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने साफ कर दिया है कि रीकेवाईसी (दोबारा केवाईसी) कराने के लिए अब ग्राहक को बार-बार बैंक जाने की जरूरत नहीं हैं। आरबीआई गवर्नर ने कहा है रीकेवाईसी आप ऑनलाइन घर बैठे ही कर सकते हैं, इसके लिए ब्रांच जाने की जरूरत नहीं है। आरबीआई गवर्नर के निर्देश पर एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सौरभ सिन्हा ने साफ किया कि ब्रांच जाने की जरूरत नहीं है अगर आप अपना रीकेवाईसी करवा रहे हैं। उन्होंने कहा अगर आपका कोई भी केवाईसी डिटेल उसमें कोई भी बदलाव नहीं आया है। तो आप एक सिंपली एक ईमेल भेज दें या अपने रजिटर्ड मोबाइल से बैंक को मैसेज भेज दें तो आपका रीकेवाईसी हो जाएगा।

## सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण बनेंगी लेडी सिंघम



रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में दीपिका पादुकोण लेडी सिंघम होंगी। फिल्म 'सर्कस' के सॉन्ग 'करंट लगा रे' के लॉन्च इवेंट में डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने इस बात का ऐलान किया है कि उन्होंने अपने कॉप यूनिवर्स के लिए लेडी सिंघम का चुनाव कर लिया है और दीपिका उनकी अपकमिंग फिल्म में यह रोल प्ले करती नजर आएंगी। रोहित शेट्टी ने यह भी कहा कि इस फिल्म में दीपिका पादुकोण के साथ रणवीर सिंह भी नजर आएंगे। रोहित शेट्टी ने कहा- हर बार एक ही सवाल पूछा जाता है मुझसे कि लेडी सिंघम कब आएगी? रोहित ने इसके बाद पास में खड़ीं दीपिका की तरफ इशारा करते हुए कहा- सिंघम अगेन में लेडी सिंघम आएगी।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E. Delhi, Affiliation No. 3430175
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800




## जर्मनी से लेकर स्पेन तक, इस विश्व कप में कई टीमें हुईं उलटफेर की शिकार, तीन पूर्व चैंपियन भी बाहर

एजेंसी

**दोहा।** कतर में चल रहे फुटबॉल विश्व कप में प्री-क्वार्टर फाइनल के मुकाबले हो गए हैं। अर्जेंटीना, नीदरलैंड, क्रोएशिया, ब्राजील, फ्रांस, इंग्लैंड, मोरक्को और पुर्तगाल की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। वहीं, कुछ बड़ी टीमों को हार का सामना करना भी पड़ा है। तीन पूर्व विश्व चैंपियन अब तक टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। चार बार की चैंपियन जर्मनी, दो बार की विजेता उरुग्वे और एक बार की चैंपियन स्पेन का सपना टूट चुका है। इस विश्व कप को उलटफेरों का विश्व कप का कहा जा रहा है।



**सऊदी अरब ने अर्जेंटीना को चौंकाया :** इस विश्व का पहला उलटफेर सऊदी अरब ने किया। उसने खिताब की दावेदार अर्जेंटीना को ग्रुप-सी में 2-1 से हरा दिया। पहले हाफ में लियोनल मेसी के गोल की बदौलत अर्जेंटीना की 1-0 से आगे थी। सऊदी ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी की और मैच को जीत लिया।

**जापान ने जर्मनी को हराया**

चार बार की चैंपियन टीम जर्मनी 2018 विश्व कप में पहले दौर में बाहर हो गई थी। उसके ऊपर बेहतर शुरूआत करने का दबाव था। जर्मनी का ग्रुप-ई में पहला मुकाबला जापान से हुआ। जापान ने उसे चौंकाते हुए 2-1 से शानदार जीत हासिल की। जर्मनी की टीम पहले हाफ में 1-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में रित्सु दोआन और तकुमा असानो ने गोल कर जर्मनी को हैरान कर दिया।

**बेल्जियम को मोरक्को ने किया हैरान :** मोरक्को की टीम ने बेल्जियम को हराकर इस विश्व कप का तीसरा बड़ा उलटफेर किया। मोरक्को ने बेल्जियम को 2-0 से हराकर इस विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। यह विश्व कप इतिहास में मोरक्को की तीसरी जीत है। उसे पिछली जीत 1998 में मिली थी। बेल्जियम की यह पहली हार थी, लेकिन उसके राह मुश्किल हो गई थी।

**जापान ने किया दूसरा उलटफेर**

जापान ने विश्वकप के ग्रुप ई में स्पेन को 2-1 से हराकर अंतिम-16 टीमों के नॉकआउट दौर में प्रवेश कर लिया। उसने स्पेन को हराकर बड़ा उलटफेर किया।

**कैमरून ने ब्राजील को चौंकाया**

ग्रुप-जी के आखिरी मुकाबले में कैमरून ने बड़ा उलटफेर किया। उसने दुनिया की नंबर एक टीम और पांच बार की चैंपियन ब्राजील को हरा दिया। हालांकि, इस जीत के बावजूद कैमरून की टीम नॉकआउट में नहीं पहुंच सकी।

**मोरक्को ने स्पेन को टूर्नामेंट से किया बाहर :** ग्रुप दौर में बेल्जियम को हराकर उलटफेर करने वाली मोरक्को की टीम ने नॉकआउट में भी एक बड़ा उलटफेर किया।

उसने स्पेन को प्री-क्वार्टर फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हरा दिया।

## श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शेड्यूल जारी



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने श्रीलंका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन घरेलू सीरीज के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। भारतीय टीम जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ तीन-तीन मैचों की टी20 और वनडे सीरीज खेलेगी। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ भी टीम जनवरी-फरवरी में तीन मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया भी फरवरी-मार्च में भारत का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। फिर दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेली जाएगी। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टेस्ट असाइनमेंट खत्म करने के बाद अगले तीन महीने तक भारतीय टीम अपने घर में खेलेगी। इसकी शुरूआत जनवरी में श्रीलंका के दौरे से होगी। अगले साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप को देखते हुए यह तीनों सीरीज काफी महत्वपूर्ण है। श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया पहले टी20 सीरीज खेलेगी। उसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं-

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar – II | ₹ 100 | English Grammar – II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !